3 | राजधानी
दिल्ली में लॉकडाउन नहीं लगेगा

6 | अभिमत
चुनावी वादों की भरमार

11 | विदेश
अदालत ने सू ची की सजा चार साल और बढ़ाई

12 | विविध
नाटक आप सभी की जरूरत

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 66
नई दिल्ली, मंगलवार, 11 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



अहमदाबाद आईपीएल टीम के कप्तान बनेंगे हार्दिक

स्पोर्ट्स-10

# महामारी के खिलाफ जंग में मजबूती से उतरें राज्य

- राज्यों के साथ बैठक में स्वास्थ्य मंत्री मांडविया का निर्देश, किसी भी स्तर पर न हो कोई चूक
- सोमवार को आए 1,79,723 नए मामले, 146 लोगों की मौत, आज आ सकते हैं दो लाख केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में कोरोना महामारी की तीसरी लहर लगातार बढ़ रही है। सोमवार को एक दिन में कोरोना वायरस के 1,79,723 नए मामले आए और 146 लोगों की मौत हुई। अन्य दिनों के मुकाबले कई राज्यों में केस कम आए हैं, लेकिन यह वीकएंड पर कम टेस्टिंग के कारण है। हालात की समीक्षा के लिए स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने अधिक प्रभावित राज्यों के साथ बैठक की और निर्देश दिया कि महामारी के खिलाफ जंग में पूरी मजबूती के साथ उतरें।

स्वास्थ्य का बुनियादी ढांचा सुदृढ़ करें और किसी भी स्तर पर चूक न रहे, इसका पूरा ख्याल रखें। देश में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 3,57,07,727 पर पहुंच गई है, जिनमें से अभी तक 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश से आए ओमीक्रोन वैरिएंट के 4,033 मामले भी शामिल हैं। मांडविया ने महामारी के निर्बाध प्रबंधन के लिए केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच समग्र तालमेल बनाए रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत कोविड-19 आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी पैकेज- चरण- दो एक केंद्र प्रायोजित योजना है जो देश भर में चल रही महामारी से उत्पन्न खतरे को रोकने, पता लगाने और इसको लेकर प्रतिक्रिया तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया और तैयारियों के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए है।

महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, गोवा, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव के स्वास्थ्य मंत्रियों, शीर्ष अधिकारियों और सूचना आयुक्तों के साथ बातचीत करते हुए मंडाविया ने कहा कि जब हम वैश्विक महामारी में बढ़ोतरी से मुकाबला कर रहे हैं तो हमारी तैयारियों में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। डिजिटल संवाद के दौरान, उन्होंने इन राज्यों में कोविड-19 को नियंत्रित करने और प्रबंधित करने के साथ-साथ टीकाकरण अभियान की प्रगति के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा की। स्वास्थ्य मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि मांडविया ने राज्यों से भौतिक बुनियादी ढांचे के मामले में मजबूत तैयारी करने और ईसीआरपी-दो के तहत स्वीकृत धन का कुशलतापूर्वक उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों से ईसीआरपी-दो के तहत भौतिक गतिविधियों के कार्यान्वयन की समीक्षा करने का अनुरोध किया। यह भी सुझाव दिया गया था कि पोर्टल पर राज्यों द्वारा बिस्तर, पीएसए संयंत्र, ऑक्सीजन ( शेष पेज 9 )

## नौ लाख से अधिक लोगों को लगी बूस्टर डोज



लखनऊ में सोमवार को एक बुजुर्ग को कोरोनारोधी टीका लगाती चिकित्साकर्मी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पहले** ही दिन कोरोना टीकाकरण की तीसरी खुराक ने तेज रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार देश में नौ लाख लोगों से अधिक लोगों को कोरोना की बूस्टर डोज लगाई गई। कोरोना टीकाकरण की तीसरे डोज को प्रीकोशन (एहतियात) नाम दिया गया है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए तीसरी बूस्टर डोज देने का सोमवार को आगाज हो गया।

तीसरा टीका 60 वर्ष से अधिक बुजुर्गों और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े फ्रंटलाइन वर्कर्स को लगाया जा रहा है। प्रधानमंत्री के ऐलान के बाद सोमवार हो शुरू हुए बूस्टर टीके के लिए करीब नौ लाख लोगों को वैक्सीन दी गई। वहीं पूरे दिन के टीकाकरण अभियान की बातें करें तो 82 लाख को टीके लगाया गया। देश में इसके साथ ही 152.78 करोड़ डोज लगाई जा चुकी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार कोविन ऐप पर तीसरी डोज के पात्र लोगों को नए पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है। पोर्टल से लाभार्थियों को एहतियात खुराक पाने के लिए एक करोड़ रिमाइंडर ( शेष पेज 9 )

## राजनाथ, नड्डा, नीतीश भी कोरोना संक्रमित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, नई दिल्ली

**प्रदेश** में कोरोना का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। देश के रक्षामंत्री व लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। हालांकि उन्हें माइल्ड कोरोना है और वह होम आइसोलेशन में है। उन्होंने अपने सम्पर्क में आने वालों से जांच कराने के साथ ही सतर्क रहने को कहा है। उधर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को कहा कि उनकी जांच में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है। नड्डा ने ट्वीट किया, शुरुआती लक्षण दिखने पर मैंने अपनी कोविड जांच करवाई। मेरी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अभी मैं स्वस्थ महसूस कर रहा हूँ। डॉक्टर की सलाह पर मैं पृथक-वास में हूं। उधर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कोरोना जांच में संक्रमित पाए गए हैं और वह अपने घर में पृथक-वास में चले गए है।

# उप्र में सरकारी-निजी क्षेत्र के कार्यालयों में 50 प्रतिशत स्टाफ संग होगा काम

- कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य सरकार का बड़ा फैसला
- नोडल अधिकारियों को उनके संबंधित जनपदों में तीन दिवसीय प्रवास पर भेजने के निर्देश



लखनऊ में सोमवार को कोविड कमांड सेंटर का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण के लगातार बढ़ रहे मामलों को देखते हुये राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी शासकीय तथा निजी कार्यालयों में (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) एक समय में पचास फीसदी कार्मिकों की भौतिक उपस्थिति की व्यवस्था लागू करने का फैसला लिया है। सीएम ने कहा है कि जरूरत के अनुरूप वर्क फ्रॉम होम संस्कृति को प्रोत्साहित किया जाए। निजी क्षेत्र के कार्यालयों में सेवारत कोई कर्मचारी यदि कोविड पॉजिटिव होता है तो उसे भी न्यूनतम 7 दिनों का वेतन सहित अवकाश देने के निर्देश सीएम ने दिये है।

इसके साथ ही सभी कार्यालयों में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना अनिवार्य रूप से हो। बिना स्क्रीनिंग किसी को प्रवेश न दें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश में कोविड.19 की स्थिति की समीक्षा करते हुए हर जिले के नोडल अधिकारियों को उनके सम्बंधित जनपदों में तीन दिवसीय प्रवास पर भेजने के आदेश भी दिए हैं। ये नोडल अधिकारी जिलों में कोविड ट्रेसिंग, टेस्टिंग, टीकाकरण, अस्पतालों की व्यवस्था, गौशालाओं के प्रबंधन, रैन बसेरों के इंतजाम का निरीक्षण करेंगे। इन सभी व्यवस्थाओं में कोई भी कमी होने पर तत्काल प्रभाव से व्यवस्थाओं को दुरुस्त भी करेंगे। सीएम ने कहा है कि जिलों में इंटीग्रेटेड कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को चौबीस घंटे एक्टिव रखा जाए। पहले की तरह आईसीसीसी में विशेषज्ञ चिकित्सकों के पैनल की मौजूदगी में वहां नियमित बैठक का आयोजन किया जाए। प्रदेशवासियों को टेलीकन्सल्टेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। आईसीसीसी हेल्पनंबर सार्वजनिक कर इसके प्रचार प्रसार पर भी जोर देने के आदेश सीएम ने दिए हैं। वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि यह वैरिएंट पूर्व के वैरिएंट्स की तुलना में बहुत कम नुकसानदेह है।

वैक्सीन कवर ले चुके स्वस्थ सामान्य व्यक्ति के लिए यह बड़ा खतरा नहीं है। कोरोना प्रोटोकॉल का हर हाल में अनुपालन जरूरी है। घबराने की नहींए सावधानी और सतर्कता की जरूरत है। सीएम ने कहा कि सरकारी और निजी क्षेत्र के सभी अस्पतालों में ओपीडी मरीजों के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट को प्रोत्साहित किया जाए। विशेष परिस्थिति में ही लोग मरीज अस्पताल आएं। मरीजों के लिए टेलिकन्सल्टेशन की सुविधा का विकल्प ( शेष पेज 9 )

# यूपी में कांग्रेस को झटका, इमरान मसूद सपा में होंगे शामिल

**भाषा।** सहारनपुर

**उत्तर** प्रदेश में कांग्रेस के तेज तर्रार नेता और अपने बयानों के कारण हमेशा सुर्खियों में रहने वाले पूर्व विधायक इमरान मसूद ने सोमवार को अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। इस बीच आचार संहिता एवं कोविड दिशा निर्देश के उल्लंघन के मामले में मसूद और अन्य लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं के अधीन मामला दर्ज किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सचिव और दिल्ली के प्रभारी इमरान मसूद ने अपने निवास पर समर्थकों के साथ विचार विमर्श के बाद समाजवादी पार्टी को मजबूत करने की घोषणा की।

मसूद की यह घोषणा कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है क्योंकि वह पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी के करीबी थे। इस घोषणा के बाद पीटीआई-भाषा से बातचीत करते हुए



मसूद ने कहा, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। अब अखिलेश यादव के नेतृत्व में नौजवानों, किसानों, व्यापारियों और महिलाओं को सुरक्षा देने वाली सरकार बनेगी।

वर्तमान भाजपा सरकार हिन्दू-मुस्लिम एकता की दुश्मन है। उन्होंने जोर देकर कहा कि परिस्थिति ऐसी है कि उत्तर प्रदेश को आज अखिलेश यादव जैसे नेतृत्व की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वह बिना शर्त समाजवादी पार्टी मे शामिल हो रहे हैं और उन्होंने हमेशा सिद्धांत की राजनीति की है। इस बीच पुलिस ने मसूद के खिलाफ आचार सहिता ओर कोविड-19 के उल्लंघन को लेकर संबंधित धाराओं ( शेष पेज 9 )

## अभिनेता सोनू सूद की बहन कांग्रेस में शामिल

**चंडीगढ़( भाषा )।** अभिनेता और समाजसेवी सोनू सूद की बहन मालविका सूद सोमवार को यहां कांग्रेस में शामिल हुईं। इस मौके पर कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि 14 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यह एक महत्वपूर्ण घटना है। मालविका ने पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और सिद्धू की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ली। सिद्धू ने कहा, यह बहुत दुर्लभ है कि पार्टी प्रमुख और मुख्यमंत्री दोनों किसी के घर यह सम्मान देने गए, वह इसकी हकदार हैं। मालविका ( शेष पेज 9 )

# पीएम की सुरक्षा में चूक की जांच सुप्रीम कोर्ट का पैनल करेगा

- अदालत ने पंजाब और केंद्र की अलग-अलग जांच पर लगाई रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** और पंजाब सरकार में तनातनी के बीच सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक का मामला अपने हाथ में ले लिया। केंद्र और राज्य सरकार की समितियों द्वारा की जा रही समानांतर जांच पर रोक लगाते हुए सर्वोच्च अदालत ने कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा उल्लंघन मामले की जांच के लिए अपने पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति गठित करेगा।

भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना ने प्रस्तावित आदेश के व्यापक मानकों पर इशारा करते हुए कहा कि चंडीगढ़ के डीजीपी (पुलिस महानिदेशक), एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) के महानिरीक्षक, रजिस्ट्रार जनरल और पंजाब से एक और व्यक्ति इस समिति में सदस्य के तौर पर जुड़ेंगे। वह अतिरिक्त डीजीपी (सुरक्षा) हो सकते हैं। इस बात पर जोर देते हुए कि शीर्ष अदालत प्रधानमंत्री की सुरक्षा के महत्व को कम नहीं कर रही है और इसे पूरी गंभीरता से ले रही है। सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा निर्धारित पैनल द्वारा अलग-अलग जांच को रोका जाएगा। इस पीठ में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस हेमा कोहली भी शामिल हैं।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जब जांच की समय-सीमा की ओर इशारा किया तो पीठ ने कहा कि वह इस पहलू को ध्यान में रखेगी। शीर्ष अदालत एक संगठन की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ वकील मनिदर सिंह ने किया। इसमें पंजाब में पीएम मोदी की सुरक्षा में सेंध लगाने की गहन जांच की मांग की गई थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य में ऐसी कोई घटना न हो। सुप्रीम कोर्ट ( शेष पेज 9 )

## गृह मंत्रालय ने सीएए के तहत नियम बनाने को और समय मांगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने संसदीय समितियों से संपर्क करके संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के तहत नियम बनाने के लिए और समय का अनुरोध किया है। सीएए के माध्यम से मोदी सरकार बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए गैर-मुस्लिमों को भारतीय नागरिकता देना चाहती है। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। संशोधित नागरिकता अधिनियम 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था और अगले दिन राष्ट्रपति की मंजूरी प्राप्त हुई थी। इसके बाद गृह मंत्रालय ने इसे अधिसूचित किया था। हालांकि, कानून अभी लागू होना बाकी है क्योंकि सीएए के तहत नियम अभी बनाए जाने बाकी हैं। संसदीय कार्य संबंधी नियमावली के अनुसार, किसी भी कानून के लिए नियम राष्ट्रपति की सहमति के छह महीने के भीतर तैयार किए जाने चाहिए या फिर लोकसभा और राज्यसभा की अधीनस्थ विधान संबंधी समितियों से विस्तार का ( शेष पेज 9 )

# सुप्रीम कोर्ट 'धर्म संसद' में घृणित भाषणों के खिलाफ सुनवाई करेगा

- याचिकाकर्ताओं ने कहा- एफआईआर के बावजूद नहीं हुई आरोपियों की गिरफ्तारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट उत्तराखंड के हरिद्वार में हाल में हुई 'धर्म संसद' और राष्ट्रीय राजधानी में हुए एक अन्य कार्यक्रम के दौरान कथित घृणा भाषणों के खिलाफ सुनवाई करेगा। इस संबंध में जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश देने के लिए जनहित याचिका दाखिल की गई थी। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की उन दलीलों पर गौर किया कि घृणा भाषण देने वालों के खिलाफ उत्तराखंड पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

सिब्बल ने कहा कि हरिद्वार में 17 और 19 दिसंबर को धर्म संसद में जो हुआ, उस संबंध में मैंने यह जनहित याचिका दाखिल की है। हम मुश्किल दौर में जी रहे हैं, जहां देश में 'सत्यमेव जयते' का नारा बदलकर 'शस्त्रमेव जयते' हो गया है। सीजेआई ने कहा कि ठीक है, हम मामले पर सुनवाई करेंगे। अदालत ने पूछा कि क्या इस संबंध में कोई जांच चल रही है। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज की गई है, लेकिन कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है। उन्होंने साथ कहा कि इस अदालत के हस्तक्षेप के बिना कोई कार्रवाई संभव नहीं लगती।

यह याचिका पत्रकार कुर्बान अली और पटना उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश व वरिष्ठ अधिवक्ता अंजना प्रकाश ने दाखिल की है और मुस्लिम समुदाय के खिलाफ घृणा भाषण की घटना की एसआईटी से स्वतंत्र, विश्वसनीय और निष्पक्ष जांच कराने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में विशेष तौर पर 17 और 19 दिसंबर 2021 को हरिद्वार और ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,395 | ↑ | 650 | |
| निफ्टी | 18,003 | ↑ | 190 | |
| सोना | 46,448 | ↓ | 54 | /10g |
| चांदी | 59,217 | ↓ | 178 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में रविवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने कुलगाम जिले के हसनपुरा गांव में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। तलाश अभियान के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चला दीं, जिसके बाद बल ने भी जवाबी गोलीबारी की और मुठभेड़ शुरू हो गई। प्रवक्ता ने बताया कि मुठभेड़ मे दो आतंकवादी मारे गए। उनकी पहचान का पता लगाया जा रहा है। यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि उनका संबंध किस संगठन से था। मुठभेड़ स्थल से हथियार और गोला-बारूद समेत अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है।

# आतंकी साजिश मामले में एनआईए ने आरोपपत्र दाखिल किया

**भाषा।** कोलकाता

**अभिकरण** (एनआईए) ने प्रतिबंधित जमात-उल-मुजाहिदीन (जेएमबी) के चार बांग्लादेशी एवं एक भारतीय सदस्य के खिलाफ मुस्लिम युवाओं को कथित रूप से कट्टरपंथ का पाठ पढ़ाने एवं जेएमबी एक्यूआईएस (भारतीय उपमहाद्वीप में अलकायदा) में भर्ती करने को लेकर आरोपत्र दाखिल किया है।

एक अधिकारी ने सोमवर को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस आरोपपत्र में पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना के लालू सेन के साथ-साथ नाजी-उर-रहमान पवेल, मिकाइल खान, रबी-उल-इस्लाम और मोहम्मद अब्दुल मनान बच्चू को नामजद किया गया है। एनआईए अधिकारी ने बताया कि इन बांग्लादेशियों पर भादंसं, अवैध गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए), विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट कानून की संबंधित धाराएं लगाई गई हैं। उनके अनुसार यह मामला तीन बांग्लादेशी नागरिकों की आपराधिक साजिश से जुड़ा है जो भारत एवं बांग्लादेश में खलीफा प्रणाली स्थापित करने के वास्ते मुस्लिम युवाओं को उकसाकर भर्ती करने एवं आतंकवादी गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए जेएमबी एक्यूआईएस के अपने साथियों के साथ देश में दाखिल हुए थे।

एनआईए अधिकारी ने बताया कि ए चारों बांग्लादेशी एवं भारतीय आरोपी भारत में जेएमबीएक्यूआईएस टोली (मॉड्यूल) स्थापित करने तथा अपनी विचारधारा के प्रसार एवं आतंकी गतिविधियों की साजिश रचने में सक्रिय रूप से शामिल थे। अभिकरण का कहना है कि आरोपियों को हवाला के मार्फत बांग्लादेश से पैसा मिला ( शेष पेज 9 )

## सपा नेता की हत्या के आरोप में पूर्व सांसद रिजवान जहीर समेत छह गिरफ्तार

**भाषा।** बलरामपुर

**बलरामपुर** जिले के तुलसीपुर में समाजवादी पार्टी के नेता और नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष फिरोज खां की हत्या के आरोप में पूर्व सांसद रिजवान जहीर और उनकी बेटी एवं दामाद समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक हेमन्त कुटियाल ने सोमवार को बताया कि तुलसीपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष 2398ीरोज खां पप्पू की गत चार जनवरी की रात गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में बलरामपुर के पूर्व सांसद रिजवान जहीर, उनकी बेटी जेबा और दामाद रमीज समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।उन्होंने बताया कि पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किए गए चाकू, लोहे की छड़ और एक पिस्तौल भी बरामद की है। कुटियाल ने बताया कि हत्या के पीछे राजनीतिक कटुता प्रमुख कारण थी। बताया ( शेष पेज 9 )

# राजधानी में 50,000 ऑक्सीजन बेड की हो रही व्यवस्था

- कोविड की तीसरी लहर से निपटने की युद्धस्तर पर तैयारी, दूसरी लहर में हुई थी परेशानी
- अस्पतालों में वर्तमान में 16,180 ऑक्सीजन बेड के अलावा 3,619 आईसीयू बिस्तर मौजूद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली में कोरोना महामारी की तीसरी लहर तेजी से पैर पसार रही है। हर रोज केस बढ़ रहे हैं। सोमवार को संक्रमण के 19166 केस आए हैं और 17 लोगों की मौत हुई। पिछले दस दिन में लगभग 70 लोगों की जान जा चुकी है। दूसरी लहर में



राजधानी दिल्ली में एक कोविड अस्पताल में तैयार रखे आक्सीजन के सिलेंडर

बिगड़े हालात के मद्देनजर सरकार अभी से तैयारी में जुट गई है। आप सरकार ने ऑक्सीजन बेड की उपलब्धता पर जोर दे रही है।

इसके लिए अभी 50,000 ऑक्सीजन उपलब्धता वाले बिस्तरों के साथ ही 12,059 आईसीयू बिस्तर स्थापित करने की योजना बनाई गई है। दिल्ली के अस्पतालों में वर्तमान में 16,180 ऑक्सीजन बेड के अलावा 3,619 आईसीयू बिस्तर हैं। योजना के मुताबिक, पहले चरण में ऑक्सीजन उपलब्धता वाले बिस्तरों की संख्या बढ़ाकर 28,645, दूसरे चरण में 37,000 और तीसरे चरण में इसे बढ़ाकर 50,000 बिस्तर किया जाएगा। वहीं, पहले चरण में आईसीयू बिस्तरों की संख्या बढ़ाकर 8,041, दूसरे चरण में 10,594 और तीसरे चरण में 12,059 किए जाने का लक्ष्य है। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में सोमवार को अधिकारियों ने कहा कि शहर में दैनिक मामलों की संख्या बढ़कर एक लाख तक पहुंचने के बुरे हालात में 28,000 ऑक्सीजन उपलब्धता वाले बिस्तरों जबकि 18,000 आईसीयू बिस्तरों की आवश्यकता पड़ सकती है। साथ ही उन्होंने कहा कि 75,000 दैनिक मामलों की सूरत में 21,000 ऑक्सीजन उपलब्धता वाले बिस्तरों जबकि 13,500 आईसीयू बिस्तरों की आवश्यकता पड़ सकती है।

अभी राजधानी में लगभग 20,000 केस आ रहे हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा बनाये गए 'सूत्र' मॉडल में अनुमान लगाया गया है कि दिल्ली में 15 जनवरी के आसपास संक्रमण अपने चरम पर होगा और इस दौरान नगर में लगभग 70 हजार मामले आ सकते हैं। डीडीएमए की बैठक में रखे गए आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण के चरम पर पहुंचने की स्थिति में अस्पतालों में कुल 46,000 बिस्तरों की जरूरत ( शेष पेज 9 )

# कोरोना से निपटने को स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

## *संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए दवा की एक लाख किट होगी तैयार*

### ● निगरानी समितियां और आरआरटी भी उपलब्ध करा रहीं किट

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने शासन के निर्देश पर तैयार हो रहीं दवा की किट बनाने का लक्ष्य 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख कर दिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. भवतोष शंखधर ने कहा- अब ज्यादा संख्या में कोरोना पॉजिटिव मरीज सामने आने लगे हैं। इसलिए दवा की एक लाख किट तैयार कराई जा रही हैं।

जांच में पॉजिटिव आने वालों और उनके संपर्क में आने वालों को दवा की किट उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि दवा की किट निगरानी समितियों, रेपिड रेस्पांस टीम (आरआरटी) और जांच केंद्रों के अलावा जनपद के सभी सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध कराई गई हैं ताकि समय रहते उपचार शुरू किया जा सके।

उन्होंने बताया कि दूसरी लहर के दौरान दवा की किटों का वितरण कराने से कोरोना की चेन तोड़ने में काफी मदद मिली थी। सीएमओ ने बताया कि किट के साथ एक पर्चा भी रखा जा रहा है। पर्चे में किट में उपलब्ध कराई गई दवाओं की सूची के साथ उन्हें खाने का तरीका भी बताया गया है। पर्चे में बताया गया है कि कौन सी गोली दिन में कितनी बार और कितने दिनों तक लेनी है। दवा की किट पॉजिटिव के साथ उसके संपर्क में आने वालों को भी दी जा रही है।

सीएमओ ने कहा कि कोविड के मामले बढ़ रहे हैं, ऐसे में जरूरी है कि पूरी सावधानी बरतें। अच्छी तरह मॉस्क लगाने के बाद ही घर से निकलें। इसके अलावा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से परहेज करें और बीच-बीच में साबुन-पानी अथवा सेनेटाइजर से हाथों की सफाई करते रहें। कोविड से बचाव के लिए कड़ाई के साथ कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें। जब तक बहुत जरूरी न हो, घर से बाहर न निकलें। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाए रखने के लिए घर का बना हुआ पौष्टिक और संतुलित भोजन करें। पीने के लिए गर्म पानी का ही इस्तेमाल करें। ठंडा खाने से बचें। बाहर से लौटने पर हाथों को अच्छी तरह से 20 सेकंड तक साबुन-पानी से धोएं।



सीएमओ कार्यालय स्थित ड्रग स्टोर में दवा की किट तैयार करते कर्मचारी।

## इमारत की तीसरी मंजिल से गिरकर युवती की मौत

**नोएडा।** जनपद में एक 28 साल की युवती की संदिग्ध अवस्था में तीसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना नोएडा के सेक्टर-113 थाना क्षेत्र स्थित सर्फाबाद गांव की है।

गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि अनामिका नाम की 28 वर्षीय युवती नोएडा के सर्फाबाद गांव में अपने चाचा के साथ रहती थी। अनामिका मूलरूप से लखीमपुर खीरी की निवासी थी। बीती रात को अनामिका अपने घर के तीसरी मंजिल से संदिग्ध अवस्था में नीचे गिर गई। गंभीर हालत में उन्हें उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गयाए जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मीडिया प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि मृतका मानसिक रूप से बीमार थी। जिसका इलाज बरेली जनपद में चल रहा था। पुलिस को यह भी पता चला है कि मृतका के माता-पिता जीवित नहीं है।

# कारों से कीमती सामान चोरी करने वाले 5 धरे

## *पांच सौ से ज्यादा वारदात को अंजाम दे चुके हैं गिरोह के सदस्य*

### ● 65 लैपटॉप समेत लाखों का माल बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-39 थाना पुलिस ने बीती रात को एक मुठभेड़ के दौरान कारों के शीशा तोड़कर लैपटॉप और कीमती सामान चोरी करने वाले गैंग के 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली 3 बदमाशों के पैर में लगी है।

पुलिस उपायुक्त राजेश एस ने बताया कि बीते काफी दिनों से राष्ट्रीय राजधानी और नोएडा में कारों का शीशा तोड़कर लैपटॉप और कीमती सामान चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय था। बीती रात को थाना सेक्टर-39 पुलिस ने सेक्टर-94 के पास से एक मुठभेड़ के दौरान जाकिर, दिनेश और दीपक को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली तीनों बदमाशों के पैर में लगी है। डीसीपी ने बताया कि ये बदमाश ऑटो रिक्शा में सवार होकर वारदात को अंजाम देने जा रहे थे। इन बदमाशों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये लोग नेहरू प्लेस में लैपटॉप बेचने की दुकान चलाने वाले मयंक शर्मा और योगेश वर्मा को चोरी का लैपटॉप आदि बेचते थे।

पुलिस ने मयंक और योगेश को भी गिरफ्तार कर लिया है। इन बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने 65 लैपटॉप, 5 टेबलेट, 3 देसी तमंचा कारतूस कार का शीशा तोड़ने में प्रयोग होने वाली गुलेल लोहे के छर्रे पेचकस खाली बैग 6,090 रूपए नगद और घटना में प्रयोग होने वाला ऑटो रिक्शा बरामद किया है। इन बदमाशों ने एनसीआर में कारों का शीशा तोड़कर चोरी करने की 500 से ज्यादा वारदातें करना स्वीकार की है। गिरफ्तार बदमाशों में दीपक चौहान पर पूर्व में एनसीआर में चोरी आदि के 93 मुकदमे दर्ज हैं।



गिरफ्तार गिरोह के सदस्यों के बारे में जानकारी देते डीसीपी राजेश एस।

# पत्नी को होटल बुलाकर पति ने चाकुओं से गोदा, फरार

### ● पिछले दो-तीन साल से दंपति की आपस में चल रही थी अनबन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

खोड़ा थाना इलाके में सोमवार को एक युवक ने अपनी पत्नी की होटल में चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि खोड़ा पुलिस को सूचना मिली की यहां एलेक्स होटल के एक कमरे के बाथरूम में एक युवती की लाश पड़ी हुई है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की तो पता चला कि दिल्ली निवासी एक शख्स अर्जुन पिछले 2 दिन से इस होटल में रह रहा था और उसकी पत्नी प्रियंका से दो-तीन साल से अनबन चल रही थी।

उन्होंने बताया कि होटल एएलएक्स के कमरा नंबर-107 के बाथरूम में दिल्ली के बुराड़ी निवाड़ी प्रियंका (27) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। प्रियंका की बहन चंचल का आरोप है कि हापुड़ के गढ़ निवासी अर्जुन से प्रियंका की शादी ढाई साल पूर्व हुई थी। तभी से ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर प्रियंका से मारपीट करते थे।

पुलिस ने बताया कि पिछले छह महीने से मृतका प्रियंका अपनी बहन के साथ दिल्ली के बुराड़ी स्थित इलाके में ही रह रही थी।

## बसपा के पूर्व मंडल कॉर्डिनेटर समेत कई ने थामा सपा का दामन

**गाजियाबाद।** बसपा के कई नेताओं ने सोमवार को समाजवादी पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाजी राशिद मालिक व महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी के समक्ष उन्होंने घोषणा की।

इस अवसर पर राहुल चौधरी ने कहा कि आज प्रदेश की जनता पिछली सपा सरकार में हुए कामों के आधार पर अखिलेश यादव की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से बेरोजगारी, महंगाई बढ़ रही है और रोजगार घट रहे हैं इससे जनता में नाराजगी है और जनता ने मन बना लिया है कि 2022 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी।

# बच्चियों को अगवा कर शादी करवाने वाले छह गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के एक गांव से एक 12 साल की लड़की कुछ दिनों पहले लापता हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की लड़की की तलाश के लिए पुलिस ने कई टीमें गठित की।

बादलपुर थाना पुलिस ने एक ऐसे गैंग का पर्दाफ़ाश किया है जो बच्चियों को बहला-फु सलाकर अपहरण करके ले जाता था और कुछ रुपए के चक्कर में उसको बेच देता था। पुलिस ने इस गैंग के 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें से 3 महिलाएं शामिल हैं। इन तीन महिलाओं में एक 23 साल की युवती भी है।

ग्रेनो डीसीपी अमित कुमार ने बताया कि बीते 26 दिसंबर को बादलपुर कोतवाली में एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी 12 साल की बेटी घर के बाहर खेलते हुए लापता हो गई। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की। डीसीपी ने बताया कि लड़की की तलाश करते हुए पुलिस ने रविवार को 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान 54 वर्षीय जसवीर 23 वर्षीय गुडिया उर्फ नाजरीन 24 वर्षीय पूजा और 35 वर्षीय किरन है।

## केंद्रीय मंत्री पांडे को अस्पताल से मिली छुट्टी

**गाजियाबाद।** यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अनुज अग्रवाल ने बताया कि केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय की कोविड-19 की आर टी पी सी आर रिपोर्ट अब नेगेटिव आ गयी है और उनकी सेहत में सुधार हो रहा है और आज उन्हें हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गयी है ।

बता दें कि 3 जनवरी को तड़के 2:30 पर उन्हें यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशांबी के इमरजेंसी में लाया गया था और उनकी आरटी पीसीआर टेस्ट की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी थी। डॉक्टरों की टीम ने कोविड प्रोटोकॉल के तहत उनका इलाज व सघन निगरानी की जिससे वह स्वस्थ महसूस कर रहे हैं।

# अवैध शराब को लेकर झुग्गियों में दबिश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह एवं जिला अधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में जनपद गौतमबुद्धनगर में अवैध शराब के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतमबुद्धनगर राकेश बहादुर सिंह के द्वारा गठित टीम के सदस्य आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 रवि जायसवाल द्वारा सेक्टर 51 की झुग्गियों में दबिश दी गयी व सेक्टर 51 सेक्टर 50 स्थित दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया।

इसी प्रकार बलराम सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 द्वारा फेज टू, नगला चरणदास, ककराला, भंगेल एमलकपुर में शराब की दुकानों की चेकिंग की गई व गुप्त रूप से दुकानों पर खरीदारी और ग्राहकों से निर्धारित मूल्य पर शराब बिक्री और खरीदने के बारे में पूछताछ की गई तथा आबकारी निरीक्षक राहुल सिंह क्षेत्र 7 गौतमबुद्धनगर की टीम ने ईस्टर्न पेरिफेरल के बील अकबरपुर दादरी कट पर हरियाणा की तरफ से आने वाले संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की साथ ही सैनी सुनपुरा, आमका मोड दादरी नई आबादी दादरी बढ़पुरा देशी विदेशी और बियर दुकानों पर गुप्त रूप से टेस्ट परचेज करवाया व दुकानों पर संचित स्टॉक के बारकोड का परीक्षण किया किया।

जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार




चैलेंजर्स ग्रुप द्वारा चलाए जा रहे वैक्सीन लगवाओं इनाम पाओ अभियान के तहत हाथों में पोस्टर लिए खड़े बच्चे।

### चैलेंजर्स ग्रुप ने चलाया वैक्सीन लगवाओ अभियान

**नोएडा।** भारत सरकार द्वारा प्राप्त गाइडलाइंस के तहत 15 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों के लिए कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु टीकाकरण अभियान शुरू हो गया है। इसी को देखते हुए सामाजिक संस्था चैलेंजर्स ग्रुप ने शहर में वैक्सीन लगवाओ ईनाम पाओ जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत संस्था प्रथम उन 500 बच्चों को पुरस्कृत करेगी जिन्होंने अपना वैक्सीनेशन करवाया है। संस्था द्वारा जारी किए गए नंबर 8882550556 व ईमेल के जरिये बच्चे अपना वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट प्रेषित कर इस अभियान में अपना पंजीकरण 26 जनवरी से पहले भेज सकते हैं। चैलेंजर्स ग्रुप के संस्थापक प्रिंस शर्मा ने कहा कि देश में फिर से कोरोना के नए मामलों की संख्या लगातार तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में आज से इस बड़े मिशन की शुरुआत की गई है। इस मुहिम का उद्देश्य महामारी से देश को जीत दिलाना है।



अपने जन्मदिन पर बच्चों को कपड़े देते आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा।

### बच्चों को कपड़े व मिठाई बांटकर मनाया जन्मदिन

**नोएडा।** सेक्टर-34 स्थित अरावली अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने सोमवार को अपना जन्मदिन अनूठे तरीके से मनाया। जहां जन्मदिन पर अक्सर लोग अच्छे आलीशान होटलों व प्रतिष्ठानों में केक काटकर मनाते हैं वहीं धर्मेंद्र शर्मा ने चाइल्ड पीजीआई सेक्टर-30 में जाकर कोरोना काल में अपना सातवां एवं अपने जीवनकाल का 32 वां रक्तदान किया उसके पश्चात उन्होंने वंचित बच्चों के बीच पहुंचकर अपना जन्मदिन बच्चों में गर्म कपड़े बांटकर व मिठाई खिलाकर मनाया। धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि मैंने गरीब बच्चों में जन्मदिन नहीं मनाया बल्कि गरीब बच्चों के बीच पहुंचकर मुझे जो एहसास हुआ जिससे लगा कि ये बच्चे मेरे लिए ईश्वरीय रूप हैं जहां मुझे आत्मीयता की बरसात मिली जो किसी स्वर्ग से बढ़कर है और हृदय से लगाकर दुआएं मिली जो मेरे लिए अमूल्य निधि से कम नहीं फिर इन ईश्वरीय रूपी बच्चों में कौन अपना जन्मदिन नहीं मनाएगा।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री निरंजन लाल पुत्र श्री किशन लाल, श्री जय पाल पुत्र श्री अर्जुन सिंह और श्री आकाश सोनी पुत्र श्री राम अवतार ने राजस्व गांव बिंदापुर, कोलॉनी जानकी पुरी, बी ब्लॉक, 50 फीट रोड, नई दिल्ली के नाम से जाना जाता है में स्थित फ्रीहोल्ड बिल्ट-अप संपत्ति नंबर बी 191, कुल एरिया परिमाप 100 वर्ग गज में से 50 वर्ग गज है, खसरा नं. 597 का हिस्सा, नोटरी जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 17.12.2002 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्री अविनय कुमार सिंह और श्रीमती मनीषा कुमारी, ने श्री निरंजन लाल पुत्र श्री किशन लाल, श्री जय पाल पुत्र श्री अर्जुन सिंह और श्री आकाश सोनी पुत्र श्री राम अवतार से यह संपत्ति एक पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से खरीद रहे हैं, और उन्होने ऋण लेने के लिए फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से सम्पर्क किया है यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

## बसपा के संभावित प्रत्याशी पर आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज

**गाजियाबाद।** आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद उल्लंघन किये जाने के मामलों को पुलिस प्रशासन गंभीरता से ले रहा है। इसी कड़ी में लोनी विधानसभा से बसपा के संभावित प्रत्याशी हाजी आकिल व उनके समर्थकों के खिलाफ अचार संहिता का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया है। सीओ रजनीश कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसका संज्ञान लेते हुए केस दर्ज कराया गया है। वीडियो में बसपा के संभावित प्रत्याशी हाजी आकिल अपने समर्थकों के साथ सभा कर रहे हैं। सभा मे शामिल लोग कोरोना नियमों का पालन भी नहीं कर रहे हैं।

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजीव कुमार चौधरी/किरण चौधरी/ LBAGR00003453832/ LBAGR00003455522 | फ्लैट नंबर 503, 5वीं मंजिल, ग्रैंड फोर्ट, शास्त्रीपुरम, आगरा, उत्तर प्रदेश/ जनवरी 06, 2022 | सितंबर 27, 2021 ₹ 27,87,341/- | आगरा/ दिल्ली/ गाज़ियाबाद |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जनवरी 11, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजू सक्सेना/ राजीव सक्सेना/ LBNOD00000679557 | फ्लैट नंबर-यूजी-1, पहली मंजिल, प्लॉट नंबर -332, सेक्टर-4, वैशाली, गाजियाबाद/ जनवरी 06, 2022 | सितंबर 27, 2021 ₹ 3,89,478/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | दीपक राणा/मनोहर सिंह राणा/ LBNOD00001803639 | फ्लैट नंबर-122, पहली मंजिल, ब्लॉक- डी, गौर ग्रीन विस्टा-2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद/ जनवरी 06, 2022 | अक्टूबर 05, 2021 ₹ 16,95,524/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | सद्रे आलम/ निघाट आरा/ LBDEL00001363530 | प्लॉट नंबर सी-12/506, पहली मंजिल यमुना विहार दिल्ली/ 06 जनवरी, 2022 | जुलाई 06, 2021 ₹ 5,66,947/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | तरुण कुमार/ सुरभि प्रियंबाडा/ LBDEL00001967559 | फ्लैट नंबर- एच- जी03 ग्राउंड फ्लोर ग्रैंड सवाना राज नगर एक्सटेंशन एनएच- 58, गाजियाबाद गाजियाबाद/ जनवरी 06, 2022 | अक्टूबर 05, 2021 ₹ 23,39,098/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | लता/ दीपक चौधरी/ LBGUR00004931127 | प्लॉट नंबर 1/6426 प्लॉट नंबर 18, पहली और दूसरी मंजिल, रोहतास नगर सहधारा दिल्ली/जनवरी 06, 2022 | सितंबर 27, 2021 ₹ 73,82,188/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जनवरी 11, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित करना है कि भवन/फ्लैट संख्या 43, ब्लाक ए, सेक्टर-61, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) जिसके मूल आवंटी श्री/श्रीमती/कुमारी कस्तुरी देवी पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री रघुनाथ प्रसाद निवासी ए-43, सेक्टर-61, नोएडा है कि पंजीकृत मुख्तारनामा (जनरल पावर ऑफ अटार्नी) के आधार पर उक्त फ्लैट निम्नलिखित व्यक्ति को निम्न क्रमानुसार बेचा गया था:

1. श्री/श्रीमती/कु. के.के. सहगल पुत्र/पुत्री/कु. श्री कुलदीप सहगल निवासी सी-1, सेक्टर-1, नौएडा जिला गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) के पक्ष में विक्रय संविदा (एग्रीमेंट टू सेल) निष्पादित नहीं किया गया।
2. उक्त भवन/प्लॉट संख्या ए-43, सेक्टर-61, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) को श्री/श्रीमती मै. मदरसन ऑटो लि. पुत्र/पत्नी श्री अंकुर अवाना निवासी प्लॉट सी-1, सेक्टर-1, नौएडा जिला गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) के पक्ष में अंतरण आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति, समस्त साक्ष्य सहित, नौएडा प्राधिकरण के आवासीय भवन विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर दाखिल कर दें।

— के.के. सहगल

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित करना है कि भवन संख्या 120, ब्लाक सी, सेक्टर-61, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) जिसके मूल आवंटी श्री/श्रीमती/कुमारी सुनीता अरोरा पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री अशोक अरोरा निवासी सी-120, सेक्टर-61, नोएडा है कि पंजीकृत मुख्तारनामा (जनरल पावर ऑफ अटार्नी) के आधार पर उक्त फ्लैट निम्नलिखित व्यक्ति को निम्न क्रमानुसार बेचा गया था:

1. श्री/श्रीमती/कु. मो. रिजवान सिद्दीकी पुत्र/पुत्री/कु. श्री मो. सईद अहमद सिद्दीकी निवासी ए-1, सेक्टर-1, नौएडा जिला गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) के पक्ष में विक्रय संविदा (एग्रीमेंट टू सेल) निष्पादित नहीं किया गया।
2. उक्त भवन/प्लॉट संख्या सी-120, सेक्टर-61, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) को श्री/श्रीमती मै. मदरसन ऑटो लि. द्वारा पुत्र/पत्नी श्री अंकुर अवाना निवासी प्लॉट सी-1, सेक्टर-1, नौएडा जिला गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) के पक्ष में अंतरण आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति, समस्त साक्ष्य सहित, नौएडा प्राधिकरण के आवासीय भवन विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर दाखिल कर दें।

— रिजवान सिद्दीकी

# विधानसभा चुनाव के लिए मतदान केंद्रों पर परखी तैयारियां

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत चुनाव संबंधी सभी तैयारियों को पूरा किया जा रहा है।

इसी क्रम में डीसीपी सेन्ट्रल नोएडा द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त तृतीय सेन्ट्रल नोएडा के साथ थाना ईकोटेक तृतीय क्षेत्रान्तर्गत प्राइमरी पाठशाला कुलेसरा दयानन्द विद्या मन्दिर कुलेसरा प्राइमरी पाठशाला जलपुरा मतदान केन्द्रों का एवं थाना सूरजपुर क्षेत्रान्तर्गत ऊमा पब्लिक स्कूल शहीद भगत सिंह जूनियर हाई स्कूल व शहीद भगत सिंह इण्टर कालेज कस्बा सूरजपुर मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया गया।

इस दौरान सभी मतदान केन्द्रों पर चार दीवारी, केन्द्रों पर लाईट तथा आवश्यक लाईट की सुविधा उपलब्ध कराने संबंधी जांच की गई।

# सेक्टर-33ए में बच्चों के लिए जल्द शुरू होगा चिल्ड्रन पार्क

## *पार्क में 75 प्रतिशत काम हुआ पूरा, खेलकूद और मौज-मस्ती के लिए किए हैं पूरे इंतजाम*



फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण बच्चों को खास तोफ हा देने जा रहा है। प्राधिकरण बच्चों के लिये शहर का सबसे पहला चिल्ड्रन पार्क बना रहा है। यह पार्क सेक्टर-33ए में बनाया जा रहा है। जिसे बहुत जल्द शुरू कर दिया जायगा। चिल्ड्रन पार्क का लगभग कार्य पूरा हो चूका है, फि लहाल 25 प्रतिशत काम बचा हुआ है। पार्क में बच्चों के खेलने-कूदने के सारे इंतजाम किये जा रहे है। बच्चे यहां पूरी तरह से अपने बचपन का आनंद उठा सकेंगे।

प्राधिकरण के द्वारा बनाये जा रहे शहर के सबसे पहले चिल्ड्रन पार्क में बच्चों के लिए खेलकूद और मौज-मस्ती की सारी सुविधाए होंगी। अधिकारियों ने बताया कि 14 साल तक की उम्र के बच्चों के लिए कई झूले, फाउंटेन, रंग-बिरंगी बेंच, फूल ट्रैक और थोड़ा बहुत खेल कूद के अन्य इंतजाम किए जाएंगे। इसके साथ ही बच्चों को पार्क लेकर पहुंचने वाले अभिभावकों के बैठने के लिए अलग से बेंच लगाई जाएंगी। अभी तक पूरे शहर में ऐसा पार्क नहीं है, जो सिर्फ बच्चों के लिए हो। पार्क में बच्चों के लिए मनोरंजक और दिलचस्ब खेल हैं। जैसे की पहाड़ के नीचे गुफा और उसमें भी भूल-भुलैया वाले रास्ते। यहां बच्चे अपने बचपन को जीते हुए छुप्पम-छुप्पाई खेलते हुए नजर आएंगे। इसी तरह खड़े हेलीकॉप्टर में सैरकर बच्चे अपने भविष्य के सपनों का पूरा आनंद ले सकेंगे।

### कुछ इस तरह बनाया जा रहा है पार्क को

सेक्टर-33ए में बनाए जा रहे चिल्ड्रन पार्क का काम तेजी से चल रहा है। अधिकारियों का कहना है कि एक से डेढ़ महीने में यह बनकर तैयार हो जाएगा। नोएडा प्राधिकरण इस पार्क और शिवालिक मार्ग का निर्माण करीब 4.5 करोड़ रुपये की लागत से करवा रहा है।

शिल्प हाट के पास पहले से बने पार्क को चिल्ड्रन पार्क में तब्दील किया जा रहा है। इसके लिए पाथ-वे और सिविल के काम लगभग पूरे हो गए हैं। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि अब झूले लगाने, पहाड़ तैयार करने और सुरंग बनाने और बच्चों के लिए छोटी बेंच लगवाने के काम हैं। इसके लिए संबंधित सामग्री आ चुकी है। जल्द ही इनको लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 11 जनवरी, 2022





# एक दिन में आए 19,166 केस, दस दिन में 70 मौतें

● राजधानी में संक्रमण दर बढ़कर 25 फीसदी हुआ, मरने वालों में अधिकांश गंभीर बीमारियों से थे पीड़ित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में सोमवार को कोविड संक्रमण के 19,166 नए मामले आने के साथ ही 17 मरीजों की मौत हो गई।

वहीं राज्य में संक्रमण दर बढ़कर 25 फीसदी हो गया है। वहीं राष्ट्रीय राजधानी में पिछले 10 दिनों में कोरोना से कुल 70 मरीजों की मौत हो गई है। वहीं अधिकारियों के अनुसार मरने वालों में अधिकांश मरीज दूसरी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार सोमवार को संक्रमण के 19,166 नए मामले आए जो पिछले वर्ष चार मई के बाद से सामने आए संक्रमण के दैनिक मामलों की सर्वाधिक संख्या है।

दिल्ली में सोमवार 17 और रविवार को भी 17 मरीजों की मौत हुई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, अभी भी राज्य में 65,803 लोग उपचाराधीन हैं जिसमें से 1,912 मरीज अस्पताल में हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 1 से 10 जनवरी के बीच मृत 70 मरीजों में से कई मरीज दूसरी गंभीर बीमारियों से भी पीड़ित थे। पांच जनवरी से 9 जनवरी के बीच मृत 46 मरीजों में से 34 को कैंसर, हृदयरोग एवं यकृत रोग से पीड़ित थे। इन 46 लोगों में से 11 लोगों ने वैक्सीन लगवाया था। एक अधिकारी के मुताबिक इन 46 मरीजों में 32 मरीज आईसीयू में भर्ती कराए गए थे। इनमें ज्यादातर को सांस की गंभीर बीमारी, कैंसर, हृदयरोग जैसी अन्य बीमारियां थीं। इनमें 37 मरीजों का ऑक्सीजन स्तर 94 फीसद के नीचे जाने के बाद अस्ताल ले जाए गए थे। रविवार को दिल्ली में कोविड से 17 लोगों की जान गई जो पिछले साल 13 जून के बाद से एकदिन में सर्वाधिक मौत है।

## दिल्ली पुलिस के 1000 कर्मी कोरोना से संक्रमित

*नई दिल्ली। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध शाखा) समेत दिल्ली पुलिस के करीब 1,000 कर्मियों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त जनसंपर्क अधिकारी सलाहकार अनिल मित्तल के अनुसार, लगभग एक हजार पुलिस कर्मी अब तक संक्रमित हो चुके हैं। वे सभी पृथक-वास में हैं और पूरी तरह से ठीक होने के बाद ड्यूटी में शामिल होंगे। हाल में दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने पुलिस कर्मियों के बीच कोरोना वायरस फैलने से रोकने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की थी।*

# दिल्ली में लॉकडाउन नहीं लगेगा : डीडीएमए

## रेस्तरां में बैठकर भोजन नहीं कर सकेंगे, सिर्फ पैकिंग की सुविधा

## मेट्रो और बसों में सवारियों की संख्या निर्धारित करने पर होगा विचार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने सोमवार को कोविड-19 संक्रमण पर रोक लगाने के लिए लॉकडाउन नहीं लगाने का फैसला किया। डीडीएमए ने साथ ही रेस्तरां में बैठकर भोजन करने की सुविधा बंद करने और मेट्रो ट्रेन-बसों में सवारियों की संख्या कम करने जैसी अन्य पाबंदी लगाने पर विचार किया।

उप राज्यपाल अनिल बैजल की अध्यक्षता में डीडीएमए की एक बैठक में इस बात पर चर्चा की गई कि मौजूदा पाबंदियों को कैसे सख्ती से लागू किया जाए ताकि कोरोना वायरस और इसके नए स्वरूप ओमीक्रोन के फैलने पर अंकुश लगाया जा सके।

इस बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी शामिल थे। बैठक में इस बात पर मंथन हुआ कि दिल्ली में लगाई गई पाबंदियों को समूचे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में भी लागू करना चाहिए। फिलहाल रेस्तरां में 50 फीसदी सीट पर ही बैठकर भोजन करने की अनुमति है, लेकिन मेट्रो ट्रेन-बसों की शत प्रतिशत सीट पर सवारियों को बैठने की अनुमति है।

इसके पहले केजरीवाल ने रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के तेज गति से फैलने को गंभीर चिंता बताया था। हालांकि, केजरीवाल ने भी लॉकडाउन लगाने की योजना से इनकार कर दिया था। केजरीवाल ने कहा था कि यदि लोग मास्क पहनते हैं, तो लॉकडाउन नहीं लगाया जाएगा।




## कोविड टीके की बूस्टर डोज देना शुरू

नई दिल्ली। कोविड महामारी की बढ़ती तीसरी लहर के बीच, दिल्ली में सोमवार को 60 वर्ष या अधिक उम्र के लोगों, स्वास्थ्य कर्मियों और अग्रिम मोर्चे के कर्मियों को कोविड टीके की तीसरी या बूस्टर डोज देने की शुरूआत की गई। तीसरी खुराक इस श्रेणी के उन लोगों को दी जा रही है जिन्होंने नौ महीने पहले टीके की दूसरी खुराक ली थी। ऐसे करीब तीन लाख लोग सोमवार से तीसरी खुराक प्राप्त करने के पात्र हैं। लाभार्थियों को उसी टीके की खुराक दी जाएगी जो उन्हें 39 हफ्ते पहले लगाया गया था। उन्हें मौजूदा कोविन अकाउंट का इस्तेमाल करते हुए स्लॉट बुक करना होगा। प्रधानमंत्री ने ोरोना वायरस से संक्रमित होने के ज्यादा जोखिम वाले लोगों के लिए एहतियाती खुराक की 24 दिसंबर को घोषणा की थी।

# निगम करेगा आइसोलेशन के मरीजों का इलाज

● टेली परामर्श और वीडियो परामर्श दिया जाएगा: महापौर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए दक्षिणी नगर निगम ने होम आइसोलेशन के मरीजों को टेली परामर्श /वीडियो के जरिए परामर्श देगी। दक्षिणी दिल्ली के महापौर मुकेश सुर्यान ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर में अधिकांश मरीज हल्के लक्षण से ग्रस्त हो रहे है तथा अधिकतर मरीज घर पर डाक्टरों के उचित परामर्श से ठीक हो रहे है। ऐसे में दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने दिल्ली की जनता को उचित इलाज एवं मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु कोविड हेल्पलाइन की सुविधा शुरू की है। ऐसे मरीजों को उचित परामर्श देने के लिए दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने टेली और वीडियो परामर्श की सुविधा शुरू की है।

जिसमें दक्षिणी निगम के अनुभवी चिकित्सक होम आइसोलेशन के मरीजों को परामर्श देंगे तथा कोरोना से ग्रस्त दिल्ली की जनता को उचित मार्गदर्शन भी प्रदान करेंगे। चिकित्सकों से परामर्श लेने के लिए 9999019340, 9999019375, 9999019426, 9999019745 हेल्पलाइन नंबर जारी किये गए है। इन नंबरों पर 24 घंटे डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे।

### माता गुजरी अस्पताल में 100 ऑक्सीजन बेड

माता गुजरी अस्पताल तिलक नगर में 100 ऑक्सीजनयुक्त बिस्तर कोरोना रोगियों के लिए तैयार किये गए है और यहा 2 पी.एस.ए. ऑक्सीजन प्लांट भी लगाए गए है। इसके अतिरिक्त पूर्णिमा सेठी अस्पताल में भी 60 ऑक्सीजनयुक्त बिस्तर तैयार किये गए है और एक ऑक्सीजन प्लांट भी लगाया गया है। चेस्ट क्लीनिक एवं टीबी अस्पताल नेहरू नगर में भी 40 ऑक्सीजनयुक्त बिस्तरों की व्यवस्था की गई है तथा एक पीएसए ऑक्सीजन प्लांट भी लगाया गया है।

## मेयर श्याम अग्रवाल ने कोरोना को हराया

नई दिल्ली। कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद पूर्वी दिल्ली के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल आज निगम मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने कई लंबित कार्यों को पूरा किया और लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का समाधान भी कराया।



महापौर ने कहा कि निगम मुख्यालय में सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। इसके साथ ही मास्क और सेनिटाइजेशन के बिना प्रवेश की इजाजत नहीं है। अग्रवाल ने लोगों से अपील कर कहा कि कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए हमें कोरोना गाइड लाइन का कड़ाई से पालन करना पड़ेगा। मास्क और सैनिटाइजेशन का इस्तेमाल करना जरूरी है।

इसके साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का भी ध्यान रखना होगा। अग्रवाल ने प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टरों से अपील की है कि वह फीस कम करें ताकि आर्थिक रूप से कमजोर मरीज को भी समय पर अच्छा इलाज मिल सके और सरकारी अस्पतालों पर दबाव कम हो सके।

# शादी समारोह उद्योग से जुड़े कारोबारी सत्येंद्र जैन से मिले

● वैवाहिक कार्यक्रमों में 200 मेहमानों को मंजूरी देने का किया अनुरोध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शादी-विवाह उद्योग से जुड़े कारोबारियों और अन्य पक्षकारों ने सोमवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन से वैवाहिक कार्यक्रमों में 200 लोगों की मौजूदगी की मंजूरी देने की अपील की है।

कारोबारियों ने वैवाहिक कार्यक्रमों से जुड़े कारोबार में नुकसान का हवाला देते हुए यह अपील की। अभी मेहमानों की सीमा केवल 20 व्यक्तियों तक सीमित है। स्वास्थ्य मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि कोविड के बढ़ते मामलों और हालिया पाबंदियों के कारण शादी समारोहों से जुड़ा उद्योग खराब स्थिति में पहुंच गया है। पाबंदियों के कारण लोगों ने मजबूर होकर शादी के कार्यक्रमों को रद्द कर दिया या फिर टाल दिया है। ज्ञापन में कहा गया की शादी से जुड़े कारोबारी केवल 20 व्यक्ति तक सीमित रहने के कारण लोग शादियां रद्द कर रहे हैं।

# चादर और पॉलीथिन से मिला हत्या का सुराग, दो भाइयों समेत पांच गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



इंदरलोक स्थित तिकोना पार्क में एक युवक की हत्याकांड को दिल्ली पुलिस ने सुलझा लिया है। हत्यारों ने युवक का बेरहमी से कत्ल कर शव को चादर में लपेट और पॉलीथिन में डालकर फेंक दिया था।

पांच आरोपियों में से दो सगे भाई है जो बेकरी का काम करते थे। पॉलीथिन में डाली लाश और बेकरी में मिली पॉलीथिन देखकर की पुलिस को शक हुआ और आरोपियों को हिरासत में लिया। आरोपियों की पहचान बेकरी की दुकान के मालिक अफजल अंसारी, उसका भाई सजल अंसारी तथा इसराइल, राशिद अंसारी व मो. अबरार के रूप में हुई है। डीसीपी सागर सिंह कलसी के अनुसार 20 साल के मृतक अभिषेक की हत्या की सूचना मिली। शव एक पॉलीथिन में भरा था और उसके एक चादर से लेपेटा हुआ था। मृतक की पत्नी ने बताया कि उसका इलाके के दो लोगों से विवाद था। पुलिस आरोपियों की बेकरी में पहुंची तो वहां उसी तरह की पॉलिथिन मिली जो लाश में पास मिली थी। बेकरी मालिक को गिरफ्तार किया गया। पता चला अभिषेक का भी अपराधिक रिकॉड था। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में बीस मामले दर्ज थे।

# नशे में पिता ने बीमार बेटे की पीट कर की हत्या, पकड़ा गया


● पिछले 16 साल से लकवे के कारण बिस्तर पर था पुत्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तरी पश्चिमी दिल्ली के भारत नगर इलाके में नशे में धुत्त पिता ने बीमार एवं बिस्तर पर पड़े अपने 30 साल के बेटे की कथित रूप से पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को बताया कि मृतक की पहचान वजीरपुर के जेजे कॉलनी निवासी परमजीत के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस ने मृतक के पिता अमर सिंह को गिरफ्तार किया है। उत्तरी-पश्चिमी दिल्ली की पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी ने बताया कि रविवार दोपहर में पुलिस को सूचना मिली की सरकारी दीपचंद बंधु अस्पताल में एक व्यक्ति को बेहोशी की हालत में लाया गया था जिसके डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परमजीत की बहन ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया कि रविवार की सुबह घर पहुंचने पर उसने अपने भाई को बुरी तरह घायल अवस्था में देखा। अधिकारी ने बताया कि महिला ने अपने भाई के हवाले से बताया कि शराब के नशे में उसके पिता ने डंडे से उसे पीटा था।

# संक्षिप्त समाचार

### मौत बांट रहे मोहल्ला क्लीनिक: आदेश गुप्ता



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने दिल्ली सरकार के मोहल्ला क्लीनिक के डॉक्टरों द्वारा एक बार फिर से लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार के स्वस्थ्य तंत्र पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। केंद्र सरकार द्वारा डेक्स्ट्रोमेथोर्फन दवाई का उपयोग 4 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए करने से मना किया गया था लेकिन मोहल्ला क्लीनिक के डॉक्टरों ने एक और दिल्ली के मासूम को यह दवा देकर मौत और जिंदगी के बीच लड़ने के लिए मजबूर कर दिया है।

### मेट्रो स्टेशन पर बैग में गोली के साथ पकड़ा गया

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को जनकपुरी वेस्ट मेट्रो स्टेशन पर 27 साल के एक व्यक्ति के बैग से (बंदूक की) गोली मिलने के बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों ने पकड़ लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उनके अनुसार उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के निवासी इस यात्री को सुरक्षा जांच के दौरान करीब साढ़े ग्यारह बजे पकड़ा गया। मेट्रो में हथियार लेकर चलना मना है।

### भारत कौशल विकास तत्वावधान में योगा प्रतियोगिता



नई दिल्ली। भारत कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय एमएसडीएंडई के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम एनएसडीसी के साथ ब्यूटी एंड वेलनेस सेक्टर स्किल काउंसिल बीएंड डब्ल्यूएसएससी ने ब्यूटी थेरेपी, हेयर ड्रेसिंग और योग में भारत कौशल प्रतियोगिता का नेतृत्व किया। इस प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाई। डॉ बिस्वजीत साहा निदेशक कौशल शिक्षा और प्रशिक्षण, आरपी सिंह, डॉ. ब्लॉसम कोचर, संदीप आहूजा, गुरप्रीत सेबल और मोनिका बहल, वैशाली शाह व साथ ही प्रतियोगिता में मुख्य विशेषज्ञ सौंदर्य चिकित्सा, सामंथा कोचर मुख्य विशेषज्ञ हेयर ड्रेसिंग ऋचा अग्रवाल, मेंटॉर और देश भर के अन्य प्रतिष्ठित जूरी सदस्यों के साथ पर उपस्थित रहे।

# पीएम की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर भाजपा का मौन धरना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




पंजाब में प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक मामले में भाजपा अब कांग्रेस पर हमलावर हो रही है।

प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने मौन प्रदर्शन किया गया। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी सहित प्रदेश के अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मौन धरना किया। नेता प्रतिपक्ष ने धरना कहा कि देश का प्रधानमंत्री किसी पार्टी का नहीं बल्कि पूरे देश का होता है।

प्रदेश भाजपा सिक्ख प्रकोष्ठ के सह संयोजक सुखप्रीत मल्होत्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चन्नी सरकार द्वारा सुनियोजित ढंग से रास्ता रोकने को कांग्रेस के हताशा का प्रतीक बताया।

## पीएम की सुरक्षा में चूक नहीं आत्मघाती हमला है: शेफाली



नई दिल्ली। पंजाब में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा में चूक अक्षम्य अपराध है। यह चूक नहीं बल्कि आत्मघाती हमला है। यह आरोप भाजपा नेता शेफाली गुप्ता ने पंजाब की कांग्रेस सरकार पर लगाया है। उन्होंने कहा कि यह आत्मघाती हमला षड्यंत्र और अपनी खूनी मानसिकता के तहत कराया गया, जिसे जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि हम इस हमले पर चुप नहीं बैठेंगे।

## नई आबकारी नीति पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने ईस्ट विनोद नगर में जेजे. कलस्टर और स्कूल के नजदीक शराब का ठेका खोलने की निर्णय का विरोध करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता राजधानी में ऐसी किसी भी जगह पर शराब की दुकान खोलने नहीं देंगे, जिसे धार्मिक स्थल, स्कूल, सरकारी कार्यालय क्षेत्र, रिहायशी क्षेत्र व अन्य सार्वजनिक स्थल के नजदीक खोला जाऐगा। भाजपा के साथ मिलीभगत करके केजरीवाल लगभग 1000 शराब के ठेके खोलने जा रही है।

# आम आदमी पार्टी का उत्तराखंड में नवपरिवर्तन संवाद शुरू

● सिसोदिया ने किया जनता को वर्चुअली संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को वर्चुअली जुड़कर उत्तराखंड की जनता को संबोधित करते हुए नव-परिवर्तन संवाद का आगाज किया।

उन्होंने कहा कि जिस तरह दिल्ली की जनता ने आप की सरकार को वोट देकर चुना, ठीक वैसे ही उत्तराखंड की जनता भी अबकी बार आप पार्टी की सरकार को चुने ताकि दिल्ली जैसा विकास उत्तराखंड में भी संभव हो पाए। उन्होंने कहा कि 35 दिन बाद उत्तराखंड में नई सरकार के लिए चुनाव होना है। 14 फरवरी को नई सरकार के लिए चुनाव होना है। लेकिन यह चुनाव सिर्फ नई सरकार के लिए नहीं होगा बल्कि इस चुनाव से कई सवाल जुड़े हुए हैं।

# हरियाणा में ईस्टर्न व वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर 10 स्टेशन बनेंगे

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल की रेल मंत्री के साथ हुई अहम बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हरियाणा से गुजरने वाले ईस्टर्न व वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर 10 रेलवे स्टेशन बनेंगे जिसके आसपास के विभिन्न क्षेत्रों का विकास कर उद्योग और रोजगार से जोड़ा जाएगा। इस संबंध में सोमवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में बैठक कर विचार विमर्श किया गया।

बैठक के बाद हरियााणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हरियाणा भवन में मीडिया से बातचीत करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा से गुजरने वाले ईस्टर्न व वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर स्थापित किए जाने वाले विभिन्न 10 रेलवे स्टेशनों के आसपास के विभिन्न क्षेत्रों को विकसित किए जाने के लिए विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में रेल मंत्री के साथ विचार-विमर्श हुआ। जिसमें हरियाणा राज्य की विभिन्न रेल परियोजनाओं के कार्यो व प्रक्रियाओं को गति देने की दिशा में समयबद्ध रूप से निर्णय लिया गया। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने बताया कि हिसार में प्रारंभ किए गए सिविल एविएशन हब के दृष्टिगत दिल्ली से हिसार तक क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट प्रणाली (रिजॉर्ट रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) रेलमार्ग विकसित किए जाने का केंद्र को प्रस्ताव किया गया है।

इसके परिणामस्वरूप हिसार में विकसित किए जा रहे सिविल एविएशन हब के विकास को गति मिलेगी। रोहतक की एलिवेटिड रेलवे लाइन के नीचे सड़क मार्ग विकसित किए जाने के लिए रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृति दी गई है।

कैथल की एलिवेटिड रेलवे लाइन परियोजना के लिए भी शीघ्र स्वीकृति रेल मंत्रालय द्वारा शीघ्र प्रदान कर दी जाएगी। मनोहर लाल ने कहा कि इसके अतिरिक्त पलवल से पृथला तक रेलमार्ग की क्षमता में वृध्दि दिशा में हरियाणा सरकार द्वारा शीघ्र ही भूमि अधिग्रहण की प्रकिया प्रारंभ की जाएगी।



पत्रकारों से बात करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर।

## नजफगढ़ ड्रेन के लिए गठित होगी संयुक्त समिति

नई दिल्ली। नजफगढ़ ड्रेन के नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार, हरियाणा सरकार व दिल्ली सरकार (गवर्नमेंट आफ नैशनल कैपिटल टैरिटरी) की एक संयुक्त समिति गठित की जाएगी। यह जानकारी हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने केंद्रीय वन,पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन व श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात के बाद यह जानकारी मीडिया को दी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दिल्ली क्षेत्र से गुजरने वाली नजफगढ़ ड्रेन में काफी लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण जमी हुई गाद के परिणामस्वरूप नजफगढ़ (दिल्ली) झील का पानी गुरूग्राम (हरियााणा) जिला क्षेत्र की लगभग 3000 एकड भूमि में पानी भर जाता है। संयुक्त समिति गठित होने से नजफगढ ड्रेन की समय-समय पर नियमित रूप से साफ सफाई हो सकेगी और गुरूग्राम जिला क्षेत्र में जलभराव को रोकने के लिए हरियाणा क्षेत्र में बांध का निर्माण भी करवाता जा सकेगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा कि चावल मिलों में चावलों के छिलकों को जलाकर सदुपयोग किए जाने की स्वीकृति भी केंद्र द्वारा दी गई है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नए उद्योगों में सीएनजी व पीएनजी को उपयोग किए जाने की शर्त से एक वर्ष की समयावधि तक छूट दिए जाने की भी केंद्र द्वारा सहमति दी गई है।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम

कार्यालय उपायुक्त, लाभकारी परियोजना प्रकोष्ठ विभाग,
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर (25वां तल), जवाहरलाल नेहरू मार्ग,
नई दिल्ली-110002

लाइसेंस शुल्क आधार पर दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के हेरीटेज भवनों/परिसरों का उपयोग और उनके रखरखाव के लिए ई-निविदा

प्रेस ई-निविदा सूचना

आयुक्त, एसडीएमसी की ओर से प्रत्येक 5 वर्ष बाद अंतिम भुगतान लाइसेंस शुल्क में @ 15 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ बीस वर्षों की अवधि के लिए लाइसेंस शुल्क आधार पर एसडीएमसी के हेरीटेज भवनों/परिसरों के आवंटन और उनके रखरखाव के लिए योग्य निविदादाताओं से दो निविदा प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) में ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। 1. निविदा एनआईटी सं. 638 दिनांक 06.01.2022, 2. निविदा डाउनलोड प्रारंभ तिथि: 07.01.2022 को प्रातः 9.00 बजे से, 3. निविदा-पूर्व बैठक: 14.01.2022 को अप. 3.00 बजे सम्मेलन कक्ष, छठा तल, सिविक सेंटर में, 4. निविदा जमा प्रारंभ तिथि: 21.01.2022 को प्रातः 9.00 बजे से, 5. ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 27.01.2022 को अप. 3.00 बजे तक, 6. तकनीकी निविदाएं खुलने की तिथि: 28.01.2022 को अप. 3.30 बजे से आर.पी. प्रकोष्ठ/एसडीएमसी विभाग, 25वां तल, सिविक सेंटर। (विस्तृत विवरणों के लिए एसडीएमसी की वेबसाइट www.mcdonline.nic.in या www.etenders.gov.in देखें। टेलीफोन नं. 011-23227514

Ro. No. 69/DPI/S/2021-22 सहायक आयुक्त, आर.पी. सेल/एसडीएमसी

# कोरोना से मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 50 हजार रुपये

## जिला प्रशासन ने 615 मृतकों के परिजनों/आश्रितों के आवेदन किए हैं मुख्यालय अग्रसारित

**गुरुग्राम।** प्रदेश सरकार द्वारा कोरोना महामारी से हुई मृत्यु के मामलों में दिवंगत के परिजनों/आश्रितों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जा रही है। अनुग्रह राशि के लिए डबलूडबलूडबलूडोटसरलहरियाणाडोटजीओवीडोटइन पोर्टल पर ऑन लाईन या लघु सचिवालय स्थित आपदा प्रबंधन के कार्यालय में आवेदन जमा करवा सकते हैं।

जिला के तहसील कार्यालयों, नगर निगम कार्यालय सहित लघु सचिवालय स्थित जिला राजस्व कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन के पास अभी तक कोविड से निधन के 500 आवेदन ऑफलाइन तथा 192 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 615 मृतकों के परिजनों/आश्रितों के आवेदनों को वैरिफ ई करने उपरांत चंडीगढ़ मुख्यालय फॉरवर्ड कर योजना का लाभ दिया जा रहा है।

उपायुक्त डा. यश गर्ग ने बताया कि इस योजना के तहत आवेदन के लिए मानदंड निर्धारित किए गए हैं। जरूरी दस्तावेज जमा करने के 30 दिनों के अंदर सभी मामलों पर कार्रवाई कर दी जाएगी। आवेदनकर्ता को दिवंगत का मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति और कोविड-19 पॉजिटिव रिपोर्ट की प्रति आवेदन के साथ लगानी होगी। इस योजना को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ा गया है। यह योजना हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में शामिल की गई है ताकि निर्धारित समयावधि में अनुग्रह राशि लाभ मिल सके।

# हेल्थ, फ्रंटलाइन वर्कर्स और बुजुर्गों को डोज लगना शुरू

## कहा, स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी पूरी

## कहा, उम्मीद है कि लोगों को नहीं आएगी दिक्कत

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**जिला** उपायुक्त डा. यश गर्ग ने सोमवार को सेक्टर-31 स्थित पोलीक्लिनिक में स्वयं कोरोना रोधी वैक्सीन की बूस्टर डोज लगवाकर पात्र व्यक्तियों को टीका लगवाने का संदेश दिया। उपायुक्त के अलावा मेदांता द मेडिसिटी अस्पताल की डॉ. सुशीला कटारिया तथा सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने भी बूस्टर डोज लगवाई।



गुरुग्राम में बूस्टर डोज लगवाते नर्सिंग आफिसर।

इसके बाद मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए उपायुक्त डा. यश गर्ग ने कहा कि गुरुग्राम में पूरे विश्वभर से लोग आते हैं, ऐसे में पिछले कुछ दिनों में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना संबंधी मामलों में राहत की बात ये है कि इसमें अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या अपेक्षाकृत कम हैं। जिला प्रशासन द्वारा लोगों को बेहत्तर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रबंधन किया जा रहा है। अस्पतालों में बेड की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ जिला में टीकाकरण अभियान भी जोर शोर से चलाया जा रहा है।

ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला में पीएसए प्लांट लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह में फेस मास्क ना पहनने वाले 5 हजार से अधिक लोगों के चालान किए गए हैं। इसके अलावा निजी व सरकारी संस्थानों में भी कोरोना प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित करने हेतु टीमें गठित की गई हैं।

मेदांता द मेडिसिटी अस्पताल की डा. सुशीला कटारिया ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों को कोरोना रोधी वैक्सीन की दोनो डोज लगवाए 39 हफ्ते या 9 महीने हो चुके हैं, वे अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर जाकर कोरोना रोधी वैक्सीन की बूस्टर डोज लगवाना सुनिश्चित करें।

# संक्षिप्त समाचार

## एसडीएम ने बाजार में मास्क न लगाने वालों के चालान काटे



बाजार में खड़े होकर मास्क न लगाने वालों के चालान कटवाते सोहना एसडीएम जितेन्द्र गर्ग।

**सोहना।** एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बाजार में जाकर मास्क न लगाने वाले के चालान काटे। ऐसे आरोपियों को मौके पर मास्क देकर सबक सिखाया। बाजार में बिना मास्क लगाकर घूमने वालों में मच हड़कंप मच गया। सोमवार को एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने स्वयं ही मास्क न लगाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। एसडीएम ने नगरपरिषद कार्यालय के सामने मुख्य सड़क पर टीम को लेकर खड़े हो गए। इस अवसर पर सिटी थाना से पुलिस और नगर परिषद से सचिव भी टीम के साथ पहुंच गए। बाजार में बाइक या पैदल बिना मास्क लगाकर चलने वालों को पुलिस की मदद से पकड़ा। बाजार के बीच में चालान कटते देख लोगों में हड़कंप मच गया। बाइक सवार रास्ता ही बदल गए। एसडीएम ने कहा कि कोरोना काल में नियमों की पालना न करने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा। उन्होंने ने कहा कि शहर में बनाई गई कमेटी को भी नियमित रुप से मास्क न लगाने वालों के चालान काटने होंगे।

## पहली बार मधुमेह रोगियों के लिए आई शुगर फ्री तिलकुट

**सोहना।** जैसे-जैसे लोहड़ी व मकर संक्रांति का त्योहार नजदीक आ रहा है, वैसे ही बाजार में तिल, मूंगफली, रामदाना, काजू, किशमिश, बादाम और इनसे बने व्यंजनों को खरीदने के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है। बाजारों में तिलकूट की सोंधी खुशबू फैलने लगी है। पहली बार मधुमेह रोगियों के लिए शुगर फ्री तिलकुट भी बाजार में उपलब्ध है। जिसकी कीमत थोड़ा ज्यादा है। इस बार बाजार में तिल, मूंगफली, बेशन, सूजी, मैदा की जमकर मांग है। ऐसे में तिल के लडडू 300 रुपये प्रति किलो, रेवड़ी 150 रुपये प्रति किलो, मूंगफली वाली गजक 150 रुपये प्रति किलो और कुटवा गजक चीनी व गुड़ में 100 रुपये से लेकर 350 रुपये प्रति किलो, बादाम 800 से 1000 तो काजू 700 से 900 रुपये प्रति किलो, तरह-तरह की वैराइटी वाला गुड़ 60 रुपये से 100 रुपये प्रति किलो, सादा गुड़ 60 रुपये प्रति किलो, बढ़िया मोटा मूंगफला 120 से 140 रुपये प्रति किलो आदि दामों पर बिक रहे हैं। लोहड़ी को लेकर पंजाबी समुदाय में जबरदस्त उत्साह का माहौल है तो मकरसंक्रांति को लेकर गांव-देहात से बाजार में खरीददारी करने आई महिलाओं के चेहरों की रौनक देखते ही बनती है।

## समाज सेवियों को समाज रत्न से किया सम्मानित

**होडल।** जिला ब्राह्मण सभा पलवल द्वारा भगवान परशुराम मार्ग स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में समाज रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला ब्राह्मण सभा पलवल के अध्यक्ष पं. धर्मचंद सीहौल तथा अमन भारद्वाज ने संयुक्त रूप से की जबकि संचालन सभा के महासचिव विष्णु गौड़ तथा प्रवक्ता वीरेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। महासचिव विष्णु गौड़ ने बताया कि इस कार्यक्रम में सामाजिक पंचायत के अनुरूप अपने सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर समाजसेवी मुकेश शर्मा, प्रेमचंद शर्मा, परमानंद शर्मा, गगन शर्मा, मुकेश शर्मा, किशन शर्मा, डालचंद भारद्वाज, सुशील शर्मा, सतवीर शर्मा, देवीराम शर्मा, दुलीचंद शर्मा, पूरन लाल शर्मा, जगदीश शर्मा, मुरारी लाल शर्मा, तिलकराज शर्मा, जय प्रकाश शर्मा को समाज रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पं. धर्मचन्द सीहौल ने कहा कि समाज के अनुरूप आचरण करने वाला व्यक्ति ही समाज रत्न सम्मान का वास्तविक हकदार होता है।

# झाड़सा में 71 लाख रुपये में होगा सैनी चौपाल का पुनर्निर्माण

## मेयर मधु आजाद ने किया चौपाल का शिलान्यास

## वार्ड-28 के निगम पार्षद हेमन्त कुमार कर रहे थे मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**मेयर** मधु आजाद ने गांव झाड़सा में सैनी चौपाल के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा इसके निर्माण पर 71 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

इस मौके पर मेयर ने कहा कि गांव झाड़सा में सैनी चौपाल के पुनर्निर्माण होने से यहां के नागरिकों को काफी फायदा होगा। वे अपने पारिवारिक एवं सामुदायिक आयोजन यहां कर सकेंगे। वार्ड-28 के निगम पार्षद हेमन्त कुमार द्वारा पिछले कई दिनों से सैनी चौपाल के पुनर्निर्माण की मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि गांव झाड़सा में सैनी चौपाल तथा बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण करने की इस मांग को तत्परता से लेते हुए वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक में इसे स्वीकृत किया गया तथा अब इसके निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है।



गुरुग्राम के झाड़सा गांव में चौपाल के पुनर्निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर मेयर का स्वागत करती महिलाएं।

इस मौके पर भाजपा नेता अनिल यादव, निगम पार्षद हेमंत कुमार, आरडब्ल्यूए प्रधान विजय कुमार, विष्णु भगवान स्वामी, सैनी समाज की तरफ से मीरसिंह सैनी, बलवंत सैनी, महेन्द्र सैनी, बाबू सैनी, नरेन्द्र सैनी, संगम सैनी, बलजीत सैनी, गोपाल सैनी, संजू सैनी, भोले सैनी, विजय कुमार जांगड़ा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सरकारी और निजी आईटीआई में दाखिले ले 15 जनवरी तक

**गुरुग्राम।** हरियाणा में स्थित सभी राजकीय एंव निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिला प्रक्रिया के तहत अंतिम अवसर प्रदान करते हुए 15 जनवरी तक सभी संस्थानों में रिक्त सीटों पर तत्काल प्रवेश प्रदान किया जाएगा।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुरुग्राम के प्राचार्य जयदीप कादियान ने बताया कि राज्य के सभी राजकीय एंव निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में जारी प्रवेश प्रक्रिया में रिक्त सीटों को भरने के लिए हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसके तहत सभी संस्थानों में 15 जनवरी तक तत्काल मौके पर ही एडमिशन किया जाएगा। दाखिला पोर्टल पर नए आवेदन 13 जनवरी तक स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह दाखिला नए एवं पुराने आवेदनों की संयुक्त मेरिट के आधार पर किया जाएगा तथा इसमें कोई आरक्षण लागू नहीं होगा।

# निःशुल्क प्रशिक्षण के चयन को होंगे ट्रायल

## एथलेटिक्स खिलाड़ियों के आज और कल होंगे जिला स्तरीय चयन ट्रायल

**गुरुग्राम।** एथलेटिक्स (लड़के) में मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक और प्रतिभागिता तथा राज्य व जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के लिए आवासीय खेल अकादमी में चयन के लिए 11 व 12 जनवरी को जिला स्तरीय ट्रायल सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे हैं। इन दोनों तिथि को ट्रायल का समय प्रात: 9 बजे से शाम 05 बजे तक निर्धारित किया गया है। ट्रॉयल के तहत जिला स्तर पर 25 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी राज यादव ने बताया कि चयन प्रक्रिया के तहत 12 से 19 वर्ष आयु वर्ग के वे एथलेटिक्स (लड़के) खिलाड़ी जिन्होंने मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक और प्रतिभागिता तथा राज्य व जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त किया है। उनका उपरोक्त चयन प्रक्रिया के तहत आवासीय अकादमी में चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को अनिवार्य रूप से आवासीय छात्रावास में रहना होगा इसमें रहने व खाने की सभी व्यवस्था विभाग द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि अकादमी से स्कूल आने व जाने की व्यवस्था तथा स्कूल खर्च खिलाड़ी द्वारा वहन करना होगा। चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले खिलाड़ी के पास खेल किट होना आवश्यक है।

श्रीमती राज यादव ने चयन प्रक्रिया से जुड़ी अन्य जानकारी देते हुए बताया कि खिलाड़ियों का चयन स्पीड, स्पेट व गेम टेस्ट के माध्यम से किया जाएगा। खिलाड़ी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र व दसवीं कक्षा के प्रमाण पत्र की मूल प्रति व फोटोकॉपी सहित अपनी 2 रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो व अपने शिक्षण संस्थान से सम्बंधित सत्यपित दस्तवेज की प्रति साथ लेकर आए।

# एसएमओ ने बूस्टर डोज का टीका लगवाते हुए अभियान की शुरूआत की

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**सोहना** के नागरिक अस्पताल में फ्रंटलाइन कर्मचारियों से बूस्टर डोज की शुरुआत की गई। पहले दिन हेल्थ कर्मचारियों को बूस्टर की टीका लगाया गया। सोमवार को नागरिक अस्पताल में बूस्टर डोज की शुरुआत करते हुए एसएमओ डॉ नवल किशोर ने अपने पहला टीका लगाते हुए की।

बूस्टर सबसे पहले हेल्थ कर्मचारियों को लगाई जा रही है। जिनकी संख्या नागरिक अस्पताल में 110 के लगभग है। पहले दिन 37 कर्मचारियों ने बूस्टर डोज का टीका लगवाया। एसएमओ डॉ नवल किशोर ने बताया दूसरे नंबर पर पुलिस कर्मियों को रखा गया है। जिनसे सूची मांगी गई है। सूची मिलने पर टीकाकरण शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले वृद्धों को भी साथ में बूस्टर डोज दी जा रही है।



सोहना नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ नवल किशोर सोमवार को बूस्टर डोज का टीका लगवाते हुए।

बीमारी से ग्रस्त वृद्ध को बूस्टर डोज का टीका लगवाया जाएगा। इसके साथ 15 से 18 किशोर बच्चों का टीकाकरण बराबर चल रहा है। इसके अलावा पहली और दूसरी डोज का टीका रोजाना दिया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में 7 मामले कोविड के नागरिक अस्पताल में क्षेत्र में कोरोना संक्रमितों की संख्या 7 पहुंच गई है। पांच दिन पहले एक मामला आया था।

# रियल एस्टेट की बिगड़ी छवि को सुधारना जरूरी

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

## मखीजा बोले, बिल्डर-बायर के बीच विश्वास बना रहे यही होंगे प्रयास

## रॉयल ग्रीन रियल्टी बिल्डर गुरुग्राम में ला रहा है अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट

## प्रधानमंत्री की हाउसिंग फॉर ऑल पॉलिसी को ध्यान में रखकर कर रहे काम

**बिल्डर** और बायर के बीच अक्सर विवाद होता नजर आता है। प्रॉपटी के विवादों को लेकर सरकार द्वारा गठित की गई एजेंसी हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेरिटी अथॉरिटी (हरेरा) गुरुग्राम में वर्तमान में अनेक केस पंजीकृत हैं। इन सब विवादों के बीच रियल एस्टेट की बिगड़ी छवि को सुधारने के लिए रॉयल ग्रीन रियल्टी बिल्डर ने कदम बढ़ाए हैं।

एक दशक से प्रॉपर्टी के क्षेत्र में सक्रिय रॉयल ग्रीन रियल्टी के निदेशक वरुण मखीजा ने विशेष बातचीत में कहा कि प्रॉपटी खरीददारों को समय पर प्रोजेक्ट देकर ग्राहक की नजर में विश्वास काम करना ही उनका उद्देश्य है। निदेशक वरुण मखीजा का कहना है कि गुरुग्राम समेत पूरे एनसीआर में बिल्डर्स ने हजारों प्रोजेक्ट तैयार किए हैं। अब उनकी कंपनी भी इस क्षेत्र में कदम बढ़ा रही है। हालांकि काफी समय से कंपनी प्रॉपर्टी का काम कर रही है, लेकिन अब अफोर्डेबल हाउसिंग का गुरुग्राम में प्रोजेक्ट लांच किया जा रहा है। उनका कहना है कि रियल एस्टेट क्षेत्र की तरफ कदम बढ़ाने का मकसद यही है कि इस क्षेत्र की बिगड़ी छवि को सुधारा जा सके। समय पर प्रॉपर्टी का कब्जा ना देने समेत अनेक विवाद हम सब अक्सर सुनते हैं। हम चाहते हैं कि भविष्य में इस तरह के विवाद ना हों, इसलिए समय पर प्रॉपर्टी खरीददारों को प्रॉपर्टी दे दी जाए। रॉयल ग्रीन रियल्टी इस प्रथा को बदल देगी, जिसमें लाखों, करोड़ों रुपये खर्च करके भी लोग प्रॉपर्टी पर कब्जे को भटकते रहते हैं। साल 2022 में जनता की जो उम्मीदें हैं, उन पर खरा उतरेंगे। रियल एस्टेट क्षेत्र में रेरा की भूमिका पर वरुण मखीजा कहते हैं कि रेरा आने के बाद रियल एस्टेट में काफी सुधार भी हुए हैं। बिल्डर की एक जिम्मेदारी तय हुई है। प्रोजेक्ट समय पर नहीं देते हैं तो जुर्माना भी देना पड़ता है।



रॉयल ग्रीन रियल्टी कंपनी के निदेशक वरुण मखीजा।

### गुरुग्राम में 800 फ्लैट्स का हाउसिंग प्रोजेक्ट

**गुरुग्राम** में अपने नए प्रोजेक्ट को लेकर उन्होंने कहा कि सेक्टर-62 में छह एकड़ जमीन पर अपना पहला अफोर्डेबल हाउसिंग का रॉयल ग्रीन हाइट्स प्रोजेक्ट ला रहे हैं। जिसमें थ्री व टू बीएचके के 800 फ्लैट होंगे। रेरा में अप्लाई किया जा चुका है। पांच टावर के इस प्रोजेक्ट में पार्किंग भी होगी। फ्रंट में बाहर की ओर दुकानें बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि कंपनी अपना पूरा बैकअप लेकर चल रही है। एक भी फ्लैट की बुकिंग नहीं होती है तो भी वे प्रोजेक्ट पूरा करने में समर्थ हैं। इसके अलावा बहादुरगढ़ में इंडस्ट्रीयल प्रोजेक्ट पहले से लांच किया हुआ है।

# वैक्सीन न लगवाने वालों को राशन व रसोई गैस नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**कोरोना** वैक्सीनेशन की दोनों डोज न लगवाने वाले उपभोक्ताओं को सरकारी राशन और रसोई गैस सिलेंडर नहीं मिलेगा। खंड के साढ़े 16 हजार राशन कार्ड धारकों को अब वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र दिखाने पर ही डिपोधारक राशन देगा।

देश में तेजी से पैर पसार रहा कोरोना का तीसरा वेरिएंट ओमिक्रोन से सुरक्षित बचाव के लिए केन्द्र व राज्य सरकार आम नागरिकों को सुरक्षित करना चाहती है। जिसके लिए पिछले एक साल में कोरोना की पहली व दूसरी डोज न लगवाने वालों को सरकार द्वारा दी जाने वाली लाभार्थी योजनाओं से दूर किया जाएगा। सरकार द्वारा धीरे-धीरे ऐसे उपभोक्ताओं पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिन्होंने अभी तक कोरोना की डोज नहीं लगवाई है। ऐसे उपभोक्ता के परिवार को अब सरकारी राशन और रसोई गैस सिलेंडर नहीं मिलेगा।

### 50 हजार उपभोक्ताओं को चेतावनी

**खंड** में सरकारी दुकान से राशन लेने वाले राशन कार्ड धारकों की संख्या साढ़े 16 हजार के लगभग है। इसके अलावा खंड में स्थित तीन रसोई गैस सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं की संख्या करीब 35 हजार है। जिसमें साढ़े 27 हजार उपभोक्ता सोहना में स्थित भारत गैस एजेंसी से जुड़े है। इसके अलावा गढ़ीबाजीद पुर में स्थित गैस एजेंसियों पर 9 हजार के लगभग रसोई गैस कनेक्शन धारक उपभोक्ता है। जिला उपायुक्त से मिले आदेशों के आधार पर खंड के सभी 45 डिपोधारक और रसोई गैस एजेंसी मालिकों को पत्र लिखे गए है। आदेशों की पालन न करने वालों पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

पुस्तक समीक्षा.....


# लॉकडाउन इश्क उजागर करती है जीवन की सच्चाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देवांशु** त्रिपाठी द्वारा लिखित पुस्तक लॉकडाउन इश्क सदी की सबसे त्रासदी जनक महामारी के दिनों में पैदा हुई परिस्थितियों पर आधारित है। लॉकडाउन नें बहुत से खट्टे मीठे अनुभव लोगों को दिए हैं। परिस्थितियां भले ही असाधारण रही हों लेकिन उनका हिम्मत के साथ मुकाबला करना साधारण वर्ग भली भांति जानता है।

आपदा में अवसर तलाशने की तर्ज पर पुस्तक में रचित कहानी आज के युवा वर्ग के दो मूल बिंदुओं को ध्यान में रखकर रची गई है। युवा वर्ग सबसे ज्यादा जिन चीजों के लिए आकर्षित होता है वो या तो करियर है या फिर प्रेम! कहानी का मुख्य पात्र माधव भी बचपन से ही एक प्रसिद्ध लेखक बनना चाहता है और मजे की बात यह कि लॉकडाउन जहां बहुत से लोगों के लिए त्रासदी बनकर आया वहीं माधव के लिए वरदान बनकर आया,जीने का आधार बनकर आया, अधूरे सपनों को हकीकत में ढालने की प्रेरणा लेकर आया।जहां तक प्रेम की बात है,हर युवा चाहता है कि उसके जीवन में उसकी हमसफर ऐसी हो जिससे जीवन का बाकी सफर खूबसूरती से तय होता जाए। कहानी के मुख्य पात्र माधव के दिल का रास्ता उसी के मोहल्ले में रहने वाली राधा से होकर गुजरता है और अंतत: प्रेम में भी माधव को सफलता हासिल होती है।

जहां तक भाषा शैली की बात है,आज के युवा वर्ग को केंद्र में रखते हुए दिव्य प्रकाश दुबे जी की भाषा शैली की तर्ज पर कहानी आगे बढ़ती है।कहीं भी क्लिष्ट और अनावश्यक शब्दावली का प्रयोग नहीं किया गया है।पेशे से मैकेनिकल इंजीनियर देवांशु त्रिपाठी जी नें कसे हुए कथानक के बल पर सहज ही कहानी की रोचकता को अंत तक बनाये रखा है।पंद्रह से चालीस वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को यह लॉक डाउन इश्क पसंद आएगी।




*अल्पना नागर*

**पुस्तक संदर्भ**

**पुस्तक-इश्क**

**लेखक- देवांशु त्रिपाठी**

# व्यक्ति की पहचान उसके रंग-रूप से नहीं कर्मों से होती है

**सोहना।** सोहना लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन प्रदीप गुप्ता पूर्व अध्यक्ष लायन राजकुमार गोयल एडवोकेट, सुभाष सिंगला और पीआरओ रवि मदान तथा लायन आदर्श गुप्ता ने कहा है कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके रंग-रूप से नहीं बल्कि उसके कर्मों से होती है।

लायंस क्लब के ये पदाधिकारी यहां पर इलाके की झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म कंबल और भोजन के पैकिट वितरण करने से पूर्व उपस्थितों के बीच बोल रहे थे। उन्होने नर सेवा को ही नारायण सेवा बतलाया। कहा कि दीन-दुखियों, जरूरतमंदों, गरीबों की वक्त पर इमदाद करना प्रभु भक्ति समान है। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन प्रदीप गुप्ता पूर्व अध्यक्ष लायन राजकुमार गोयल एडवोकेट, सुभाष सिंगला और पीआरओ रवि मदान तथा लायन आदर्श गुप्ता ने अपने संबोधन में नारी शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आज प्रत्येक क्षेत्र में महिला पुरूष समाज के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है।

# पहली बार ब्लड कैंसर पीड़िता ने स्वस्थ शिशु जन्मा

## गर्भावस्था के 20वें सप्ताह में दी गई कीमोथैरेपी

## ब्लड कैंसर के इलाज के साथ ही बच्चे का जन्म कराना था चुनौती

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

**देश** में पहली बार एक ब्लड कैंसर पीड़ित महिला ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया है। हालांकि डिलीवरी तक पहुंचने से पहले महिला ने काफी परेशानियां झेलीं। चिकित्सा जगत के साहित्यों और प्रकाशित शोधपत्रों के अनुसार दुनियाभर में इस प्रकार के मामले गिनती के ही हैं। भारत में यह अपनी किस्म का पहला मामला है, जिसमें हॉजकिन्स लिंफोमा (ब्लड कैंसर) के इलाज के दौरान किसी महिला ने गर्भावस्था को सफलतापूर्वक पूरा किया। चिकित्सकों ने इसे दुर्लभ सर्जरी का नाम दिया है। उपचार की चुनौतियों के बारे में फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफएमआरआई) में गाइनीकोलॉजी विभाग की सीनियर कंसल्टेंट डा. दीप्ति अस्थाना कहती हैं कि शिशु के जीवन को बचाना सबसे बड़ी चुनौती था। एम्नियोटिक फ्लूड के कई दिनों से नहीं होने की वजह से यह काम काफी टेढ़ा था। इस बीच मरीज के शरीर में प्लेटलेट्स कम होने की वजह से किसी और प्रक्रिया के बारे में सोच भी नहीं पा रहे थे। सौभाग्यवश जैसे ही कीमोथेरेपी शुरू हुई, एम्नियोटिक फ्लूड में सुधार होने लगा और शिशु का विकास भी शुरू हो गया।



शिशु को जन्म देने के बाद चिकित्सकों के दल के साथ महिला सोफिया।

डा. अस्थाना के मुताबिक कैंसर पीड़िता गर्भवती सोफिया को फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट में जब लाया गया, तब वह 20 सप्ताह की गर्भवती थीं। उन्हें लगातार तेज बुखार आ रहा था। शुरुआत में उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में इलाज के लिए ले जाया गया, जहां एंटीबायोटिक्स उन्हें दी गई।

उनका तपेदिक का भी इलाज शुरू किया गया, लेकिन हालत लगातार बिगड़ रही थी। उनके खून में प्लेटलेट्स की संख्या कम हो रही थी। तत्काल प्लेटलेट तथा ब्लड ट्रांसफ्यूजन की जरूरत थी। एफएमआरआई में भर्ती कराने के बाद भी उनके प्लेटलेट्स और हीमोग्लोबिन का स्तर गिरने लगा था। उस समय वे 5 माह के गर्भ से थीं। उनकी लगातार बिगड़ती सेहत के चलते डॉक्टर्स ने उनकी बोन मैरो बॉयप्सी करवायी, जिसमें किसी तरह की कैंसरकारी कोशिकाएं नहीं पायी गई। यानी कैंसर होने का पता चला।

### कीमोथैरेपी से शिशु पर नहीं पड़ा कोई प्रभाव

**इस** दुर्लभ सर्जरी को करने में फोर्टिस के इंस्टीट्यूट ऑफ ब्लड डिसॉर्डर हिमेटोलॉजी कंसलटेंट डा. मीत प्रीतमचंद कुमार कहते हैं कि जब कीमोथैरेपी शुरू की थी, तब मरीज की गर्भावस्था की दूसरी तिमाही चल रही थी। कैंसर में बढ़त के अलावा उनके शरीर में प्लेटलेट्स की संख्या लगातार गिर रही थी। गर्भावस्था के दौरान हॉजकिन्स लिंफोमा (कैंसर) से पीड़ित होने और कीमोथैरेपी उपचार महिला द्वारा लिया जा रहा था। इस प्रकार के मामलों में या तो गर्भस्थ शिशु का बचता नहीं है या फिर प्रसव के बाद उसकी मृत्यु हो जाती है। इस मामले में जब मरीज ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया, उस समय उनकी तीन चक्रों में कीमोथैरेपी पूरी हो चुकी है। डिलीवरी के बाद उनके कई टैस्ट करवाए, जिनसे यह पता चला कि कीमोथैरेपी से उनके शरीर में कोई साइड इफेक्ट नहीं हुए हैं।

# जनता की लापरवाही का खामियाजा उठा रहे फ्रंट लाइन योद्धा

## लोगों की लापरवाही से पुलिस, डाक्टर और स्वास्थ्य कर्मी हो रहे पॉजिटिव

**कविता।** फरीदाबाद



बिना सोशल डिस्टेंसिंग के बीके अस्पताल की ओपीडी में खड़े लोग।

**जिले** में पुलिस, डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी लगातार पॉजिटिव हो रहे हैं। ऐसे में जनता कैसे इस कोरोना से बच सकेगी, क्योंकि जब लोग स्वयं ही लापरवाही बरत रहे हैं। बीके सिविल अस्पताल की ओपीडी में लोग बिना सोशल डिस्टेंसिंग के इलाज करवा रहे थे। जबकि अस्पताल के छह चिकित्सकों समेत करीब दो दर्जन से ज्यादा स्वास्थ्य कर्मी पॉजिटिव हैं। ईएसआई मेडिकल कॉलेज के स्वास्थ्य कर्मी और पुलिसकर्मी भी लगातार पॉजिटिव हो रहे हैं।

जिले में ईएसआई मेडिकल कॉलेज हो या बीके अस्पताल अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों को बेहतर इलाज की सुविधाएं देने वाले स्वास्थ्य कर्मी स्वयं ही पॉजिटिव हो रहे हैं, लेकिन लोग फिर भी लापरवाही बरत रहे हैं। लगातार कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बाद भी लोग लापरवाह हो रहे हैं। लोग न तो मास्क लगा रहे हैं और न ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर रहे हैं।

**जान जोखिम में डाल काम:** चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी, पुलिसकर्मी, प्रयोगशाला ऑफिसर और अन्य कर्मचारी लगातार पॉजिटिव आ रहे हैं। जिसके कारण उनके परिजनों पर भी कोविड संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। उनका कहना है कि लोगों द्वारा बरती जा रही लापरवाही हमारी और हमारे परिवार की जान जोखिम में डाल रही है। लोग कोविड-19 नियमों का जमकर उल्लंघन कर रहे हैं।

**नियमों की धज्जियां:** बाजार, रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन, मंदिरों के आसपास और अंदर बाहर बिना मास्क के लोग घूमते नजर आ जाते हैं। इसी कड़ी में बीके अस्पताल की ओपीडी में भीड़ के बीच सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ती साफ देखी जा सकती हैं। मरीज व तीमारदार मास्क लगाने को राजी नहीं है। ओपीडी में कुछ लोग मास्क लगाकर, तो कुछ मास्क न लगाकर पहुंच रहे थे। लोगों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग बिल्कुल भी नजर नहीं आई। अस्पताल में भीड के बीच मरीज धक्का-मुक्की तक करते नजर आए।

**सभी पॉजिटिव:** जिले के ईएसआई मेडिकल कॉलेज में दर्जनों चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी पॉजिटिव हैं। जिसके तहत सम्पर्क में आने वाले चिकित्सकों और कर्मचारियों में करीब 106 ने अपने सैम्पल जांच को दिए हैं। वहीं बीके अस्पताल में छह चिकित्सकों समेत करीब 30 स्वास्थ्य कर्मी पॉजिटिव हो चुके हैं। तृतीय तल पर मौजूद प्रयोगशाला के लैब टैक्नीशियन पॉजिटिव हैं। जिसे देखते हुए उनके परिजनों ने भी सैम्पल जांच को दिए है। वहीं जिले में करीब 10-12 पुलिस कर्मियों की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है।

## वैक्सीनेशन कैंप को आगे आ रहे धार्मिक व सामाजिक संगठन

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में फरीदाबाद में कोरोना की रफ्तार बढ़ने के साथ ही हेल्थ डिपार्टमेंट ने वैक्सिनेशन तेज कर दिया है। जगह जगह कैंप लगाकर लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है।

वैक्सीन लगवाने के लिए 15 से 18 साल के बच्चे भी लगातार सेंटर पर पहुंच रहे हैं। ज्यादा से ज्यादा लोगों को समय रहते वैक्सीन लग जाए, इसके लिए सामाजिक और धार्मिक संगठन भी आगे आ रहे हैं। सेक्टर- 3 के रघुनाथ मंदिर में लगाए गए कैंप में वैक्सीन लगा रही स्टाफ नर्स का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद लोगों में जागरूकता आई है और अब सभी लोग जल्द से जल्द अपनी डोज लगवाना चाहते हैं।

# बाइस वर्षीय युवती का हत्यारा सिंहराज निकला सीरियल किलर

## इससे पहले वह तीन नाबालिग लड़कियों समेत पांच लोगों की कर चुका है हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



हत्या के आरोप में गिरफ्तार सिंह राज।

**22 वर्षीय** युवती की हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी सिंह राज ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। गिरफ्तार आरोपी सिंहराज ने रिमांड के दौरान पता चला कि आरोपी एक सीरियल किलर है। वह पहले भी तीन नाबालिग लड़कियों की हत्या कर चुका है।

डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान ने प्रेसवार्ता में बताया कि 31 दिसंबर को आरोपी ने 22 वर्षीय लड़की को सेक्टर 17 नहर के पुल के पास ले गया और उसके साथ गलत हरकत करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने उसका भी गला दबाकर हत्या कर दी और उसके शव को झाड़ियों में फेंक दिया। पहले गुमशुदगी और युवती का शव मिलने पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच अपराध शाखा डीएलएफ को सौंपी गई थी। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा द्वारा मामले में आरोपी की धरपकड़ के दिए गए निर्देश के तहत एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण को मामले की जिम्मेदारी सौंपी गई।

एसीपी क्राइम की अगुवाई में गठित टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को फरीदाबाद के वजीरपुर मास्टर रोड से काबू किया गया। पुलिस पूछताछ में जसाना गांव निवासी 54 वर्षीय आरोपी सिंहराज ने बताया कि वह सिटी हॉस्पिटल में गार्ड की नौकरी करता था। आरोपी युवती को पिछले करीब दो साल से जानता था। 31 दिसंबर को जब युवती ओल्ड सब्जी मंडी से ऑटो में बैठकर चली तो आरोपी ने उसे 17-18 के चौक पर बुला लिया। वहां से आरोपी युवती को सेक्टर 17 पुल के पास ले गया। छेड़छाड़ की कोशिश की तो युवती ने विरोध किया। जिस पर गला दबाकर हत्या कर दी और उसका मोबाइल फोन अपने साथ लेकर फरार हो गया था। आरोपी का अपराधिक रिकॉर्ड बहुत पुराना है जिसमें उसने वर्ष 1986 में अपने चाचा तथा उसके बेटे की हत्या कर दी थी। जिसमें पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। इस संबंध में थाना छांयसा में मुकदमा दर्ज है।

वर्ष 2019 दिसंबर में चाय की रेहड़ी लगाने वाली वाली एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ आपत्तिजनक हरकत करने की कोशिश की थी। लड़की द्वारा शोर मचाने पर आरोपी ने गला दबाकर उसकी हत्या कर शव आगरा नहर में फेंक दिया। अगस्त 2020 मे नाबालिग लड़की से गलत हरकत की। शोर मचाने पर हत्या कर शव आगरा नहर में फेंक दिया। जून 2021 में फिर एक नाबालिग लड़की से गलत हरकत करने की और शोर करने पर आरोपी ने उसकी भी हत्या कर शव आगरा नहर में फेंक दिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को मंगलवार को अदालत में पेश किया जायेगा।

# नियमों का पालन कर अपनी और दूसरों की जीवन बचाएं



वाहन चालकों को हेलमेट वितरण समारोह में भाग लेते कैबिनेट मंत्री मूल चंद शर्मा।

**बल्लभगढ़।** परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कर हम अपनी व दूसरों की कीमती जान को बचा सकते हैं। इसमें दोपहिया वाहन चलाने वालों के लिए हेलमेट सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा है। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा सोमवार को बल्लभगढ़ एसडीएम कार्यालय में चेतक फाउंडेशन के जिंदगी प्लस रोड सेफ्टी कार्यक्रम का शुभारंभ करने के उपरांत संबोधित कर रहे थे।

औपचारिक रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन पर अगर हम चलते हैं और कोई हादसा हो जाता है तो हेलमेट सिर में चोट लगने से बचाता है। इससे मृत्यु की संभावना काफी कम रह जाती है। उन्होंने इस अभियान के लिए चेतक फाउंडेशन के जिंदगी प्लस रोड सेफ्टी पहल की सराहना करते हुए कहा कि फाउंडेशन की यह सराहनीय पहल है। परिवहन मंत्री ने दोपाहियों की सवारी करने वाली 50 महिलाओं व 50 पुरुषों को हेलमेट भी वितरित किए।

परिवहन मंत्री ने कहा कि चेतक फाउंडेशन के जिंदगी प्लस पहल के तहत रोड सेफ्टी कार्यक्रम में 1,000 हेलमेट बांटे जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत में हर साल लाखों दोपहिया चलाने वाले लोग सड़क दुर्घटना के शिकार होते हैं । उन्होंने कहा कि चेतक फाउंडेशन चेतक समूह की सामाजिक इकाई है। चेतक समूह भारत में ऑटोमेटिव लॉजिस्टिक्स में अग्रणी है और उसने एक चिंताजनक समस्या को हल करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस अवसर पर मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि हमें इस बात से खुशी है कि चेतक फाउंडेशन दोपहिया वाहन चालकों और उनकी सवारियों को हेलमेट दे रहा है।

# पुलिस ने पांच मॉल के किए पांच-पांच हजार के चालान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**महामारी** अलर्ट सुरक्षित हरियाणा के तहत फरीदाबाद के सभी मॉलों में वर्कर्स और आने जाने वाले लोग मास्क और वैक्सीन लगवाना अनिवार्य किया है। वर्कशॉप, कारखाने में सभी काम करने वालो के लिए मास्क और वैक्सीन अनिवार्य किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वैक्सीन की सर्टिफिकेट के बिना सार्वजनिक स्थल जैसे, सब्जी मंडी, दूध-राशन की दुकान, मार्केट, शराब के ठेके, अनाज मंडी, होटल, मॉल, सरकारी कार्यालय, बस स्टैंड, मेट्रो स्टेशन, रेलवे स्टेशन, पार्क इत्यादि सार्वजनिक स्थान पर जाना वर्जित। आगर माल्स, मार्केट, दुकानें और शराब के ठेके इत्यादि पर कोई वर्कर बिना मास्क और वैक्सीन के और ग्राहक बिना मास्क के मिला तो पांच हजार रुपये का चालान किया जाएगा और वर्कर और ग्राहक का 500 रुपये का चालान किया जाएगा। डीसीपी साहब सेंट्रल की आदेशानुसार आज मॉल बिग बाजार,एल्डगो, ई एफ-3 एस एल और सिल्वर मॉल के 5-5 हजार रुपए के चालान किए है। चैकिंग के दौरान मॉल में पाया कि मॉल में काम करने वाले वर्करों ने वैक्सीन नही लगावा रखी है।

वह ग्राहक मास्क का प्रयोग नही कर रहे थे। जिस पर कार्रवाई करते हूए सभी 5 मॉल के चालन किए गए है। 9 जनवरी को बिना मास्क के 436 चालान करके 218000 रुपये का जुर्माना किया गया। 1 जनवरी से अब तक 3586 चालन करके 17 लाख 93 हजार का जुर्माना लगाया गया है। पिछले साल से अब तक 7,63,20500 का जुर्माना किया गया है। घर से बाहर जाते समय अपना आई कार्ड और टीकाकरण के मैसेज/ सर्टिफिकेट की हार्ड या सॉफ्ट कॉपी अपने साथ रखे।

## आज जिला मुख्यालयों पर होगा प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने हड़ताली आंगनबाड़ी कर्मियों की हड़ताल के समर्थन में मंगलवार को सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। संघ ने इसके साथ ही आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हैल्पर्स यूनियन द्वारा 12 जनवरी के जेल भरो का भी पुरजोर समर्थन करने का ऐलान किया है।

उल्लेखनीय है कि सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ प्रदेश की 52 हजार आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हैल्पर्स 8 दिसंबर से हड़ताल पर हैं। मंगलवार को सेक्टर 12 में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा हड़ताली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ डीसी आफिस पर प्रदर्शन करेगा और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीसी को सौंपा जाएगा। उधर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की 8 दिसंबर से शुरू हुई हड़ताल 34 वे दिन भी जारी रही। यूनियन की राज्य प्रधान देवेन्द्री शर्मा ने कहा कि विभाग के तमाम प्रयासों के बावजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की हड़ताल बढ़ती जा रही है।

# कोरोना विस्फोट: 1071 पॉजिटिव निकले, 104 मरीज स्वस्थ हुए

## जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 3899 पर पहुंचा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



कोरोना की जांच करवाती महिला।

**जिले** में सोमवार को कोरोना वायरस के 1071 नए पॉजिटिव आए हैं। अच्छी बात यह रही कि जिले में 104 मरीज ठीक हो गए हैं। सोमवार को जिले में रिकवरी रेट भी 95.57 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जिससे जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 3899 पर पहुंच गया है। जिसमें 87 केस अस्पताल में भर्ती हैं। इनमें 26 मरीज ऑक्सीजन पर है और 5 वैंटीलेटर पर भर्ती हैं। 3812 पॉजिटिव लोगों को होम आईसोलेशन में रखा गया है।

पिछले 24 घंटे में 4739 सैम्पल जांच किए गए हैं। जिसमें सरकारी की 3768 और निजी प्रयोगशाला के 1128 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है। जिला कोरोना अधिकारी डॉ. रामभगत ने बताया कि जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए टेस्टिंग और वैक्शीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिले में 1356555 लोगों ने अब तक टेस्ट करवाया गया। इनमें से 104202 लोग कोराना पॉजिटिव पाए गए। जबकि 1247457 लोग नेगेटिव मिले। जिले में सैम्पल पॉजिटिव रेट 7.68 प्रतिशत है। जबकि रिकवरी रेट 95.57 प्रतिशत है। जिले में एक्टिव केस रेट 3.74 प्रतिशत है।

**यहां से पॉजिटिव :** जिले में 1071 लोग पॉजिटिव में चार्मवुड विलेज से 2, सेक्टर-70 से 8, सेक्टर-9 से 17, सेक्टर-22 से 6, सेक्टर-23 से 7, स्प्रींग फिल्ड कालोनी से 5, जवाहर कालोनी से 8, सेक्टर-87 से 17, भारत कालोनी से 2, एसजीएम नगर से 19, सेक्टर-48 से 3, अमर नगर से 9, खेड़ी कला से 11, सैनिक कालोनी से 16, सेक्टर-17 से 74 मरीज है। सेक्टर-11 से 9, सेक्टर-29 से 19, सेक्टर-15 से 35, सेक्टर-88 से 47, सेक्टर-85 से 11, सेक्टर-21 से 46, सेक्टर-86 से 23 और सेक्टर-17 से 14 मरीज है। सेक्टर-82 से 17, ग्रीन फिल्ड कालोनी से 45, सेक्टर-37 से 22, एनएच-दो से 17 मरीज है। सेक्टर-43, सेक्टर-77 से 5-5 मरीज है। सेक्टर-14 से 23, सेक्टर-19 से 10, सेक्टी-87 से 17, ग्रीन वैली से 6, ओमेक्स हिल्स से 12, आईपी कालोनी से 14, सेक्टर-19 से 10, सेक्टर-63 से 7, भाटिया कालोनी से 4 और तिलपत से 9 मरीज है। वहीं अन्य एरियों से 531 मरीज शामिल है।

# कोविड मामलों पर नजर रखें, जरूरी कदम उठाएं

## प्रधान सचिव अनिल मलिक ने जिला में कोविड-19 की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में कोविड-19 की वीडियो कांफ्रेस के जरिए समीक्षा बैठक में भाग लेते अधिकारी।

**इंफोरमेशन** टेक्नोलॉजी, इलैक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन एवं हाउसिंग फॉर आल विभाग के प्रधान सचिव अनिल मलिक ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में हमें प्रत्येक मामले पर गंभीरता से नजर रखनी है और कांटेक्ट ट्रेसिंग को मजबूत करना है। घरों में जो लोग आईसोलेट होकर ईलाज ले रहे है उनका भी लगातार फॉलोअप रखा जाए। वह सोमवार को विडियो कांफ्रेस के जरिए जिला में कोविड-19 की वर्तमान स्थिति और उठाए गए कदमों की समीक्षा कर रहे थे।

मीटिंग में सीएमओ डा. विनय गुप्ता ने बताया कि रविवार तक जिला में 2932 लोग कोविड-19 पाजीटिव पाए गए हैं और उनमें से 2859 लोग होम आईसोलेटेड हैं। इनमें से 73 लोग अस्पताल में भर्ती हैं और इनमें से 65 विदाउट आक्सीजन हैं। 6 मरीज आक्सीजन पर हैं और दो वेंटिलेटर पर हैं।

उन्होंने बताया कि अभी तक अधिकतर लोग होम आईसोलेशन में ही ठीक है रहे हैं लेकिन इसके बावजूद हम प्रत्येक पाजीटिव व्यक्ति को गंभीरता से ले रहे हैं। इस पर प्रधान सचिव अनिल मलिक ने कहा कि सभी लोगों को लगातार फॉलोअप लेते रहें। उन्हें जरूरी दवाएं उपलब्ध करवाएं। इसके साथ ही प्रधान सचिव अनिल मलिक ने निर्देश दिए कि यह घातकता अधिक वेक्सीनेशन के वजह से कम हो पाई है। ऐसे में हमें वेक्सीनेशन को तेज करना होगा। उन्होंने कहा कि जिन फ्रंट लाईन वर्करों को दूसरी डोज लगने के बाद 9 महीने का समय हो चुका है उन्हें बूस्टर डोज देने का कार्य भी सोमवार से शुरू हो गया है। इस दौरान उन्होंने 15 से 20 वर्ष आयु के किशोरों को भी स्कूलों में ज्यादा कैंप लगाकार वेक्सीनेशन करवाने के निर्देश दिए। मीटिंग में उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि दूसरी लहर के दौरान जिला में दो मीट्रिक टन प्रतिदिन की आक्सीजन की क्षमता थी और अब यह बढ़कर 24 मीट्रिक टन प्रतिदिन हो गई है। इसके साथ ही आक्सीजन प्लांटों की संख्या भी बढ़ी है।

इस पर प्रधान सचिव अनिल मलिक ने प्रत्येक प्लांट व अन्य व्यवस्थाओं के लगातार निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक अस्पताल में बैड की स्थिति, डाक्टरों की स्थिति और दवाओं की स्थिति के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। मीटिंग में मंडल आयुक्त संजय जून ने फरीदाबाद, पलवल व नूंह जिला में कोविड-19 के मामलों की जानकारी दी। मीटिंग में स्मार्टसिटी की सीईओ डा. गरिमा मित्तल, नगर निगम के आयुक्त यशपाल, एचएसवीपी के प्रशासक जितेंद्र दहिया, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, डिप्टी सीएमओ डा. रामभगत, डीडीपीओ राकेश कुमार सहित सभी इंसीडेंट कमांडर व अन्य विभागों के अधिकारी भी आनलाईन शामिल हुए।

# पूर्व विधायक के हस्तक्षेप के बाद दुष्कर्म मामले शुरू की कार्रवाई



पीड़ित के साथ शिकायत लिखवाने थाने पहुंचे पूर्व विधायक नागेन्द्र भड़ाना।

**फरीदाबाद।** नाबालिग लड़की को नशीला पदार्थ देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस द्वारा पीड़ित परिवार को प्रताड़ित करने के मामले में एनआईटी के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नगेंद्र भड़ाना के हस्तक्षेप के बाद पुलिस हरकत में आई है।

अब पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का विश्वास दिलाया है। थाना डबुआ प्रभारी महेंद्र पाठक ने इस मामले में जांच अधिकारी बदलने व आरोपी को गिरफ्तार करके सख्त कार्यवाही किए जाने का आश्वासन पीड़ित परिवार को दिया है। आज पीड़ित परिवार के साथ पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना थाने पहुंचे। जहां उन्होंने थाना प्रभारी को इस पूरे मामले से अवगत करवाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि प्रदेश की मनोहर सरकार में किसी भी बेटी पर अत्याचार सहन नहीं होगा।

जो भी लोग बच्चियों के साथ दरिंदगी या दुष्कर्म जैसा जघन्य अपराध करेंगे, उसके खिलाफ सरकार व प्रशासन सख्त कार्यवाही करेगा। गौरतलब है कि डबुआ कालोनी निवासी एक नाबालिग लड़की को संदीप नामक युवक अपने साथ ले गया और उसको नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ कई दिनों तक दुष्कर्म किया।

# संक्षिप्त समाचार

## कोरोना को मात देने के लिए सावधानी जरूर बरतें



**बल्लभगढ़।** हरियाणा परिवहन एवं खनन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के कोरोना संक्रमण को मात देने के लिए सावधानी जरूर बरतें। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक किशोर वैक्सीनेशन करवाएं। हरियाणा के परिवहन मंत्री पंडित मूलचन्द शर्मा ने यह बात स्थानीय डीएवी स्कूल में 15 से 18 साल के बच्चों को लगाई जाने वाली वैक्सीन के वैक्सीनेशन कैंप का उद्घाटन अवसर पर कहे। उन्होंने कहा कि कोरोना को मात देने के लिए सावधानी और सरकार द्वारा जारी नियमों की पालना जरूरी है। जिला में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए और इस महामारी को फैलने से रोकने के लिए टीकाकरण जोर शोर से किया जा रहा है। लोगों को कोरोना रोधी वैक्सीन लगातार लगाई जा रही है। सरकार द्वारा जारी की गई कोविड-19 की हिदायतों की पूर्ण रूप से पालना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर डीएवी स्कूल के स्टाफ के सदस्य और स्वास्थ्य विभाग के पैरा मेडिकल स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

## जीएसटी संशोधन पर वेबिनार का हुआ आयोजन

**फरीदाबाद।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ कोस्ट अकाउंट्स ऑफ इंडिया के फरीदाबाद चेप्टर द्वारा एक वेबिनॉर का आयोजन जीएसटी और अप्रत्यक्ष कर सेल, एनआईआरसी के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर सीएमए फरीदाबाद चेप्टर ने जीएसटी पर हाल ही में हुए संशोधन, नकली बिल और नोटिस पर धारा 73 और 74 के तहत सफलतापूर्वक वेबिनार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां मुख्य स्पीकर सीजीएसटी विभाग से थे और पेशेवर अभ्यास कर रहे थे। वर्चुअल मोड के माध्यम से आयोजित किया गया। इस वेबिनार में अपर आयुक्त राजेश कुमार आईआरएस सीजीएसटी फरीदाबाद आयुक्त सीजीएसटी फरीदाबाद शामिल हुए। आईआरएस उपायुक्त सीजीएसटी फरीदाबाद रोशन कुमार, राजेश कुमार खण्डेलवाल जीएसटी के संकाय ने बड़े प्रतिभागियों को वेबिनार को सम्बोधित किया। इस अवसर पर फरीदाबाद चेप्टर की ओर से सीएमए वरूण सुखीजा ने सीजीएसटी विभाग के अधिकारियों से जीएसटी करदाताओं की वर्तमान समस्याओं से संबंधित सवाल पूछे और फरीदाबाद सीजीएसटी के डिप्टी कमिश्नर ने जवाब दिया। फरीदाबाद चेप्टर के सीएमए अध्यक्ष वरूण सुखीजा, कार्यसमिति के सदस्य सीएमए बृजेश उपाध्याय, उपाध्यक्ष सीएमए गिरीख गखर, पूर्व अध्यक्ष सीएमए सचिन कथूरिया, एनआईआरसी अध्यक्ष शालिन्दर पालीवाल, एनआईआरसी उपाध्यक्ष मनीष कांडपाल, अप्रत्यक्ष कर के चेयरमैन महेश गिरी और सीएमए नवनीत कुमार जैन अध्यक्ष तकनीकी सेल एनआईआरसी तथा फरीदाबाद जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट संदीप सेठी उपस्थित थे।

## फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर 50 लाख ठगने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 इंचार्ज इंस्पेक्टर-रविन्द्र की टीम ने थाना सदर बल्लभगढ़ के धोखाधड़ी के मामले में आरोपी सोमेश को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सोमेश गुरुग्राम के सेक्टर-49 में रहता है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि आरोपी ने अपने बिजनेस पार्टनर अनिल निवासी शाहपुर को एक ऑडी गाड़ी 11 लाख रुपये में बेची थी। जिसे उसने 3-4 महिने बाद उससे अपनी गाड़ी खराब होने के बहाने ले गया। आरोपी ने अपने बिजनेस पार्टनर को परफ्यूम और डियो की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर 50 लाख रुपये लिए थे। पुलिस को सूचना मिलने पर मामले की जांच कर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गुरुग्राम के सेक्टर-49 से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी से 50 हजार रुपये बरामद कर लिए गए हैं। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी की एक डियो व परफ्यूम बनाने की फैक्ट्री है। आरोपी ने फ्रॉड के मामलों को दिल्ली, उड़ीसा और गुरुग्राम में भी अंजाम दिया है। आरोपी को आज अदालत में पेश करने से पहले कोरोना का टेस्ट कराने पर आरोपी के पॉजिटिव पाए जाने पर क्वारंटाईन किया गया है। आरोपी का पुन: कोरोना टेस्ट कराने के बाद अदालत में पेश किया जाएगा।

## निगम ने किया कई इकाईयों को सील

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद द्वारा संपति कर के बकायाजात की वसूली के लिए पिछले कई महीने से कई ईकाइयों को सील किया जा रहा है जिसमे से उन ईकाइयों को डी-सील किया गया है जिनके बकायाजात जमा हो गये है। अभी भी कई ईकाइया सील पडी है, जिनके मालिकों ने अभी तक नगर निगम मे बकायाजात जमा नहीं कराए हैं। निगमायुक्त ने बताया कि 10 जनवरी को एनआईटी जोन-2 मे 3 ईकाइयों को सील किया गया है जिन पर करीब 13 लाख 28 हजार रुपये बकाया है। निगमायुक्त यशपाल यादव ने कहा कि जिन ईकाइयों को सील किया जा चुका है और उनकी ओर से बकाया संपति कर की राशि वसूल नही हुई है उन सभी ईकाइयों की निगम द्वारा नीलामी करने की कार्यवाही प्रारम्भ हो गई है और आने वाले कुछ समय मे ही इन ईकाइयो की खुली नीलामी की जायेगी। आयुक्त ने करदाताओं से अपील की है कि उपरोक्त कार्यवाही से बचने के लिए सभी अपने अपने बकायाजात की अदायगी तुरन्त करे। इसके साथ-साथ निगम आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि दिनांक 31मार्च 2022 तक सभी संपत्ति कर बकायादारों से बकायाजात वसूल किया जाये या उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

## भैंस चोर को गिरफ्तर कर पिकअप गाड़ी की बरामद

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने चोरी के मामलों में कार्रवाई करते हुए थाना भूपानी के मुकदमें में आरोपी नेक मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी उत्तर प्रदेश के हापुर के गांव देहरा का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी ने 5 दिसम्बर को गांव टिकावली भूपानी के जसवंत के घर भैंस चोरी की घटना को अपनी पिकअप गाडी से अंजाम दिया था। आरोपी ने भैस कटिया व कटडा चोरी करके उत्तर प्रदेश के मसूरी लेकर गया था। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने छांयासा के केजीपी पुल से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह अपनी गाड़ी को 10 हजार रुपये के किराए पर लेकर आया था। आरोपी से 4 हजार रुपये नगद और पिकअप गाडी बरामद कि गई है। वारदात में शामिल अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## एबीवीपी ने लगाया वैक्सीनेशन कैम्प

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, फरीदाबाद के आयाम स्टूडेंट फॉर सेवा जिला फरीदाबाद एवं स्वास्थ्य विभाग फरीदाबाद के संयुक्त सहयोग से निशुल्क कोविड-19 टीकाकरण शिविर किया गया आयोजन। जिला मीडिया संयोजक रवि पांडे ने बताया जिला प्रशासन के सहयोग से यह 18वां वैक्सीनेशन कैंप का सफल रहा। यह वैक्सीनेशन कैंप संजय कॉलोनी एफ ब्लॉक काली माता मंदिर में किया गया। वैक्सीन के द्वारा ही कोरोना के प्रभाव को कम किया जा सकता है, इसलिए अभाविप आपसे अपील करता है कि आप सभी आप अपना एवं अपने 15+ आयु वर्ग के बच्चों को जल्द से जल्द वैक्सीन लगवाएं। सुरज प्रधान ने बताया इस वैक्सीनेशन कैंप में पहली एवं दूसरी डोज लगाई गई। वैक्सीनेशन कैंप में 340 लोगों को कोरोना बचाव की डोज लगाई गई। निकेत तिवारी का कहना है कोरोना की संभावित तीसरी लहर को हराने के लिए वैक्सीनेशन बहुत जरूरी है। इसीलिए लोगों को भ्रांतियों में आए बगैर वैक्सीन लगवानी चाहिए, क्योंकि वैक्सीन का शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। सचिन झा ने वैक्सीनेशन कैंप के लिए सीएमओ विनय गुप्ता, एसएमओ डॉ बिन्नी रस्तोगी, डॉ मानसिंह ड्रग ऑफिसर, डॉ विकाश ग्रोवर, डॉ सुभानी का धन्यवाद व्यक्त किया।

# टीकाकरण का लाभ

## हर्ड इम्युनिटी का सवाल

**लैंसेट** में 1 जनवरी को प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है, 'रैंडम नियंत्रित परीक्षणों तथा ब्राजील व स्काटलैंड में हुए वास्तविक प्रभावशीलता अध्ययनों से पता चला है कि कोविड-19 वैक्सीनों द्वारा अल्पकालीन संरक्षण मिलता है।' इसमें कहा गया है कि लक्षण वाले संक्रमण से सुरक्षा दूसरी खूराक के तीन महीने के भीतर घटना शुरू हो जाती है। स्काटलैंड में प्रभावशीलता शुरुआत में 2-3 सप्ताह तथा दूसरी खूराक के बाद 6-7 सप्ताह तुलनात्मक रूप से स्थिर रही। इसके बाद वह दूसरी खूराक के 18-19 सप्ताह पश्चात घट गई। अन्य अध्ययनों से पता चला है कि पूर्ण टीकाकृत लोगों की आधी एंटीबाडी हर 108 दिन में नष्ट हो जाती हैं। क्या इसका अर्थ यह है कि प्रभावशीलता एक साल बाद उल्लेखनीय रूप से घट जाती है? ऐसे अध्ययन तीसरी खूराक या बूस्टर खूराक देने का आधार बने हैं क्योंकि बूस्टर प्राप्त करने वाले लोगों में गंभीर संक्रमण का खतरा घट जाता है। इससे वैक्सीन चक्रों के बारे में कुछ सवाल उठते हैं। इससे ऐसे सवाल भी उठते हैं जिनको वर्तमान तथा भावी टीकाकरण शोध के बारे में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद तथा राष्ट्रीय प्रतिरक्षीकरण तकनीकी सलाहकार को संबोधित करना चाहिए। पहले सवाल का संबंध वैक्सीन संबंधी समस्या से है। आपने गौर किया होगा कि हर 7-9 महीने में जनसंख्या के एक पूर्ण टीकाकृत हिस्से में वैक्सीन की प्रभावशीलता घट जाती है। अत्यधिक संक्रमणनीय स्वरूप से संपर्क की स्थिति में यह गैर-टीकाकृत लोगों की तुलना में थोड़ा ही बेहतर होता है। इस प्रकार टीकाकरण प्रक्रिया में एक ऐसा समय आता है जब गैर-टीकाकृत व टीकाकृत लोगों के एक हिस्से को खूराक की जरूरत होती है। इनमें गैर-टीकाकृत लोगों को पहली खूराक, जबकि टीकाकृत लोगों को तीसरी या



बूस्टर खूराक की जरूरत होती है। ये दो हिस्से कुल मिला कर कोरोनावायरस के वर्तमान स्वरूपों के प्रति खतरा पैदा करते हैं। हमारे वैज्ञानिकों को हमें यह बताने की आवश्यकता है कि इस परेशान करने वाले दुष्चक्र से बाहर कैसे निकला जाए। वर्तमान सरकारी निर्देशों से संकेत मिलता है कि फिलहाल इस समस्या के दो समाधान हो सकते हैं। टीकाकरण से संक्रमण दर घटाई जा सकती है, भले ही समय बीतने के कारण प्रभावशीलता का स्तर चाहे जो हो। सोशल डिस्टेंसिंग, वर्क फ्राम होम तथा सप्ताहांत कर्फ्यू के माध्यम से संक्रमण घटाना भी इनमें शामिल है। हमारे वायरसविज्ञानियों को यह बताने की आवश्यकता है कि क्या ऐसी एंटीबाडी को निष्क्रिय करना संभव है जो कोशिकाओं में प्रवेश के पहले वायरसों पर हमले करती है और वह निरंतर बनी रहती है। यदि ऐसा नहीं है तो पूर्ण टीकाकृत जनसंख्या के लिए तीसरी बूस्टर खूराक का विकल्प उचित विकल्प न केवल 60 से अधिक आयु वालों, बल्कि सभी आयुवर्गों के लिए है। अन्य विकल्पों के लिए हमें वैज्ञानिक अध्ययनों की आवश्यकता होगी जो कोशिकीय प्रतिरक्षण प्रदान कर बीमारी से पूर्ण सुरक्षा दे सकें। दूसरे सवाल का संबंध हर्ड इम्युनिटी से है। कोविन वेबसाइट के अनुसार अब तक 88 करोड़ लोगों को पहली खूराक तथा 63 करोड़ लोगों को दोनों खूराकें मिल चुकी हैं। अब भी टीकाकरण के कारण हर्ड इम्युनिटी पाने में समय है। क्या हम संक्रमण के कारण हर्ड इम्युनिटी प्राप्त कर सकते हैं क्योंकि हम पहले ही दो बड़ी लहरों का सामना कर चुके हैं? इससे संबंधित एक सवाल यह भी है कि जब मूल वायरस लगातार अपना स्वरूप बदल रहा है तब क्या हमें हर स्वरूप के खिलाफहर्ड इम्युनिटी प्राप्त करनी होगी अथवा इसे एक बार प्राप्त करना काफी होगा? यदि एक वायरस स्वरूप से संक्रमण पर बनी एंटीबाडी दूसरे स्वरूपों से सुरक्षा दे सकती हों तो हम राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक संरक्षण प्राप्त कर सकते हैं। क्या हम इसकी उम्मीद कर सकते हैं?

# चुनावी वादों की भरमार

**पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए यह सवाल पूछने का समय आ गया है कि क्या निर्वाचन आयोग इस बारे में निर्णायक रूप से काम कर सकता है।**



**एस कल्याणसुंदरम**
(लेखक सेवानिवृत्त बैंकर हैं)



जब भी किसी राज्य में चुनाव होता है, राजनीतिक पार्टियां मतदाताओं से लंबे-चौड़े वादे करती हैं। लोकतंत्र में जनता से वादे करना ठीक है क्योंकि मतदाता इसी कार्ययोजना के आधार पर उपयुक्त पार्टियों और व्यक्तियों को अपने प्रतिनिधित्व के लिए चुनते हैं। लेकिन हाल के सालों में यह देखने में आया है कि राजनीतिक पार्टियां अपने चुनाव घोषणापत्रों में ऐसे आश्वासन देती हैं जो आर्थिक रूप से संभव और उपयुक्त नहीं हैं। तमिलनाडु चुनावों में द्रमुक व अन्नाद्रमुक ने किसानों की कर्ज माफी और यहां तक कि जेवरों के लिए कर्ज माफी के वादे किए थे। उन्होंने चिकित्सा सीटों के लिए नीट हटाने के भी वादे किए थे, जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने भी नीट को मेडिकल कालेजों में प्रवेश के लिए उचित माना था। अब भारतीय जनता पार्टी के आंध्र प्रदेश के एक वरिष्ठ नेता ने वादा किया है कि यदि भाजपा सत्ता में आती है तो वे केवल 50 रुपये में शराब उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में करोड़ों लोग शराब पीने वाले हैं और यदि उनमें से सभी 2024 में भाजपा को वोट देते हैं तो उनको शराब शुरुआत में 75 रुपये में मिलेगी। यदि सरकार को अच्छा राजस्व मिलता है तो शराब के दाम घटा कर 50 रुपये भी किए जा सकते हैं। उन्होंने यह आश्वासन भी दिया कि नागरिकों को अच्छी शराब मिलेगी। इस प्रकार के वादों से पता चलता है कि पार्टियां वोट पाने के लिए क्या कर सकती हैं। ऐसे वादे अनैतिक व अनुचित हैं। यह हमारे संविधान की भावना के भी विपरीत हैं तथा निर्वाचन आयोग व न्यायपालिका को स्वत: इनका संज्ञान लेना चाहिए। विडंबना है कि सस्ते दामों पर गुणवत्तापूर्ण शराब का वादा भारतीय जनता पार्टी ने किया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिंदू राष्ट्रवादी की अपनी पहचान तथा भारत की समृद्ध विरासत पर गर्व करते हैं। उन्होंने नई दिल्ली में नए संसद भवन के भूमि पूजन के समय लोकतंत्र के उत्तरामेरूर माडल का संदर्भ दिया था। लोकतंत्र हमें पश्चिमी देशों से नहीं मिला है। वास्तव में हमें धन्यवाद देना चाहिए कि लोकतंत्र की जड़ें प्राचीन भारत में हैं और उनका व्यवहार तमिलनाडु में उत्तरामेरूर द्वारा 1200 साल पहले स्वशासन की विकसित व्यवस्था के रूप में किया गया था। पश्चिमी बुद्धिजीवी 1215 साल पहले बने मैग्नाकार्टा को 'स्वतंत्रताओं के चार्टर' के रूप में प्रचारित करते हुए इसे दुनिया का सबसे पुराना व महानतम लिखित संवैधानिक दस्तावेज बताते हैं। शायद उनको ज्ञान नहीं है कि मैग्नाकार्टा के 450 साल पहले और 1788 में संयुक्त राज्य अमेरिका का संविधान लागू होने से लगभग 1000 साल पहले व्यक्तिगत स्वतंत्रता व स्वशासन पर एक बेहतर संहिता उपलब्ध थी।

तमिलनाडु के अनेक मंदिरों की दीवालों पर ग्राम विधानसभाओं की उपस्थिति के पुरालेख मिलते हैं। उत्तरामेरूर मंदिर में प्राचीनतम पुरालेख मिले हैं जिनमें इस बात की पूर्ण सूचना दी गई है कि निर्वाचित ग्राम सभा कैसे काम करती है। इन पुरालेखों में वार्डों के गठन, चुनावों में नामांकन करने वाले उम्मीदवारों की योग्यता, उनको अयोग्य ठहराने के मानकों, चुनाव के तरीकों, निर्वाचित सदस्यों की समितियों के गठन तथा इन समितियों के कामकाज, आदि के बारे में विस्तृत विवरण दिया है। पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त चुनाव सुधारों के मामले में उत्तरामेरूर मंदिर के पुरालेखों से प्रेरित थे। हमारे संविधान में अनुच्छेद 47 के अंतर्गत राज्य नीति के निर्देशक सिद्धान्त दिए गए हैं। इसमें कहा गया है, 'राज्य का दायित्व पोषण का स्तर सुधारना तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य में बेहतरी से जीवन का मानक ठीक करना है। राज्य को अपने नागरिकों का पोषण स्तर तथा जीवन स्तर सुधारने को अपना प्राथमिक दायित्व मानना चाहिए तथा खासकर राज्यों को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नशीले पदार्थों व औषधियों का प्रयोग औषधीय उद्देश्यों के लिए करना छोड़ कर प्रतिबंधित करना चाहिए।' इसलिए सत्ता में आने पर सस्ती कीमत पर शराब देने के प्रस्ताव को राज्य नीति के निर्देशक सिद्धान्तों के खिलाफ माना जाना चाहिए। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 5 जुलाई, 2013 को एस. सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु सरकार व अन्य मामले में दिए फैसले का उल्लेख करना उचित होगा। इसका संबंध लोगों को मुफ्त उपहार बांटने से है। 2006 में विधानसभा का चुनाव घोषणापत्र जारी करते हुए द्रविण मुन्नेत्र कझगम ने एक योजना की घोषणा की थी जिसमें पार्टी या गठबंधन के सत्ता में आने पर प्रत्येक ऐसे परिवार को रंगीन टेलीवीजन सेट देने की बात शामिल थी जो उसके पास पहले से न हो। पार्टी ने मुफ्त रंगीन टीवी बांटने को घरेलू महिलाओं के मनोरंजन तथा सामान्य जानकारी देने के आधार पर उचित ठहराया था। इनमें खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले परिवार शामिल थे। इस योजना के अंतर्गत उन परिवारों की सूची बनाने का काम शुरू हुआ जिनके पास रंगीन टीवी न हों। इसके लिए घर-घर जाकर सर्वेक्षण तथा प्रार्थनापत्र वितरण का काम शुरू हुआ। इस योजना को उच्च न्यायालय के समक्ष एक रिट याचिका के माध्यम से चुनौती दी गई कि इस योजना पर सरकारी खजाने से राज्य सरकार द्वारा किया जाने वाला खर्च अनाधिकृत व अनुमति योग्य नहीं है तथा यह संवैधानिक आदेशों के विपरीत है। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै शाखा ने यह याचिका खारिज कर दी। सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया कि चुनाव घोषणापत्रों में किए वादों को भ्रष्ट व्यवहार नहीं कहा जा सकता है। उसने यह भी कहा कि याचिका में चुनौती दी गई योजनायें राज्य नीति के निर्देशक सिद्धान्तों के दायरे में आती हैं और इस प्रकार सार्वजनिक उद्देश्यों के अंतर्गत हैं। इससे हम यह नतीजा निकाल सकते हैं कि राजनीतिक पार्टियां नीति निर्देशक सिद्धान्तों के खिलाफ वादे नहीं कर सकती हैं। जब नीति निर्देशक सिद्धान्तों में मद्यनिषेध को लागू करने की बात कही गई है तो इसके विपरीत वादा करना असंवैधानिक है।

सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा था, 'हालांकि, कानून स्पष्ट है कि चुनाव घोषणापत्रों में किए वादों को आरपी एक्ट की धारा 123 के अंतर्गत भ्रष्ट व्यवहार नहीं कहा जा सकता है, पर यथार्थ में इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि किसी प्रकार की चीज के मुफ्त वितरण से सभी लोग अपरिहार्य रूप से प्रभावित होते हैं। इस प्रकार यह एक बड़े स्तर तक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने की जड़ों पर प्रहार करती है।' सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिए थे कि वह चुनाव घोषणापत्रों को राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों को निर्देशित करने वाली आदर्श आचार संहिता में शामिल करने के दिशानिर्देश तैयार करे। इस प्रकार निर्वाचन आयोग को न केवल चुनाव घोषणापत्रों, बल्कि राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों के बयानों पर कार्रवाई करने का अधिकार प्राप्त है। सर्वोच्च न्यायालय के एक अन्य दिशानिर्देश के आधार पर निर्वाचन आयोग ने 2013 अगस्त में राजनीतिक पार्टियों की एक बैठक बुलाई थी ताकि चुनाव घोषणापत्रों के बारे में रूपरेखा निर्धारित की जा सके। लेकिन विभिन्न राज्यों में हो रहे हालिया विधानसभा चुनावों में विभिन्न राजनीतिक पार्टियां बिना किसी जवाबदेही के लंबे-चौड़े वादे कर रही हैं।

अनेक वादों के राज्य पर आर्थिक प्रभाव होंगे, पर इनके लिए धन की उपलब्धता की व्याख्या के बिना वादे किए जा रहे हैं। लोग न केवल चुनाव घोषणापत्रों, बल्कि विभिन्न स्थानों पर आयोजित चुनाव मीटिंगों में दिए आश्वासनों से भी प्रभावित होते हैं। इसलिए निर्वाचन आयोग को राजनीतिक पार्टियों द्वारा आयोजित की जाने वाली इन बैठकों पर भी नजर रखनी चाहिए तथा उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। पंजाब, उत्तर प्रदेश, गोवा व मणिपुर में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए समय आ गया है कि निर्वाचन आयोग निर्णायक रूप से कार्रवाई करे।

# अर्थव्यवस्था में असंतुलन की स्थिति

> **सबसे बड़ी समस्या यह है कि 2019 में 26.5 प्रतिशत का योगदान देने वाला उद्योग फिसल रहा है और 15.6 प्रतिशत के साथ कृषि विकास को बनाए रख रही है।**

**शिवाजी सरकार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



सरकार के पास एक असाधारण बजट पेश करने का एक कठिन काम है जो कम लागत वाला, विकास पर उच्च और ऋण स्थिरता वाला हो, भले ही वह तीसरी महामारी लहर से जूझ रहा हो। 2025 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के घोषित सकल घरेलू उत्पाद के लक्ष्य को प्राप्त करना और 14.2 प्रतिशत की उच्च मुद्रास्फीति की जांच नहीं तो समायोजित करना एक चुनौती है। अब अनुमान 2025 तक लगभग 2.6 ट्रिलियन डॉलर के बजट का है।

महामारी ने निश्चित रूप से उपलब्धियों को लगभग 200-300 मिलियन डॉलर कम कर दिया है। उच्च मुद्रास्फीति उच्च ऋण और असंतुलन के कारण सरकार की राजकोषीय स्थिति पर जोर देती है, जिससे विकास प्रभावित होता है। आईएमएफ का मानना है कि केंद्र सरकार का घाटा बढ़कर 8.6 प्रतिशत हो गया है और राज्यों का घाटा 2020-21 में बढ़कर 12.8 प्रतिशत हो गया है, जो ज्यादातर कोविड -19 के कारण है। बैंक क्रेडिट भी कम हो गया है। सरकार को 470 परियोजनाओं में देरी के कारण 4.38 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान करना है। ऑफलाइन मोड और अन्य प्रतिबंधों का अर्थव्यवस्था पर असर होने के कारण, यह अपने आप में एक चुनौती है। इसे स्वास्थ्य क्षेत्र पर बढ़ते दबाव और सार्वजनिक ऋण की कमजोरियों को नियंत्रण में रखना होगा। रास्ते ठीक करना आसान नहीं है।

इसे कई हैक किए गए उच्च लागत वाले बुनियादी ढांचे के निवेश से बाहर निकलना चाहिए। अविकसित राजमार्ग प्रणाली ने ग्रामीण व्यवस्था पर अतिरिक्त लागत लगा दी है क्योंकि पड़ोस दूर हो जाता है और लोगों को उच्च शुल्क और टोल का भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाता




है। कुछ छोटे और मध्यम आकार के शहरों और कस्बों को फ्लाईओवर और महानगरों के साथ डंप किया जा रहा है जिससे उनकी कार्यक्षमता, सौंदर्यशास्त्र और उच्च लागत वाले बुनियादी ढांचे को बनाए रखने की क्षमता प्रभावित हो रही है। पश्चिम की ओर बढ़ना भुगतान नहीं करता है। यह उन उत्पादों के आयात में कटौती की मांग करता है जिन्हें विदेशी मुद्रा बचाने के लिए रेल ट्रैक सीमेंट स्लीपर की तरह घरेलू स्तर पर बनाया जा सकता है।

आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 भारतीय स्थिति में उच्च ऋण को एक समस्या के रूप में नहीं देखता है, लेकिन यह निश्चित रूप से ऋण सेवा समस्याओं को उठाता है। श्वस का विचार है कि चूंकि ब्याज दरें कम हैं, देश इसे बनाए रखने में सक्षम होगा। निरंतर दर वृद्धि से अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के लिए उधार की लागत को कम रखने के लिए आरबीआई के मामले को खतरा हो सकता है, यह देखते हुए कि उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति को 2 से 6 प्रतिशत के लक्ष्य बैंड के भीतर रखने का जनादेश है।

सबसे बड़ी चिंता यह है कि सितंबर तिमाही में निजी अंतिम खपत व्यय (पीएफसीई) अभी भी महामारी से पहले के स्तर पर नहीं पहुंचा है। पीएफसीई भारत के सकल घरेलू उत्पाद का सबसे बड़ा घटक है और इसकी कमजोरी बताती है कि वसूली अभी भी व्यापक आधारित नहीं है और अमीरों द्वारा संचालित की जा रही है। महामारी में, बड़ा असंगठित श्रम क्षेत्र लागत का खामियाजा भुगत रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था की निगरानी के लिए केंद्र ने अनुमान लगाया कि शहरी केंद्रों में 130 मिलियन से अधिक दैनिक मजदूर बेरोजगार और बेघर हो गए थे। भारत की अर्थव्यवस्था पिछले एक दशक - 2011-21 के अधिकांश समय से संकट में है। निर्यात करीब एक दशक से करीब 300 अरब डॉलर पर अटका हुआ है। 68 दिनों के विश्व लॉकडाउन ने भारत को विनिर्माण या निर्यात में पीछे हटने से रोक दिया है। देश बांग्लादेश जैसे छोटे प्रतिद्वंद्वियों के लिए बाजार हिस्सेदारी खो रहा है, जिनकी उल्लेखनीय वृद्धि निर्यात पर टिकी है।

राजस्व अनुमान मध्यम बना हुआ है। प्रधान मंत्री के लिए भारत की आर्थिक सलाहकार परिषद को उम्मीद है कि देश 7.7 से 7.5 प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि करेगा। राजस्व संग्रह मध्यम रूप से अधिक हो सकता है। लेकिन जिस देश को नकदी की अधिक मात्रा की जरूरत है, उसके लिए वित्त का प्रबंधन करना आसान नहीं होगा। सबसे बड़ी समस्या यह है कि 2019 में 26.5 प्रतिशत का योगदान देने वाला उद्योग फिसल रहा है और 15.6 प्रतिशत के साथ कृषि विकास को बनाए रख रही है। भविष्य की प्रवृत्ति मुद्रास्फीति की बनी रह सकती है और 2022-23 की दिशा में पाठ्यक्रम ऊबड़-खाबड़ रहेगा लेकिन अगर महामारी समाप्त हो जाती है तो स्थिर होने की उम्मीद है।

## आप की बात

### बढ़ते मामले और चुनाव

**देश** में आमिक्रोन के मामले व करो के मामले बढ़ते बढ़ते प्रतिदिन पौने दो लाख के लगभग शुरू हो गए और यह संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है दूसरी तरफ इसके नए वेरिएंट भी विदेशों में आ चुके हैं डाटा प्लस आमिक्रोन ऐसे हालातों में तीसरी लहर का पीक अगले महीने यानी फरवरी के मध्य में आने की बात कही जा रही है, स्वाभाविक ही चुनाव आयोग ने अभी से सख्त कोरोना गाइडलाइंस जारी कर दी हैं। सभी राजनीतिक दलों ने इन पाबंदियों का स्वागत करते हुए इन्हें स्वीकार करने की बात कही है। आचार संहिता लागू हो गई है। अब देखने की बात यह होगी कि हमारे राजनीतिक दल कितनी जिम्मेदारी और संयम से काम लेते हैं। आयोग की कितनी सुनते हैं। अब तक चुनावी सभाओं में जिस कदर भीड़ उमड़ती रही है, उसके लिए लोगों से कहीं ज्यादा दोषी राजनीतिक दल हैं। पिछले एक महीने में सभी दलों ने महामारी विशेषज्ञों की चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए चुनावी सभाएं और रैलियां कीं और गैरजिम्मेदारी का ही परिचय दिया। हमारे देश की राजनीतिक पार्टियां खुद को कानून से ऊपर समझती है और चुनाव आयोग के निर्देशों को तो वह पानी में घोलकर पी जाएगी।

**-सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### वीर बाल दिवस

**सिखों** के दसवें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की है। गुरु जी के चारो साहब जादो ने मुगलो के सामने न झुकने के बजाय अपना बलिदान दे दिया ।गोविंद सिंह के साहब जादो जोरावर सिंह और फतेह सिंह जी को दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था। दोनो साहबजादों ने धर्मके रास्ते से विचलित होने के बजाय स्वयं का बलिदान कर दिया। प्रधानमंत्री ने साहबजादों के साहस और न्याय के आत्मोत्सर्ग के प्रति यह दिवस मनाकर उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि दी है। वही गृहमंत्री ने कहा कि गुरु जी ने राष्ट्रविरोधी ताकतों के खिलाफ एकजुट होने की शिक्षा दी है ।जिन्होंने अपने चारों पुत्रो के बलिदान और स्वयं जीवन भर विधर्मियो से संघर्ष करते हुये अन्याय के प्रति कभी न झुकने की प्रेरणा लोगो को दिया ।गुरु जी ने राष्ट्र विरोधी ताकतों के खिलाफ एकजुट होने के प्रेरणा दिया है। जो आज भी सामयिक और प्रासंगिक है। लोग देश मे विदेशी ताकतों के इशारे पर अलगावववद, आतंकवाद और अराजकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं। जिसके लिये धन मादक पदार्थो की तस्करी से इकट्ठा किया जा रहा है।

**- कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### भड़काऊ बयान

**अब** ये शीशे की तरह साफ हो चूका है की धर्म संसद में दिया गया भड़काऊ बयान के पीछे सिर्फ देनेवाले का हाथ नहीं है। बल्कि उन बयानों में, देश के शीर्ष शासकों एवं प्रशासकों का सहमति शामिल है । वरना क्या ऐसा कारण हो सकता है के सशस्त्र बलों के पांच पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ और दिग्गजों, नौकरशाहों और प्रमुख नागरिकों सहित सौ से अधिक अन्य लोगों ने राष्ट्रपति एवं प्रधान मंत्री को विभिन्न आयोजनों में भारतीय मुसलमानों के नरसंहार के खुले आह्वान के बारे में ध्यानाकर्षित किया गया ।कोई पत्रोत्तर नहीं मिला। अब आईआईएम के 183 छात्रों एवं फैकल्टी मेंबर्स ने भी खुला पत्र में पीएम को लिखा है की हेट स्पीच पर आपकी ख़ामोशी नफरत की आवाजों को और रफ़्तार देगा% इसपर भी लगता नहीं की कोई प्रतिक्रिया आएगी। सबसे बड़ी बात के धर्मसंसद के गुनाहगारों को अबतक गिरफ्तार तक नहीं किया गया है। इसका मतलब केंद्र से लेकर राज्य तक, ऊपर के लोगों का आशीर्वाद हेट स्पीच देने वालों के साथ है।

**- जंगबहादुर सिंह**, जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**दो** दिन बुखार और घर में एकांतवास अवधि पूर्ण करने के बाद मैं वापस आपकी सेवा में आ गया हूं।

**- अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

**हमने** बहुत से औजार विकसित कर लिए हैं, और कर रहे हैं, जो कोविड और उसके प्रतिरूपों पर नियत्रण कर सकते हैं।

**- जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**कांग्रेस** पार्टी युवाओं, किसानों, महिलाओं, कामगारों और व्यापारियों के अधिकारों के लिए संघर्ष करेगी।

**- प्रियंका गांधी**
कांग्रेस महासचिव

# घर-घर जनसंपर्क करने जाएगी भाजपा कार्यकर्ताओं की टोली

● अभियान के जरिए यूपी सरकार के कार्यों को जन जन तक पहुंचाया जाएगा

●कोरोना प्रोटोकॉल के तहत पांच लोगों की टोली करेगी जनसंपर्क

## राज्य के 174000 बूथों को मथेंगे भाजपा कार्यकर्ता और नेता



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** में जन विश्वास यात्राओं के जरिए प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को हर विधानसभा क्षेत्र तक पहुंचाने के बाद अब बीजेपी 11 जनवरी से प्रदेश भर में जनसंपर्क अभियान शुरू करेगी। जानकारी देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत पार्टी के नेता और कार्यकर्ता कोरोना प्रोटोकॉल पालन करते हुए घर-घर जाएंगे। लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों, श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं के लिए किए गए कार्यों की जानकारी देंगे। लोगों को बताएंगे कि प्रदेश की योगी सरकार ने कैसे अपराधियों पर नकेल कसी, कैसे बेघरों को आवास मुहैया कराए, घर-घर बिजली पानी पहुंचाने के लिए प्रयास किए तथा कैसे यूपी को रोजगार प्रदेश बनाया और कैसे किसानों के जीवन को खुशहाल बनाया है। उन्होने बताया कि मंगलवार 11 जनवरी को शुरू होने वाले भाजपा के इस जनसंपर्क अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ता और नेता राज्य के 174000 बूथों पर घर-घर जाएंगे। पांच-पांच व्यक्तियों का समूह बनाकर भाजपा कार्यकर्ता सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में जन संपर्क अभियान चलाएंगे। पार्टी द्वारा वोटर लिस्ट के पन्ना स्तर तक लोगों से संपर्क का कार्यक्रम पार्टी द्वारा बनाया गया है। सरकार की उपलब्धियों को लोगों को बताने के लिए संपर्क टोली लोगों को सरकार की उपलब्धियों को बताने वाले पैम्पलेट पूरी हुई हर आस, घर-घर हुआ विकास भी देंगे। बताया कि अभियान के तहत तीन श्रेणियों में कार्यकर्ता प्रवास करेंगे। इसमें महिला संपर्क, सामाजिक संपर्क और लाभार्थी संपर्क शामिल हैं। सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों के अनुरूप टोलियां बनाई गई हैं। सभी टोलियों में चुनाव आयोग के निर्देशों के तहत अधिकतम 5 कार्यकर्ता शामिल किए गए हैं। संपर्क के क्रम में सभी टोलियों के लोग कोविड व्यवहार का पालन करेंगे। लोगों को मास्क और सैनिटाइजर का वितरण भी कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त संपर्क टोली लोगों के घरों में भाजपा के स्टीकर और झंडे भी लगाने का आग्रह करेगी। अभियान के तहत साढ़े तीन करोड़ लाभार्थियों से विशेष तौर पर सम्पर्क की योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति के बाद सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में एलईडी रथ भाजपा सरकार की योजनाओं और गरीब कल्याण की योजनाओं, कानून व्यवस्था में सुधार, गुण्डाराज और माफियाराज की समाप्ति, महिलाओं-बेटियों की सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों, गरीब, वंचित कल्याण की योजनाओं के बारे में जानकारी देकर लोगों को भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील करेंगे। सभी सांसद, विधायक, मंत्री, सभी जनप्रतिनिधि और पार्टी के पदाधिकारी इस जनसंपर्क अभियान का हिस्सा बनेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में 15 करोड़ गरीबों को डबल राशन के साथ, प्रदेश सरकार मुफ्त राशन, तेल, शक्कर, दाल का वितरण कर रही है। 3.10 करोड़ श्रमिकों को भरण पोषण के लिए 500 रुपए प्रतिमाह देने और 23 लाख श्रमिकों को भरण पोषण के लिए 1000 रुपए प्रति माह देने के लिए 230 करोड़ रुपए की धनराशि दी गई है। राज्य में सभी लोगों को कोरोना का मुफ्त टीका लगाया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं की जनसंपर्क टोली यह भी बताएगी कि सरकार ने बेघरों की सुध ली है। इसके तहत प्रधानमंत्री आवास योजना में 42 लाख से अधिक आवासों का निर्माण किया गया, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 90225 आवासों का निर्माण किया गया। अपराधियों पर नकेल कसने के तहत माफियाओं द्वारा अर्जित की गई 1574 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। किसानों की खुशहाली के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में 2.48 करोड़ किसानों को 32500 करोड़ रुपए दिए गए। राज्य में 86 लाख लघु और सीमान्त किसानों का 36000 करोड़ रुपए का ऋण दिया गया। यूपी को रोजगार प्रदेश बनाते हुए 4.50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई और यूपी देश में 44 योजनाओं में अब नंबर वन के स्थान पर पहुंच गया।

# ओलावृष्टि से फसलों के हुए नुकसान पर मुआवजा देने का फैसला

● अधिकारियों से प्रभावित क्षेत्रों की शासन ने मांगी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

राज्य सरकार प्रदेश में ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुए नुकसान की भरपाई करेगी। वह प्रभावित हुए किसानों को उनकी फसल का पूरा मुआवजा देगी। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि ओलावृष्टि से प्रभावित जिलों में पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित किये जाएं। किसानों को हुए नुकसान का आकलन कर तत्काल भरपाई कराई जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को टीम.9 की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर जल्द शासन को रिपोर्ट उपलब्ध कराएं जिससे इस सबंध में आगे की कार्रवाई की जा सके। किसानों को उनकी खराब फसलों का सही समय पर मुआवजा दिया जा सके। उन्होंने राहत विभाग को ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखने और प्रभावित लोगों की तत्काल मदद करने को कहा है। बता दें कि इससे पहले भी सरकार बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मुआवजा किसानों को दे चुकी हे। बारिश हो या फिर बाढ़ आने पर सरकार ने किसानों को तत्काल राहत देने का काम किया है। प्रदेश की योगी सरकार की प्राथमिकता किसानों के साथ हमेशा खड़े रहने की है। विदित हो कि आपदा से होने वाले नुकसान पर आमतौर पर तात्कालिक राहत राज्य सरकार देती है। फसल या अन्य नुकसान होने पर राज्य सरकार केन्द्र को मेमोरेन्डम भेजकर विशेष राहत पैकेज मांगती है।

## बर्बाद हुयी फसलों का तत्काल आकलन कराकर मुआवजा दे सरकारः रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद ने कहा कि प्रदेश में हो रही असमय बारिश और ओलावृष्टि से फसलों का बहुत अधिक नुकसान हुआ है जिससे किसानों की कमर टूट गयी है। इस दैवीय आपदा के साथ साथ प्रदेश सरकार की लचर व्यवस्था के फलस्वरूप किसानों के साथ साथ प्रदेश का आम आदमी मंहगाई की मार झेल रहा है। विशेष रूप से किसानों ने मंहगे बीज और मंहगी खाद लगाकर फसले तैयार की हैं जो ओलावृष्टि और बारिश के कारण बर्बाद हो गयी है। डॉ अहमद ने कहा कि ऐसी आपदा में सरकार को चाहिए कि वह आचार संहिता का बहाना न लगाते हुये जिलाधिकारियों के माध्यम से किसानों की बर्बाद हुयी फसलों का तत्काल आंकलन कराकर मुआवजा वितरित करे ताकि किसानों और गरीब तबके की परेशानी कुछ कम हो सके। विगत दो वर्षो से कोरोना महामारी और केन्द्र सरकार द्वारा पूंजीपतियों के हित में पारित किये गये काले कृषि कानूनों के फलस्वरूप उपजे किसान आन्दोलन के कारण किसान और मजदूर अपने परिवार को पालने में दो जून की रोटी भी नहीं कमा पा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसानों के हित को देखते हुये उन्हें तत्काल आपदा राहत मिलनी चाहिए।

## चुनाव आचार संहिता का हो प्रभावी अनुपालनः अजय कुमार शुक्ला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन करने के लिए कहा गया है। प्रदेश में लागू आचार संहिता को सुनिश्चित कराने के अन्तर्गत सरकारी व निजी सम्पत्तियों से कुल 960482 प्रचार सामग्री हटायी गयी है जिसमें से सरकारी सम्पत्तियों से कुल 732186 प्रचार सामग्री विरूपित किया गया। इसी प्रकार निजी सम्पत्तियों से कुल 228296 प्रचार सामग्री विरूपित किया गया। उन्होने बताया कि विरूपित मामलों में वाल राइटिंग, पोस्टर, बैनर व अन्य सामग्री शामिल है। सरकारी सम्पत्तियों से वाल राइटिंग के कुल 38891, पोस्टर के 342907, बैनर के 2,30987 व अन्य 119401 मामलों में कार्रवाई की गयी है। इसी प्रकार निजी सम्पत्तियों के मामलो में वाल राइटिंग के 19615, पोस्टर के 114688, बैनर के 58769 तथा 35224 अन्य मामलों में कार्रवाई की गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शंतिपूर्ण मतदान के लिए प्रदेश की कानून व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया गया है। पुलिस, आयकर, आबकारी एवं नारकोटिक्स विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। पुलिस विभाग द्वारा अब तक 10007 लाईसेन्सी शस्त्र जमा कराये गये हैं, 9 लाईसेन्स जब्त किये गये है तथा 4 लाईसेन्सों को निरस्त किया गया है। इसी प्रकार आईपीसी एवं सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुये 28474 लोगों को पाबन्द किया गया तथा 335 लोगों के विरूद्ध गैर जमानती वारन्ट तामील कराया गया। इसी प्रकार आबकारी विभाग द्वारा अब तक 15.58 लाख रूपये से अधिक मूल्य की 6588 लीटर मदिरा जब्त की गयी हैं।

# चुनाव को देखते हुए 31 जनवरी तक सौ फीसदी टीकाकरण करा लिया जाएः मुख्य सचिव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## सीएस की अध्यक्षता में वैक्सीनेशन के लिए गठित स्टेट स्टीयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए गठित स्टेट स्टीयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। मु य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि कोरोना महामारी की स्थिति को देखते हुए एवं आसन्न विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत 31 जनवरी तक प्रदेश में 100 प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करा ली जाए। उन्होंने कहा कि लक्षित आयु वर्ग के एनसीसी के छात्र-छात्राओं का टीकाकरण सुनिश्चित कराया जाए जिससे वह स्कूलों में अध्ययनरत् बच्चों को टीकाकरण के लिए प्रेरित कर सकें और लक्षित आयु वर्ग के बच्चों का टीकाकरण भी शत-प्रतिशत सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि युवक मंगल दल, नेहरू युवा केन्द्र, एनएसएस के छात्र-छात्राओं की भी टीकाकरण अभियान में भागीदारी सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों के टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए रोटरी क्लब एवं लॉयन्स क्लब का भी सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के छूटे हुए सभी व्यक्तियों का चिन्हांकन कर उनका शत-प्रतिशत टीकाकरण कराया जाये। टीकाकरण से छूटे हुए प्रदेश में मण्डल, जनपद, तहसील, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर प्रत्येक लक्षित आयु वर्ग के व्यक्ति का चिन्हांकन कर टीकाकरण सुनिश्चित कराया जाये। मुख्य सचिव ने समीक्षा के दौरान जिन जनपदों में टीकाकरण की प्रगति कम है उन्हें निर्देश दिये कि एक्शन प्लान बनाकर 31 जनवरी तक टीकाकरण के लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त करें।

वहीं दूसरी ओर मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जनपदों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने आवंटित जनपद में 16 जनवरी तक 3 दिन का जनपद भ्रमण कर कोविड.19 एवं संचारी रोग नियंत्रण एवं बचाव आदि की व्यवस्थाओं की समीक्षा करके 17 जनवरी तक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग को रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी भ्रमण के पश्चात् आगे भी प्रतिदिन नियमित रूप से दूरभाष पर डीएम, सीएमओ से समन्वय स्थापित कर दैनिक आख्या कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को प्रेषित करेंगे। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी सभी 18 वर्ष से अधिक आयु के पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत प्रथम डोज एवं 75 प्रतिशत व्यक्तियों को द्वितीय डोज 20 जनवरी तक तथा 15 जनवरी तक 15-18 आयु वर्ग के किशोरों को शत-प्रतिशत टीके की प्रथम डोज दिया जाना सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने कहा कि निगरानी समितियां एवं इन्टीग्रेटेड कोविड कमान्ड सेन्टर्स पूर्णतः सक्रिय रहे। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी यह भी चेक करें कि निगरानी समितियों द्वारा बिना टीकाकरण व्यक्तियों की सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई जा रही है अथवा नहीं। इसके अतिरिक्त जनपदीय आईसीसीसी में चिकित्सकों का पैनल तैनात करते हुए व्यक्तियों को टेलीकन्सल्टेशन की सुविधा एवं टेलीकन्सल्टेशन के लिए पृथक-पृथक जारी नंबर जारी करने की स्थिति तथा अस्पतालों में आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धता की भी नोडल अधिकारी समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि कोविड से मृत्यु की स्थिति में प्रत्येक व्यक्ति की डेथ आडिट अवश्य कराया जाए। यह भी सुनिश्चित कराया जाए कि कोविड पॉजिटिव व्यक्तियों का सक्रियता से समय से इलाज हो ताकि जिलों में कोई डेथ कोविड की वजह से न हो। आरटीपीसीआर एवं एन्टीजन टेस्ट बढ़ाया जाए।

## सपा में पदाधिकारी नामित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति से सोमवार को समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोलंकी भुर्जी द्वारा आयुष वर्मा जालौन, कमलेश सरोज मधुकर प्रतापगढ़, शुभम यादव कानपुर ग्रामीण, ओम प्रकाश यादव महराजगंज तथा बिहारी लाल सिद्धार्थनगर को जिलाध्यक्ष नामित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष मो शकील नदवी द्वारा समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की राज्य कार्यकारिणी में इंतिजार अहमद, बहराइच तथा मोहसिन खान, गोण्डा को प्रदेश सचिव नामित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव द्वारा समाजवादी छात्र सभा उत्तर प्रदेश की राज्यकार्यकारिणी में सैय्यद मेंहदी रज़ा, पीलीभीत को प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

## विकास व जनहित से भाजपा का कोई लेना देना नहींः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ऐसा राजनीतिक दल है जो सिर्फ चुनाव लड़ता है विकास तथा जनहित से उसका तनिक भी लेना देना नहीं है। भाजपा की रणनीति चुनाव को जटिल बनाने और सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग कर चुनाव की निष्पक्षता को प्रभावित करने की है। लोकतंत्र में भाजपा का आचरण हर तरह से अमर्यादित और लोकलाज से परे है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने किसानों, नौजवानों के भविष्य को रौंदने का काम किया है। वह भ्रमजाल फैलाने में माहिर है। विकास समाजवादी सरकार ने किया, भाजपा बिना कुछ काम किए अपने झूठे दावे कर रही है। मुख्यमंत्री जी के पास गिनाने को अपना एक काम नहीं है। उनके रिपोर्ट कार्ड में ध्वस्त कानून व्यवस्था, महिलाओं के साथ दुष्कर्म की बढ़ती घटनाएं, स्वास्थ्य क्षेत्र की बदहाली, शिक्षा में अव्यवस्था, महंगाई और भ्रष्टाचार है। नीति आयोग भाजपा सरकार को कई क्षेत्रों में फिसड्डी घोषित किया है। अखिलेश ने कहा कि इसमें दो राय नहीं कि सन् 2022 का विधानसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। संवैधानिक संस्थाओं को भाजपा सरकार ने जानबूझकर कमजोर किया है। समाजवादी सरकार ने बुनियादी ढांचों के विस्तार देने का काम किया। अखिलेश ने कहा कि भाजपा की रैलियों में सरकारी साधनों का पूरी तरह दुरुपयोग करने के बाद भी समाजवादी विजय रथ यात्रा का भाजपा मुकाबला नहीं कर सकी। सपा की सफल रैलियों से डरी भाजपा अब साजिशों में जुट गई है।

## कांग्रेस ने प्रवक्ता घोषित किए

**लखनऊ।** पूर्व मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग द्वारा आयोजित करायी गयी बनें यूपी की आवाज जिला प्रवक्ता चयन के अंतर्गत झांसी एवं आगरा मंडल के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। सिद्दीकी ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि झांसी मंडल के अन्तर्गत जनपद झांसी में जिला प्रवक्ता आशू ठाकुर एवं जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर मजहर अली, जनपद ललितपुर में जिला प्रवक्ता सूर्य प्रताप सिंह एवं जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर हरी बाबू शर्मा, जनपद जालौन में जिला प्रवक्ता बृजेश पाण्डेय एवं जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर अलाउद्दीन चयनित किये गये। साथ ही आगरा मंडल के अन्तर्गत जनपद आगरा में जिला प्रवक्ता अनुज शिवहरे एवं जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर सत्येन्द्र कैम, जनपद मैनपुरी में जिला प्रवक्ता शशि भूषण एवं जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर मनोज चतुर्वेदी, जनपद फिरोजाबाद में जिला प्रवक्ता दाऊद खान तथा जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ. दुर्गेश शर्मा तथा जनपद मथुरा में जिला प्रवक्ता विनोद चतुर्वेदी एवं जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर महेंद्र प्रताप चयनित हुए हैं।

## विभिन्न दलों के पदाधिकारी कांग्रेस में हुए शामिल




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय पर पूर्व मंत्री एवं मीडिया चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी एवं पूर्व विधायक व प्रदेश कोषाध्यक्ष सतीश आजमानी की उपस्थिति में प्रदेश के कई जिलों से भाजपा, सपा एवं बसपा के पदाधिकारियों समेत भारी संख्या में लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि बसपा सरकार में मुख्यमंत्री के ओएसडी और बांदा जिला के बसपा जिलाध्यक्ष एवं मंडल कोऑर्डिनेटर रहे बलदेव प्रसाद, बसपा के बांदा मंडल कोऑर्डिनेटर एवं जिला प्रभारी रहे जितेंद्र गौरव, भारतीय जनता पार्टी के अवध क्षेत्र ओबीसी मोर्चा के सह संयोजक एवं श्रम प्रकोष्ठ हरदोई के संयोजक रहे राम अवतार पाल, अंबेडकर नगर से बसपा के जिलाध्यक्ष एवं मंडल कोऑर्डिनेटर रहे राम प्रकाश गौतम ने आज कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

पाण्डेय ने बताया कि मौरावां उन्नाव से भाजपा छोड़कर विवेक सेठ, अम्बेडकर नगर से रविराम चौहान, अभय कुमार चौहान, सपा छोड़कर पंकज यादव, रोहित प्रजापति एवं रविंद्र उपाध्याय बसपा से सत्तार भाई, कानपुर से भाजपा छोड़कर उत्तम कुमार, जगरोशन, जबकि सपा छोड़कर जयरानी गौतम, मोहम्मद सलीम, राम अवतार सहित सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## कांग्रेस की सरकार बनी तो किसानों को छुट्टा जानवरों से मिलेगी मुक्तिः नसीमुद्दीन

● पूर्व मंत्री ने भाजपा पर लगाया गाय के मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के मीडिया एवं कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने गाय पर सिर्फ राजनीति की है और इसकी वजह से गौवंश को पूरे प्रदेश में छुट्टा जानवर की श्रेणी में ला खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि हालात यह हैं कि एक ओर गौवंश को कथित गौशालाओं में भूखा प्यासा रखकर उनकी हत्या की जा रही है दूसरी ओर खुले में घूमते पशुओं की वजह से पूरे प्रदेश के किसान परेशान हो गए हैं। स्थिति यह हो गई है कि किसान खेती छोड़ने पर भी विचार करने लगा है। सिद्दीकी ने कहा है कि कांग्रेस के पास गौवंश की रक्षा और उसे उत्पादक बनाने के लिए एक ठोस योजना है और अगर कांग्रेस की सरकार बनेगी तो किसानों को भी छुट्टा जानवर से छुटकारा दिलाया जाएगा। नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बीते 5 साल में फसलों को उगाने में किसानों का जितना श्रम और पैसा लगा है, उससे कहीं ज्यादा पैसा और श्रम खेतों में फसलों की रखवाली करते हुए बीत रहा है। बीते पांच साल से पूरे प्रदेश के किसान कड़ाके की सर्दी चिलचिलाती धूप और गरजते बादलों के बीच रात-रातभर जगकर फसल की रखवाली करने को मजबूर हो रहे हैं। बावजूद इसके छुट्टा जानवरों से फसल सुरक्षित नहीं है। सिद्दीकी ने कहा कि सरकार द्वारा पशुओं के रखरखाव के लिए, जितनी राशि खर्च की जाती है, वह पशुओं तक पहुंचने की बजाय योगी सरकार के अधिकारियों और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच बंटती रही है। आज छुट्टा जानवरों के आतंक से परेशान प्रदेश का किसान खेतों की तारबंदी करने पर मजबूर हैं। एक बीघे की तारबंदी का खर्च 2-3 हजार रुपये के आसपास आता है, जो फसल उत्पादन की लागत से अलग है। बड़े किसानों को तो थोड़ी आसानी है लेकिन छोटी जोत के गरीब किसानों के पास इतना पैसा नहीं है कि वह अपने खेतों की तारबंदी कर सकें।

# साइबर क्राइम व ऑनलाइन वित्तीय अपराध सबसे बड़ी चुनौतीः मुकुल गोयल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## वर्ष 2019-20 बैच के 10 प्रशिक्षु आईपीएस अफसरों ने डीजीपी से की भेंट



**डीजीपी** मुकुल गोयल ने कहा है कि किसी भी परिस्थिति का सामना करना व राष्ट्र की सुरक्षा करना पुलिस अधिकारी का सर्वोच्च कर्तव्य है । आप अपनी मेधा शक्ति और व्यवसायिक दक्षता का इस्तेमाल करके किसी भी समस्या का आसानी से समाधान कर सकते हैं । वर्तमान समय में पुलिस के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती साइबर क्राइम एवं आनलाइन वित्तीय अपराध है । इस हेतु खुद को तकनीकी रूप से और सक्षम बनाने की आवश्यकता है ।

डीजीपी सोमवार को पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में उनसे मुलाकात करने पहुंचे वर्ष 2019-2020 के 10 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे थे। ये समस्त 10 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी शक्ति मोहन अवस्थी, मानुष पारिक, पाटिल निमिष दशरथ, अमित कुमावत, आयुष विक्रम सिंह, चिराग जैन, पुनीत द्विवेदी, सुश्री शिवा सिंह, सुश्री अनुकृति शर्मा व सुश्री स्तुति श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश कैडर से चयनित हुए हैं। प्रशिक्षु अधिकारियों ने सोमवार को ही अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी से भी मुलाकात की। प्रशिक्षु अधिकारी सरदार पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद एवं डा. भीमराव अम्बेडकर उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी मुरादाबाद से आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात जनपदीय प्रशिक्षण के लिए विभिन्न जनपदों में तैनात किए जाएंगे। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक , पुलिस महानिदेशक के जीएसओ द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों का संक्षिप्त परिचय दिया गया। डीजीपी ने कहा कि पुलिस बल में अनुशासन व टीम वर्क का विशेष महत्व है। जनपदीय पुलिस में अनुशासन एवं शारीरिक दक्षता बनाये रखने हेतु पुलिस लाइन में नियमित परेड किया जाना आवश्यक है। अच्छे पुलिस अधिकारी बनने के लिए वित्तीय व प्रशासनिक कार्यो, नियमों, परिपत्र, शासनादेशों आदि की जानकारी रखना नितान्त आवश्यक है। आम जनता से सीधा सम्पर्क व संवाद रखना पुलिस अधिकारी का विशेष गुण होता है। सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम बन चुका है , ऐसी स्थिति में इनकी लगातार निगरानी एवं समय से पुलिस का पक्ष रखना आवश्यक है। डीजीपी ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि आप सभी को विदित है कि वर्तमान में न सिर्फ प्रदेश में वरन् पूरे देश-विदेश में कोरोना वायरस का संक्रमण फैला हुआ है। यह एक अभूतपूर्व स्थिति है, हम सभी के लिये यह एक अत्यन्त चुनौतीपूर्ण समय भी है।

अनुशासित रहकर इस सम्बन्ध में निर्गत गाइड लाइन्स, निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए स्थिति का सफलतापूर्वक सामना किया जा सकता है। पुलिस सेवा में नैतिकता, सत्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति रखना ही सफलता का मूल मन्त्र है।

### अपर मुख्य सचिव गृह से भी मिले प्रशिक्षु अफसर

**प्रशिक्षु** आईपएस अफसरों ने लोक भवन स्थित सभागार में अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी से भी मुलाकात की। इस मौके पर अवस्थी ने अपने अनुभव साझा करते हुए शांति व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा अपराधों पर प्रभावी तरीके से अंकुश लगाये जाने व महिलाओं एवं जन सामान्य आदि को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के तरीको की जानकारी दी।

अवस्थी ने प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों से कहा कि उत्तर प्रदेश एक विशाल एवं सुंदर प्रदेश है। आप लोगो को इस प्रदेश में सीधे जनता से जुड़कर काम करने का अवसर मिला है। अवस्थी ने अधिकारियों को शुभकामना देते हुए कहा कि आप सभी जन आकांक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरने में सफल हो।

# एलयू के ऑनलाइन टूलकिट स्लेट से शिक्षकों का मोहभंग

● अधिकांश शिक्षक जूम व गूगल मीट पर ले रहे ऑनलाइन क्लास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** काल मे पढ़ाई को ऑनलाइन प्लेटफार्म पर लाने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से ईजाद की गई टूलकिट स्लेट से इस बार विवि के शिक्षकों का मोहभंग हो गया है। बजाय स्लेट पर कक्षाएं लेने के शिक्षक जूम और गूगल मीट पर ज्यादा क्लास लेना पसंद कर रहे हैं।

तेजी से बढ़ रहे कोरोना केस को देखते हुए सरकार की तरफ से 16 जनवरी तक ऑनलाइन कक्षाएं चलाने के निर्देश दिए थे। इस क्रम में सोमवार को विवि में ऑफलाइन कक्षाएं नही चली। जिसके चलते शिक्षकों ने ऑनलाइन क्लास लिया। पर यह कक्षाएं विवि के टूलकिट स्लेट पर ज्यादातर नही ली गई। इस बाबत शिक्षकों का कहना है कि स्लेट पर विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन ही नहीं है। बिना रजिस्ट्रेशन के स्लेट पर विद्यार्थी नहीं पढ़ सकते हैं। जबकि कोरोना के पहली लहर के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने ऑनलाइन पढ़ाई के लिए विश्वविद्यालय का एक ऑनलाइन प्लेटफार्म स्लेट के नाम से बनवाया था। जानकारों का कहना है कि इसके लिए विवि प्रशासन ने लाखों रुपए का भुगतान किया था। जिसका उपयोग विश्वविद्यालय के शिक्षकों को ऑनलाइन क्लास लेने के लिए करना जरुरी कर दिया गया था। उस दौरान ही स्लेट प्लेटफार्म पर क्लास लेना शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए सिर दर्द बन गया था। शिक्षको के मुताबिक स्लेट में काफी तकनीकी दिक्कतें शुरूआत से ही आनी शुरू हो गई थीं। जिससे क्लास लेना आसान नहीं रहा।

# कोर्ट की यौन कर्मियों को सूखा राशन देने संबंधी स्थिति रिपोर्ट दाखिल नहीं करने पर पश्चिम बंगाल को फटकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने पश्चिम बंगाल में यौन कर्मियों को सूखा राशन मुहैया कराए जाने संबंधी स्थिति रिपोर्ट दाखिल नहीं करने पर राज्य सरकार को सोमवार को फटकार लगाई और कहा कि हर नागरिक को मौलिक अधिकार दिए गए हैं, भले ही उसका पेशा कोई भी हो। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बी आर गवई की पीठ ने कहा कि कोरोना वायरस के मामलों में तेजी से हो रही बढ़ोतरी के मद्देनजर इस मुद्दे पर बहुत ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है, क्योंकि यह अस्तित्व का मामला है, लेकिन राज्य सरकार इसे हल्के में ले रही है।



पीठ ने कहा, हमें आपको कितनी बार बताना होगा? हम आपके खिलाफ सख्ती करेंगे। क्या आपने पिछली तारीख पर पारित आदेश देखा है? आप हलफनामा दाखिल क्यों नहीं कर सकते? जब अन्य सभी राज्य दाखिल कर रहे हैं, तो पश्चिम बंगाल को क्या दिक्कत है? पीठ ने कहा, हम कड़ा रुख नहीं अपना रहे हैं, तो इसका यह अर्थ नहीं है कि आप हमें हल्के में ले सकते हैं। हम आपसे मामले को गंभीरता से लेने के लिए केवल कह सकते हैं। हम इस मामले पर गौर कर रहे हैं, क्योंकि राशन मुहैया नहीं कराया जा रहा और यह अस्तित्व का मामला है। आप इसे हल्के में नहीं ले सकते।

राज्य सरकार के वकील ने पीठ के समक्ष अभिवेदन दिया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने खाद्य साथी योजना शुरू की है और वह जरूरतमंदों को सूखा राशन मुहैया करा रही है। पीठ इस बात से प्रभावित नहीं हुई और उसने राज्य सरकार से इस संबंध में उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी के साथ दो सप्ताह में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इससे पहले, न्यायालय ने कहा था कि प्रत्एक नागरिक को मौलिक अधिकार दिए गए हैं, चाहे उसका पेशा कुछ भी हो। इसके साथ ही न्यायालय ने केंद्र, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यौन कर्मियों के लिए मतदाता पहचान पत्र, आधार और राशन कार्ड करने की प्रक्रिया फौरन शुरू करने तथा उन्हें राशन मुहैया करना जारी रखने का निर्देश दिया था।

शीर्ष अदालत ने कोविड-19 महामारी के चलते यौन कर्मियों के समक्ष आ रही समस्याओं को उठाने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया था। न्यायालय यौन कर्मियों के कल्याण के लिए आदेश जारी करता रहा है और उसने पिछले साल 29 सितंबर को केंद्र तथा अन्य को निर्देश दिया था कि यौन कमियों से पहचान सबूत मांगे बगैर उन्हें राशन मुहैया कराया जाए। पीठ ने निर्देश दिया था कि प्राधिकार नेशनल एड्स कंट्रोल आर्गेनाइजेशन (नैको) और राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी की भी सहायता ले सकता है, जो समुदाय आधारित संगठनों द्वारा मुहैया की गई सूचना का सत्यापन कर यौन कर्मियों की सूची तैयार कर सकते हैं।

## मप्र में लंबी मूंछ रखने वाला निलंबित सिपाही, बहाल हुआ

**भोपाल।** मप्र में लंबी मूछों के कारण पुलिस की सेवा से निलंबित किए गए सिपाही को सोमवार को बहाल कर दिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी और कहा कि उसे निलंबित करने का आदेश सक्षम अधिकारी द्वारा नहीं दिया गया था। सहायक महानिरीक्षक प्रशांत शर्मा (सहकारिता धोखाधड़ी और लोक सेवा गारंटी) के आदेशानुसार पुलिस की मोटर परिवहन शाखा में चालक के पद पर तैनात सिपाही राकेश राणा को अपने वरिष्ठ अधिकारी के आदेश का पालन नहीं करने पर निलंबित कर दिया गया था। शर्मा ने कहा था कि राणा अपनी लंबी मूंछ और बाल लंबे रखने पर अड़े थे और यह दोनों किसी वर्दीधारी के मानदंडों के अनुरूप नहीं है, राणा को अनुशासनात्मक कार्वाई के तहत निलंबित किया गया। पुलिस मुख्यालय के उपमहानिरीक्षक (कार्मिक) द्वारा आदेश में कहा गया है कि निलंबन आदेश तत्काल प्रभाव से रद्द किया जा रहा है क्योंकि यह सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नहीं किया गया था।



पटना में कोविड-19 की बूस्टर खुराक लेते हुई लाभार्थी।

## योगी के भाषणों में हिंदू-मुसलमान, हिंदुस्तान पाक के अलावा कुछ भी नहीं : दिग्विजय

**इंदौर ( मध्यप्रदेश )।** उप्र विधानसभा चुनावों का सियासी पारा चढ़ने के बीच कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि उनके चुनावी भाषणों में हिंदू-मुसलमान और हिंदुस्तान-पाकिस्तान जैसे विभाजनकारी मुद्दों के अलावा कुछ नहीं होता। सिंह ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, आप (मीडिया) योगी आदित्यनाथ के चुनावी भाषण सुन ही रहे हैं। क्या आपने उनके भाषणों में हिंदू-मुसलमान, हिंदुस्तान-पाकिस्तान और श्मशान-कब्रस्तान के अलावा कोई और शब्द सुना है? उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर भी हमला करते हुए कहा कि जिस तरह दीमक घर या अन्य वस्तु की सतह के नीचे गुपचुप तरीके से लगकर उसे बर्बाद करती है, वैसे ही संघ भी गुपचुप तरीके से काम करते हुए पूरी व्यवस्था को बिगाड़ रहा है।

सिंह ने कहा, इस बात पर सबसे ज्यादा गालियां मैं खाऊंगा क्योंकि कहा जाएगा कि मैंने संघ की तुलना दीमक के साथ कर दी है। लेकिन मैंने संघ को नहीं, बल्कि उस विचारधारा के चरित्र को दीमक कहा है जो गुपचुप तरीके से देश की व्यवस्था बिगाड़ रही है। इससे पहले, सांसद ने शहर में युवा कांग्रेस के एक कार्यक्रम में संघ के नेताओं को बहस की चुनौती देते हुए कहा, तुम्हारा संगठन कहां है? तुम्हारा अस्तित्व कहां है? तुम्हारी पंजीकृत संस्था कहां है? ए लोग (संघ कार्यकर्ता) केवल गुपचुप तरीके से काम करते हैं। मैं यह भी पूछना चाहता हूं कि क्या संघ ने कभी एक संगठन के रूप में धरना दिया है या किसानों व मजदूरों के समर्थन में आंदोलन किया है? उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि देश में लगातार दुष्प्रचार किया जा रहा है कि हिंदू धर्म खतरे में है ताकि फासीवादी विचारधारा को आगे ले जाया जा सके और इसके आधार पर राजनीतिक पद प्राप्त कर धन कमाया जा सके।

## अफस्पा को हटाने की मांग को लेकर नगालैंड में 70 किमी लंबा पैदल मार्च निकाला गया

**दीमापुर।** सैकड़ों नगा लोगों ने नगालैंड से सशस्त्र बल विशेष अधिकार कानून (अफस्पा) हटाने और मोन जिले में सुरक्षाबलों की गोलीबारी में मारे गए 14 आम नागरिकों के लिए वास्ते इंसाफ की मांग करते हुए दीमापुर से 70 किलोमीटर दूर राज्य की राजधानी कोहिमा तक दो दिवसीय पैदल मार्च में हिस्सा लिया। इस पैदल मार्च को विभिन्न जननातीय संगठनों एवं प्रबुद्ध संगठनों का समर्थन मिला। मार्च दीमापुर के सुपरमार्केट से प्रारंभ हुआ। उसमें हिस्सा लेने वाले लोगों के हाथों में तख्तियां थीं जिन पर सशस्त्र बल विशेष अधिकार कानून को निरस्त करने एवं मृतकों के वास्ते इंसाफ की मांग करते हुए नारे लिखे थे। मार्च के समन्वयकों में से एक रूकेवेजो वेत्साह ने कहा कि यह अफस्फा पर जन-असंतोष प्रकट करने तथा मानव के रूप में अपनी गरिमा को पुन:प्रतिष्ठित करने का शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक उपाय है।

## साइना के खिलाफ भद्दी टिप्पणी करने वाले सिद्धार्थ का ट्विटर अकाउंट ब्लॉक किया जाए: एनसीडब्ल्यू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने सोमवार को ट्विटर से कहा कि बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल के खिलाफ भद्दा और अनुचित ट्वीट करने के लिए अभिनेता सिद्धार्थ के अकाउंट को ब्लॉक किया जाए। इसके साथ ही, उसने महाराष्ट्र पुलिस से कहा है कि सिद्धार्थ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए। सिद्धार्थ ने साइना के खिलाफ यह टिप्पणी उनके उस ट्वीट को लेकर की, जो उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में गंभीर चूक के मुद्दे को लेकर किया था। सिद्धार्थ के ट्वीट को लेकर सोशल मीडिया में कई लोगों ने नाराजगी जताई।

महिला आयोग का कहना है कि अभिनेता की यह टिप्पणी नारी विरोधी, महिला की लज्जा को भंग करने वाली, अपमानजक और महिलाओं की गरिमा को चोट पहुंचाने वाली है। उसने कहा कि अभिनेता द्वारा की गई भद्दी और अनुचित टिप्पणी का संज्ञान लिया गया है। आयोग ने कहा, महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक से कहा है कि वे इस मामले की तत्काल जांच कराएं और कानून की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाए। आयोग ने अभिनेता के खिलाफ त्वरित और सख्त कार्एवाई के लिए कहा है।

महिला आयोग ने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए रेखा शर्मा ने ट्विटर इंडिया के स्थानीय शिकायत अधिकारी को पत्र लिखकर कहा है कि सिद्धार्थ का ट्विटर अकाउंट तत्काल ब्लॉक किया जाए। अपनी टिप्पणी पर विवाद खड़ा होने के बाद सिद्धार्थ ने कहा, कुछ भी अपमानजनक कहने का इरादा नहीं था, न ही कहा गया और न ऐसा कुछ संकेत किया गया। बहरहाल, साइना ने कहा, मुझे नहीं पता कि उनका क्या मतलब था....मैं एक अभिनेता के तौर पर उन्हें पसंद किया करती थी, लेकिन यह सही नहीं था। वह अपनी बात बेहतर शब्दों में रख सकते थे। यह ट्विटर है और लोग आपके शब्दों पर गौर करते हैं। अगर प्रधानमंत्री की सुरक्षा एक मुद्दा है तो मुझे पता नहीं कि देश में क्या सुरक्षित है।

साइना के पिता हरवीर सिंह ने पीटीआई-भाषा से कहा, साइना के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी करना उचित नहीं है। साइना कभी भी किसी विवाद में नहीं रही है। उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी ठीक नहीं है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। साइना के पति और बैडमिंटन खिलाड़ी पारुपल्ली कश्यप ने साइना का समर्थन किया है और सिद्धार्थ की टिप्पणी की निंदा की। उन्होंने ट्वीट किया, यह हमारे लिए परेशान करने वाली बात है...आपनी राय जाहिर करिए लेकिन बेहतर शब्द का इस्तेमाल करिए। मुझे लगता है कि आपको लगा कि इस तरह से अपनी बात कहना ठीक रहेगा।

## क्विक न्यूज

### विस चुनाव समस्याओं से छुटकारा पाने का मौका: सिसोदिया

**देहरादून।** दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को उत्तराखंड की जनता से आगामी विधानसभा चुनावों को अपना जीवन बदलने और वर्षों से चली आ रही राज्य की समस्याओं को दूर करने के एक मौके के रूप में देखने की अपील की। विधानसभा के लिए चौदह फरवरी को होने वाले चुनावों से पहले राज्य में आम आदमी पार्टी के नव परिवर्तन संवाद कार्यक्रम की वर्चुअल शुरूआत करते हुए सिसोदिया ने कहा कि अपने अस्तित्व के 21 सालों में उत्तराखंड वे उददेश्य हासिल करने में विफल रहा है जिसके लिए उसका निर्माण हुआ था। उन्होंने कहा, भाजपा और कांग्रेस बारीबारी से उत्तराखंड में सत्ता संभालते रहे हैं लेकिन उन्होंने राज्य के विकास के लिए कुछ नही किया जो उसके बनने के पीछे मुख्य उददेश्य था। आप नेता ने कहा कि राज्य के विकास की बजाय उन्होंने अपनी तिजोरियां भरी और पलायन, स्कूलों और अस्पतालों का अभाव जैसी समस्याएं वैसी ही रही जैसे वे 21 साल पहले उसके निर्माण के समय में थी। सिसोदिया ने कहा कि 14 फरवरी जनता के लिए परिवर्तन लाने और वर्षों से चली आ रही राज्य की समस्याओं से छुटकारा पाने का एक मौका लाया है। कांग्रेस और भाजपा के बीच दो दशक से चल रहे सत्ता की म्यूजिकल चेयर का खेल बंद करें और उत्तराखंड में आप नेता अरविंद केजरीवाल को विकास के दिल्ली मॉडल को लागू करने का मौका दें।

### तीन लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में एक इनामी नक्सली डिप्टी कमांडर ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। बीजापुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यहां बताया कि जिले में तेलंगाना स्टेट कमेटी के अंतर्गत वाजेडू एलओएस के डिप्टी कमांडर पांडु राम सवलम ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सवलम के सर पर तीन लाख रूपए का इनाम है और वह टेकुलगुडम गांव में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ की घटना में शामिल था। गौरतलब है इस घटना में 22 पुलिस कर्मी शहीद हुए थे। राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते वर्ष 2021 मे छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिलों में 553 माओवादियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया तथा 499 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया सुरक्षा बलों ने 46 माओवादियों को मार गिराया।

### आंध्र प्रदेश में कोविड के मरीजों की संख्या बढ़कर 5,606 हुई

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में और 984 लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि होने के साथ ही राज्य मे कोविड-19 के रोगियो की संख्या बढ़कर सोमवार को 5,606 हो गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ो के अनुसार, राज्य मे संक्रमण की दर 0.36 प्रतिशत से बढ़कर दो प्रतिशत हो गई है। राज्य में अभी तक कुल 20,82,843 लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। इनमें से 20,62,732 रोगी अभी तक संक्रमण मुक्त हुए है और 14,505 लोगो की मौत हुई है। राज्य में संक्रमण से उबरने की दर 99.25 प्रतिशत से गिरकर 99.07 प्रतिशत रह गई है।

### इडुक्की में एसएफआई कार्यकर्ता की चाकू मारकर हत्या

**इडुक्की।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के एक कार्यकर्ता की सोमवार को यहां इडुक्की इंजीनियरिंग कॉलेज मे चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि केरल छात्र संघ (केएसयू) के कार्यकर्ताओ के साथ विवाद के बाद यह घटना हुई। कि कन्नूर के निवासी, 21 वर्षीय धीरज को आज अपराह्न। बजे चाकू मारा गया। पुलिस ने कहा, कॉलेज में पिछले कुछ दिनों से कॉलेज चुनाव का काम चल रहा है। दोनो छात्र संगठनो के बीच मामूली विवाद था। घटना अपराह्न करीब एक बजे की है। मेडिकल कॉलेज में ले जाया गया, लेकिन उसे बचाया नही जा सका। विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने धीरज पर हमला किया और उसे चाकू मार दिया। सूत्रों ने बताया कि हमलावर ने छात्र को चाकू मार दिया।

### डेरेक ओब्रायन ने टेक फॉग ऐप को लकर संसदीय समिति की बैठक बुलाने की मांग की

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओब्रायन ने गृह मामलो से संबंधित संसद की स्थाई समिति के प्रमुख आनंद शर्मा से आग्रह किया है कि टेक फॉग नामक ऐप का इस्तेमाल करके सोशल मीडिया ट्रेंड पर नियंत्रण स्थापित करने तथा छेड़छाड़ करने के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए समिति की बैठक बुलाई जाए। ओब्रायन ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शर्मा को सोमवार को पत्र लिखकर यह भी कहा कि इस ऐप का ऐसे इस्तेमाल किया जाना राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों की निजता के लिए खतरा है। तृणमूल कांग्रेस के नेता ने समिति की बैठक बुलाने की मांग करते हुए शर्मा को यह दूसरी बार पत्र लिखा है। समाचार पोर्टल द वायर की एक खबर में दावा किया गया है कि भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ से जुड़े लोग टेक फॉग का कथित तौर पर इस्तेमाल कर रहे है ताकि निष्क्रिय व्हाट्सएप अकाउंट पर नियंत्रण किया जा सके, दूसरे नंबरों पर संदेश भेजा जा सके।


अगरतला में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लव कुमार देव पुलिस सप्ताह परेड कार्यक्रम की निगरानी करते हुए।

## वकीलों का दावा: पीएम की सुरक्षा में चूक की जांच रोकने के लिए धमकी भरे फोन

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के कई वकीलों ने सोमवार को शीर्ष अदालत को पत्र लिखकर दावा किया कि पिछले दिनों पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में हुई चूक मामले की सुनवाई से जुड़े न्यायाधीशों के लिए उनके पास धमकी भरे फोन आ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड एसो. (एससीएओआरए) के पत्र में दावा किया गया है कि कॉल कथित तौर पर खालिस्तान समर्थक संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) द्वारा किए गए थे।

पत्र में कहा गया है, एससीएओआरए के सदस्योंा कई एओआर को आज दिनांक 10 जनवरी को सुबह करीब 10 बजकर 40 मिनट और दोपहर 12 बजकर 36 मिनट पर पहले से रिकॉर्ड किए गए अनाम कॉल प्राप्त हुए हें, जिनमें कहा गया है कि पंजाब के हुसैनीवाला के रास्ते में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काफिले को 20 मिनट रोके जाने के लिए अमेरिका स्थित एसएफजे संगठन जिम्मेदार है।

उच्चतम न्यायालय के महासचिव वीरेंद्र कुमार बंसल को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि फोन करने वाले ने शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों को एक गैर सरकारी संगठन लॉयर्स वॉयस की जनहित याचिका पर सुनवाई से इस आधार पर परहेज करने की भी चेतावनी दी है कि शीर्ष अदालत 1984 के सिख-विरोधी दंगों के दोषियों को दंडित करने में सक्षम नहीं रही है। एसोसिएशन ने कॉल को अधिवक्ताओं की गोपनीयता का उल्लंघन करार देते हुए तत्काल कार्वाई शुरू करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि अधिवक्ताओं के बैंकिंग विवरण मोबाइल फोन पर संग्रहीत होते हैं और यदि डिवाइस हैक हो जाते हैं तो बदमाश संवेदनशील डेटा का दुरुपयोग कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने एक संगठन लॉयर्स वॉयस की याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को कहा कि वह अपने पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक पैनल का गठन करेगा।

## मणिपुर में दो लोगों की गोली मारकर हत्या, सीएम ने भाजपा पर हमला बताया

**इम्फाल।** मणिपुर के पश्चिम इम्फाल जिले में इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) के एक जवान सहित दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई जिससे इलाके में तनाव है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना रविवार रात करीब नौ बजे वांगोई पुलिस थानाक्षेत्र के अंतर्गत सामुरोउ में हुई। पुलिस ने बताया कि अबुजाम जॉन (50) और अबुजाम शशिकांता (34) अपने घर के पास थे तभी आरोपियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर ही। उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम देने वालों की अबतक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने बताया कि जॉन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आईआरबी जवान शशिकांता की अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई। भाजपा के सूत्रों ने बताया कि जॉन उनकी पार्टी के सदस्य थे और कृषि मंत्री ओ लुखोई के लिए काम करते थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि शशिकांता भी भाजपा समर्थक थे और इलाके में पार्टी के लिए काम करते थे।

## कोविड टीकाकरण केंद्रों के संचालन के लिए कोई समयसीमा तय नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली

केंद्र ने राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेश को यह स्पष्ट कर दिया कि कोविड टीकाकरण केंद्रों के काम करने के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की गई है तथा वे मानव संसाधन और बुनियादी ढांचे की उपलब्धता के आधार पर हर रोज रात 10 बजे तक काम शुरू कर सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव मनोहर अगनानी ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में कहा कि ऐसी धारणा है कि कोविड टीकाकरण केंद्र हर रोज केवल सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक ही काम कर सकते हैं। अगनानी ने कहा, इस संबंध में यह दोहराया जाता है कि सीवीसी के काम करने के लिए कोई समयसीमा नहीं है। टीकाकरण सत्र के समय मांग और किसी सीवीसी पर आवश्यकता के अनुसार तय किए जाते हैं। बढ़ती मांग के मामले में यह सलाह दी जाती है कि आवश्यकता को पूरी करने के लिए प्रत्एक सीवीसी पर कई दलों की व्यवस्था की जाए। यह पुन : दोहराया जाता है कि सीवीसी के समय में बदलाव किए जा सकते हैं और मानव संसाधन तथा बुनियादी ढांचे की उपलब्धता के आधार पर यह रात दस बजे तक हो सकता है। देश में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि को देखते हुए भी अगनानी ने सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को सभी स्तरों पर कोविड उपयुक्त व्यवहार का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा। यह सुनिश्चित किया जाए कि सीवीसी में कतारों और प्रतीक्षा क्षेत्रों में कोविड उपयुक्त व्यवहार का सख्ती से पालन किया जाए। पत्र में कहा गया है, हमारी कोशिशें राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम के तहत सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ नागरिकों की सुविधाओं को बढ़ाने की ओर होनी चाहिए। मैं टीकाकरण कार्यक्रम के तहत नई उपलब्धियों को हासिल करने के लिए राज्यों को भारत सरकार के ओर से सहयोग जारी रखने को लेकर आश्वस्त करता हूं।

## माइकल लोबो ने गोवा के मंत्री के पद से इस्तीफा दिया, भाजपा छोड़ी

**पणजी।** गोवा के मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक माइकल लोबो ने सोमवार को प्रमोद सावंत नीत मंत्रिमंडल के साथ ही विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। उनका इस्तीफा अगले महीने राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले हुआ है। भाजपा की गोवा इकाई ने बाद में कहा कि लोबो के इस कदम से 14 फरवरी को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में पार्टी की संभावनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। अब तक, कलंगुट विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे लोबो ने मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) एवं गोवा विधानसभा के अध्यक्ष को अपना त्यागपत्र सौंपा है।

सूत्रों के अनुसार वह कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। राज्य बंदरगाह और अपशिष्ट प्रबंधन विभागों का प्रभार संभाल रहे लोबो ने संवाददाताओं से कहा, मैंने दोनों पद से इस्तीफा दे दिया है। मैं देखूंगा कि आगे मुझे क्या कदम उठाने हैं। मैंने भाजपा से भी इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस में शामिल होने की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर लोबो ने कहा कि उनकी अन्य राजनीतिक दलों से बातचीत चल रही है। उन्होंने दावा किया कि लोग इस तटीय राज्य में भाजपा के शासन से नाखुश हैं। उन्होंने कहा, मतदाताओं ने मुझसे कहा कि भाजपा अब आम लोगों की पार्टी नहीं रही। उन्होंने यह भी दावा किया कि जमीनी स्तर के कार्यकर्ता महसूस कर रहे हैं कि पार्टी उनकी अनदेखी कर रही है।

हालांकि गोवा भाजपा के अध्यक्ष सदानंद शेट तनावड़े ने कहा कि लोबो के पार्टी छोड़ने के फैसले से आगामी चुनाव में पार्टी की संभावनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोबो तो काफी पहले पार्टी का साथ छोड़ चुके थे और केवल भौतिक रूप से हमारे साथ थे। भाजपा नेता ने कहा कि लोबो ने पार्टी छोड़ी है लेकिन कलंगुट विधानसभा क्षेत्र के अन्य कार्यकर्ता पार्टी के साथ हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा आगामी चुनाव में इस विधानसभा सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए किसी नए चेहरे को उतारेगी।

भारत के निर्वाचन आयोग ने शनिवार को घोषणा की कि गोवा विधानसभा की सभी 40 विधानसभा सीटों पर चुनाव 14 फरवरी को होंगे। गोवा में इस बार मुकाबला प्रमुख रूप से भाजपा, कांग्रेस, गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी), महाराष्ट्रवादी गोमंतक पार्टी (एमजीपी), आप, टीएमसी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के बीच है। पिछले विधानसभा चुनाव में गोवा में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, लेकिन पूर्ण बहुमत से दूर रह गई और सरकार बनाने में विफल रही।



नई दिल्ली में एसएसबी के जवान गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी करते हुए।

# स्वास्थ्य सेवाओं को लोकतांत्रिक बनाने में स्टार्टअप निभा सकते हैं महत्वपूर्ण भूमिका: पीयूष गोयल

भाषा। नई दिल्ली

**वाणिज्य और** उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि ऐसे वक्त में जब दुनिया कोरोना वायरस महामारी से जूझ रही है, स्टार्टअप दुनियाभर में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को सामाजिक और लोकतांत्रिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने उद्यमियों से मेक इन इंडिया कार्यक्रम को मजबूत करने, भारत में नवाचार को बढ़ावा देने और नई स्टार्टअप इकाइयों को परामर्श देने के लिए भी कहा है।

उन्होंने यहां स्टार्टअप इंडिया इनोवेशन वीक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, दुनिया इस महामारी की लगातार आ रही लहरों का सामना कर रही है, ऐसे में हमारे उद्यमियों को स्टार्टअप को और अधिक टिकाऊबनाने के बारे में सोचना चाहिए ... मुझे लगता है कि हमारे स्टार्टअप दुनियाभर में स्वास्थ्य सेवाओं की



उपलब्धता को सामाजिक और लोकतांत्रिक बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उद्यम पूंजीपति और वित्त उपलब्ध कराने वाले लोग भी देशभर में नई स्टार्टअप इकाइयों को परामर्श देकर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा, मैं आने वाले वर्षों में स्टार्टअप के विकास के लिए पांच मंत्र सुझाता हूं - साझा करना, खोज, पोषण, सेवा और सशक्तीकरण। गोयल ने कहा कि सरकार ने स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसमें पेटेंट दाखिल करने के शुल्क में कमी, सार्वजनिक खरीद मानदंडों में छूट और शुरुआती कोष योजना शामिल है।

उन्होंने कहा कि 2018-21 के दौरान स्टार्टअप ने छह लाख से अधिक नौकरियां पैदा की हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है।उन्होंने सभी हितधारकों से भारत को वैश्विक नवाचार सूचकांक के शीर्ष 25 में लाने का आह्वान किया।गोयल ने कहा कि वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत 2014 के 76वें स्थान से बढ़कर 2021 में 46वें स्थान पर आ गया, जिसमें हमारे स्टार्टअप की प्रमुख भूमिका है।

# होटल उद्योग ने सरकार से मांगा ढांचागत क्षेत्र का दर्जा

**नई दिल्ली।** कोविड-19 की तीसरी लहर में आतिथ्य क्षेत्र पर एक बार फिर अनिश्चतता के बादल मंडराने के बीच होटल उद्योग ने सरकार से उसे ढांचागत क्षेत्र का दर्जा देने की मांग की है। इसके साथ ही उद्योग ने सरकार से कर्ज के पुनर्भुगतान में दी गई छूट को बढ़ाने और करों को युक्तिसंगत बनाने को भी कहा है। भारतीय होटल संघ (एचएआई) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि उसने सरकार को दिए गए बजट-पूर्व सुझाव में महामारी की नई लहर के इस उद्योग पर संभावित असर को देखते हुए कई रियायतें देने का अनुरोध किया है।

एचएआई के मुताबिक, दूसरी लहर के बाद होटल उद्योग धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा था, लेकिन ओमीक्रोन के रूप में आए नए खतरे ने इसे फिर से अनिश्चितता के भंवर में धकेल दिया है। ऐसी स्थिति में होटल उद्योग को बचाने के लिए सरकार की मदद जरूरी है। होटल संगठन ने सरकार से ढांचागत क्षेत्र का दर्जा देने की मांग करते हुए कहा है कि इससे होटल एवं आतिथ्य क्षेत्र की कंपनियों को कई समस्याओं से निपटने में मदद मिलेगी। खासकर होटल क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने में यह काफी कारगर होगा। उसने कहा है कि निवेश आने से होटल उद्योग अधिक लोगों को रोजगार देने में सक्षम होगा।इसके अलावा एचएआई ने कर्जों के पुनर्भुगतान में दी गई छूट की सीमा बढ़ाने और होटलों पर लगने वाले करों को युक्तिसंगत बनाने का भी अनुरोध किया है। इसके साथ ही होटलों के लिए कारोबारी सुगमता बढ़ाने वाले कदम भी उठाए जाने चाहिए।एचएआई ने कहा कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब नौ प्रतिशत का योगदान देने वाले होटल उद्योग में करीब 4.5 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार मिला हुआ है।

## क्विक न्यूज

### बायर की स्मालहोल्डर फार्मिंग के वैश्विक प्रमुख बने डी नारायण

**नई दिल्ली।** औषधि एवं रसायन क्षेत्र की वैश्विक कंपनी बायर ने अपनी भारतीय टीम के दो वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका में बदलाव किया है। बायर ने सोमवार को एक बयान में कहा कि बायर दक्षिण एशिया के मौजूदा अध्यक्ष एवं बायर क्रॉपसाइंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डी नारायण को अब कंपनी की स्मालहोल्डर फार्मिंग के वैश्विक प्रमुख की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। बायर ने कहा कि क्रॉपसाइंस के भारत, श्रीलंका एवं बांग्लादेश कारोबार के मुख्य परिचालन अधिकारी साइमन थॉर्सटन वीबुश कार्यकारी निदेशक का दायित्व संभालेंगे और इन देशों में कारोबार के क्षेत्रीय प्रमुख भी होंगे। भारत छोटे किसानों के लिहाज से दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है।

### एडलवाइस समूह का सह-ऋण देने को इंडियन बैंक के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** एडलवाइस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (ईएचएफएल) और ईसीएल फाइनेंस लिमिटेड (ईसीएलएफ) ने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को सह-ऋण देने के लिए निजी क्षेत्र के इंडियन बैंक के साथ साझेदारी की है। वित्तीय समूह एडलवाइस ने सोमवार को यह जानकारी दी। ईएचएफएल और ईसीएलएफ, एडलवाइस समूह की कंपनियां हैं। इन दोनों कंपनियों ने हाल में भारतीय रिज़र्व बैंक के सह-उधार मॉडल के तहत एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एडलवाइस समूह ने एक बयान में कहा कि ईएचएफएल और ईसीएलएफ ने इंडियन बैंक के साथ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण देने के लिए रणनीतिक तौर पर सह-उधार समझौते की घोषणा की है।

### श्रीलंका ने भारत की सहायता से लक्जरी ट्रेन सेवा शुरू की

**कोलंबो।** श्रीलंका ने भारत द्वारा दी गई ऋण सहायता की मदद से देश के तमिल बहुल जाफना जिले को राजधानी कोलंबो से जोड़ने वाली एक लग्जरी रेल सेवा शुरू की है। इस इंटरसिटी रेल सेवा की शुरुआत रविवार को कोलंबो के माउंट लाविनिया उपनगर से उत्तर में जाफना के कांकेसंथुराई बंदरगाह उपनगर तक के लिए हुई। इस तरह रेल सेवा लगभग 386 किलोमीटर की दूरी तय करती है। श्रीलंका में स्थित भारतीय उच्चायोग ने इसे भारत-श्रीलंका संबंधों में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उच्चायोग ने ट्वीट किया, रेलवे बुनियादी ढांचे को और मजबूतीउउ उत्तरी प्रांत के लिए आज शुरू की गई रेल सेवा, श्रीलंका के साथ भारत की विकास साझेदारी के दो प्रमुख स्तंभों को दर्शाती है - बुनियादी ढांचा विकास और देशव्यापी दृष्टि भारत ने ऋण सुविधा के तहत एसी डीजल मल्टीपल यूनिट (एसी डीएमयू) दी थी।श्रीलंका की परिवहन मंत्री पवित्रा वन्नियाराच्ची ने उद्घाटन के दौरान रेलगाड़ी की सवारी की और भारत के उप उच्चायुक्त विनोद के जैकब ने कोलंबो फोर्ट स्टेशन पर उनका स्वागत किया।

### नौ चयनित क्षेत्रों में कुल रोजगार जुलाई-सितंबर 2021 में बढ़कर 3.10 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।** श्रम मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी तिमाही रोजगार सर्वेक्षण के अनुसार नौ चयनित क्षेत्रों में कुल रोजगार की संख्या जुलाई - सितंबर 2021 के दौरान 3.10 करोड़ रही, जो अप्रैल-जून के मुकाबले दो लाख अधिक है। श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने श्रम ब्यूरो द्वारा तैयार तिमाही रोजगार सर्वेक्षण (क्यूईएस) को जारी किया, जिसके मुताबिक अप्रैल से जून, 2021 में नौ चयनित क्षेत्रों में कुल रोजगार की संख्या 3.08 करोड़ थी। ए आंकड़े कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के बाद राज्यों द्वारा लॉकडाउन प्रतिबंधों को हटाने के चलते आर्थिक गतिविधियों में हुए सुधार को दर्शाते है। ए नौ क्षेत्र विनिर्माण, निर्माण, व्यापार, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रेस्टोरेंट, आईटी बीपीओ (बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग) और वित्तीय सेवाएं है। यह इस कड़ी की दूसरी रिपोर्ट है। पहली रिपोर्ट अप्रैल-जून 2021 की थी। इस अध्ययन में 10 या अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों को शामिल किया गया। यादव ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि इन अध्ययनों से सरकार को साक्ष्य आधारित नीति बनाने में मदद मिलेगी।

### क्रेडिटएक्सेस ग्रामीण का कुल ऋण दिसंबर में 18 प्रतिशत बढ़कर 14,587 करोड़ रुपए पर

**मुंबई।** छोटी राशि के कर्ज देने वाला क्रेडिटएक्सेस ग्रामीण का सकल ऋण पोर्टफोलियो (जीएलपी) दिसंबर, 2021 में 18.4 प्रतिशत बढ़कर 14,587 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। क्रेडिटएक्सेस ग्रामीण ने सोमवार को बयान में कहा कि ए अनांकेक्षित आंकड़े है। कंपनी के आंकड़ों में उसकी अनुषंगी मदुरा माइक्रोफाइनेंस (एमएमएफएल) के आंकड़े भी शामिल हैं। क्रेडिटएक्सेस ग्रामीण का जीएलपी 19.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 12,180 करोड़ रुपए रहा। वही एमएमएफएल का जीएलपी 13.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,407 करोड़ रुपए रहा।

### कोलकाता में घरों का पंजीकरण दिसंबर 2021 में 10 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** कोलकाता में दिसंबर के दौरान आवासीय संपत्ति का पंजीकरण दस प्रतिशत घटकर 3,968 इकाई रहा। वही वर्ष 2021 के दौरान यह संख्या 64 प्रतिशत बढ़कर 45,000 इकाई पर पहुंच गई। संपत्ति सलाहकार कंपनी नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर 2020 में मकानों का पंजीकरण 4,422 इकाई था। रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2021 के दौरान कोलकाता में 44,940 इकाइयों का पंजीकरण हुआ, जबकि 2020 में यह संख्या 27,328 थी। रिपोर्ट के अनुसार इसमें से 56 प्रतिशत इकाइयों का पंजीकरण जुलाई 2021 में स्टांप शुल्क में कटौती की शुरुआत के बाद हुआ। पंजीकरण का यह आंकड़ा प्राथमिक और द्वितीयक (पुनः बिक्री) आवासीय बाजारों दोनों में किए गए लेनदेन का है। नाइट फ्रैंक ने एक बयान में कहा, कोरोना वायरस के कारण अनिश्चितताओं से जूझ रहे है कोलकाता में स्टांप शुल्क में दो प्रतिशत की छूट से 2021 की दूसरी छमाही में आवासीय अचल संपत्ति क्षेत्र में सुधार देखा गया।

### कोर्स-5 इंटेलिजेंस लिमिटेड ने आईपीओ के लिए दस्तावेज फाइल किए

**मुंबई।** प्योरप्ले डेटा एनालिटिक्स और इनसाइट्स कंपनी कोर्स-5 इंटेलिजेंस लिमिटेड ने आईपीओ के लिए डीआरएचपी दायर किया है। भारत में निगमित संस्थाओं के बीच कोर्स-5 इंटेलिजेंस अग्रणी प्योर,प्ले डेटा एनालिटिक्स और इनसाइट्स कंपनियों में से एक है। कंपनी -5 प्रत्येक इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों के एक आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का प्रस्ताव कर रहा हैए जो कुल मिलाकर 600 करोड़ का ऑफर है। इस ऑफर में 300 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम फ्रेश इश्यू और इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल हैए जो कुल मिलाकर 300 करोड़ तक है। ओएफएस में अश्विन रमेश मित्तल द्वारा कुल 32.5 करोड़ तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं।

# ब्रिटेन की व्यापार मंत्री अगले सप्ताह दिल्ली में शुरू करेंगी एफटीए वार्ता

**लंदन।** ब्रिटेन की अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री ऐनी-मेरी ट्रेवेलियन बुधवार से शुरू हो रही अपनी नई दिल्ली की यात्रा के दौरान मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत शुरू करेंगी। ब्रिटेन सरकार के अंतरराष्ट्रीय व्यापार विभाग (डीआईटी) ने रविवार को बताया कि भारत की दो दिवसीय यात्रा के दौरान ट्रेवेलियन बृहस्पतिवार को वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी। डीआईटी ने कहा कि ट्रेवेलियन और गोयल के बीच कई मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है, जिसमें हरित व्यापार के साथ ही दोनों देशों के बीच बाजार पहुंच संबंधी बाधाओं को दूर करना शामिल है। इसके बाद उम्मीद है कि दोनों मंत्री एक नए ब्रिटेन-भारत एफटीए पर आधिकारिक वार्ता शुरू होने की पुष्टि करेंगे। ट्रेवेलियन ने कहा, ब्रिटेन और भारत पहले ही घनिष्ठ मित्र तथा व्यापारिक साझेदार हैं और इस बुनियाद पर मजबूत संबंधों का निर्माण 2022 की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, मैं अपनी यात्रा का इस्तेमाल एक महत्वाकांक्षी व्यापार एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए करूंगी, जो ब्रिटेन के भारत-प्रशांत झुकाव का प्रतिनिधित्व करता है, और यह दर्शाता है कि हम एक स्वतंत्र व्यापारिक राष्ट्र के रूप में वैश्विक अवसरों को कैसे हासिल कर रहे हैं। ब्रिटेन की मंत्री बृहस्पतिवार को गोयल के साथ 15वीं ब्रिटेन-भारत संयुक्त आर्थिक और व्यापार समिति (जेईटीसीओ) की सह-मेजबानी करेंगी। डीआईटी ने कहा कि ट्रेवेलियन विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव सहित कई कैबिनेट मंत्रियों से भी भेंट कर सकती हैं।

# दिसंबर में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 111 लाख पर पहुंची: इक्रा

**मुंबई।** चालू वित्त वर्ष 2021-22 के पहले नौ महीनों में घरेलू विमान यात्रियों की संख्या वर्ष 2019-20 की समान अवधि की तुलना में 44 प्रतिशत घट गई। हालांकि, दिसंबर, 2020 की तुलना में पिछले महीने हवाई यात्रियों की संख्या 52 फीसदी बढ़कर 111 लाख पर पहुंच गई। रेटिंग एजेंसी इक्रा रेटिंग्स ने सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा कि कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन की वजह से कोविड-19 संक्रमण के मामले फिर से बढ़ने के बीच हवाई परिवहन के सामने नई बंदिशें आने की आशंका है। यह विमानन क्षेत्र के लिए निकट भविष्य में चुनौतियां खड़ी कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर, 2021 में घरेलू विमान यात्रियों की संख्या नवंबर की तुलना में 5-6 प्रतिशत अधिक रही। इसके अलावा इस महीने में दैनिक उड़ानों की संख्या 2,800 रही, जो दिसंबर, 2020 में 2,700 थी। इसके अलावा दिसंबर, 2021 में प्रति उड़ान यात्रियों की औसत संख्या 129 रही, जो नवंबर के 130 के लगभग समान है इक्रा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं विमानन क्षेत्र प्रमुख सुप्रियो बनर्जी ने कहा कि अप्रैल-दिसंबर, 2021 की अवधि में घरेलू विमान यात्रियों की कुल संख्या अप्रैल-दिसंबर 2019 की तुलना में 44 फीसदी कम हुई है। कोविड-19 के अलावा कॉरपोरेट क्षेत्र से मांग कम होना भी इसकी एक वजह है। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे विमानन क्षेत्र में तेजी लौटती दिखी है। इसमें त्योहारी मौसम के दौरान आवागमन की बढ़ी मांग की अहम भूमिका रही है। लेकिन पिछले कुछ हफ्तों से ओमीक्रोन के मामले बढ़ने से कोविड-19 की तीसरी लहर ने दस्तक दे दी है जिससे एक बार फिर से हवाई यात्रा से जुड़ी पाबंदियां लगने की आशंका है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर में 111 लाख लोगों ने हवाई यात्रा की जबकि नवंबर में यह संख्या 105 लाख रही थी।

# कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के प्रयासों के तहत 2030 तक होगा 395 अरब डॉलर का निवेश

भाषा। मुंबई

**भारत में** आक्रमक तरीके से कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए ऊर्जा अर्थव्यवस्था के हरित ईंधन की ओर बढ़ने से इस क्षेत्र में 2030 तक 395 अरब डॉलर के निवेश का अनुमान है। अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी ने सोमवार को यह कहा। पेरिस जलवायु समझौते (सीओपी21) में भारत ने स्वयं से राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान के तहत 2030 तक कुल स्थापित बिजली क्षमता में से 40 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों से हासिल करने की प्रतिबद्धता जताई थी। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने पिछले महीने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता के ।,50,050 मेगावॉट पहुंचने और परमाणु ऊर्जा क्षमता 6,780 मेगावॉट होने के साथ यह लक्ष्य निर्धारित समय से बहुत पहले नवंबर, 2021 में ही हासिल कर लिया गया। मंत्रालय ने 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली की स्थापित क्षमता 5,00,000 मेगावॉट पर पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

इसके साथ गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा की स्थापित क्षमता ।,56,830 मेगावॉट यानी कुल स्थापित क्षमता 3,90,800 मेगावॉट का 40.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह सरकार के नवंबर में ग्लासगो (ब्रिटेन) में आयोजित जलवायु सम्मेलन (सीओपी26) में की गई घोषणा के अनुरूप है। बैंक ऑफ अमेरिका सिक्योरिटीज इंडिया के शोध विश्लेषक अमीश शाह ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के प्रयासों के साथ भारत बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के अनुरूप कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर के साथ कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के प्रयासों के तहत इस दशक के दौरान यानी 2030 तक 395 अरब डॉलर का निवेश होने का अनुमान है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि इसमें अबतक कितना निवेश हो चुका है। कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के प्रयासों में डीजल के उपयोग में कमी लाना, तेजी से नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाना, प्राकृतिक गैस की आपूर्ति को बेहतर बनाना, निजी कंपनियों को शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन के लिए प्रेरित करना, देशभर में बिजली वितण का निजीकरण कर ऊर्जा दक्षता में सुधार लाना तथा जल शोधन की बेहतर व्यवस्था शामिल हैं। ब्रोकरेज कंपनी के अनुसार, इस दिशा में अन्य प्रयासों में रेलवे के जरिए अधिक माल ढुलाई सुनिश्चित करने के लिए माल ढुलाई क्षमता में विस्तार, डीजल से चलने वाले सार्वजनिक परिवहन को कम करके अधिक मेट्रो रेल परियोजनाओं को चालू करना, मौजूदा तापीय बिजली संयंत्रों को दक्ष बनाना, रेलवे विद्युतीकरण को पूरा करना आदि शामिल हैं।

# काशी विश्वनाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं, कर्मचारियों को कागज की चप्पलें बेचेगा केवीआईसी

भाषा। नई दिल्ली

**वाराणसी** के काशी विश्वनाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को अब मंदिर परिसर में नंगे पैर जाने की जरूरत नहीं होगी। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने श्रद्धालुओं और कर्मचारियों को हाथ से बनी कागज की चप्पलें (स्लिपर) की बिक्री शुरू करने का फैसला किया है। सूक्ष्म, लघु एवं मझोला उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। ए चप्पलें काशी विश्वनाथ मंदिर के गलियारे में स्थित खादी दुकान पर उपलब्ध होंगे। मंत्रालय ने कहा, काशी विश्वनाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं तथा मंदिर के कर्मचारियों को अब नंगे पांव मंदिर परिसर में प्रवेश करने की जरूरत नहीं होगी। 14 जनवरी से केवीआईसी हस्तनिर्मित कागज की चप्पलों की बिक्री शुरू करेगा। इन चप्पलों को इस्तेमाल के बाद फेंका जा सकता है। यानी ए यूज एंड थ्रो स्लिपर होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी विश्वनाथ मंदिर के कर्मचारियों के लिए जूट से बनी चप्पलें भेजी हैं। प्रधानमंत्री को यह जानकारी मिली थी कि वहां काम करने वाले लोगों को नंगे पैर रहना पड़ता है।

# सेंसेक्स 651 अंक के उछाल के साथ फिर 60,000 अंक के पार

भाषा। मुंबई

**शेयर बाजार** में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 650 अंक से अधिक चढ़कर 60,000 अंक के स्तर को फिर पार कर गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी मजबूत होकर 18,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों से पहले सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। बाजार में शुरुआती कारोबार सकारात्मक स्तर पर शुरू हुआ और तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स एक समय दिन के उच्चतम स्तर 60,427.36 अंक तक चला गया। अंत में यह 650.98 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,395.63



अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 190.60 अंक यानी 1.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,003.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाइटन, मारुति सुजुकी, एसबीआई, एलएंडटी, एचडीएफसी और कोटक बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। इनमें 3.29 प्रतिशत तक की तेजी आई। दूसरी तरफ नुकसान उठाने वाले शेयरों में विप्रो, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स और पावरग्रिड शामिल हैं। इनमें 2.47 प्रतिशत तक की गिरावट रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 20 लाभ में रहे। विश्लेषकों के अनुसार, इस सप्ताह से कंपनियों के तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम आने शुरू हो जाएंगे। आईटी कंपनियों और एचडीएफसी बैंक के परिणाम महत्वपूर्ण माने जाने वाले क्रमश: प्रौद्योगिकी और बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति को स्पष्ट करेंगे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कमजोर वैश्विक रुख और कोविड मामलों में वृद्धि के बीच कंपनियों के तिमाही वित्तीय परिणाम बेहतर रहने की उम्मीद में घरेलू बाजारों में मजबूती रही। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने तेजी की अगुवाई की। इसका कारण एक रिपोर्ट में एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक) सीमा में वृद्धि का संकेत है। बिक्री आंकड़ा बेहतर रहने तथा आगामी बजट में क्षेत्र के हित कदम उठाए जाने की उम्मीद में रियल्टी क्षेत्रों का भी प्रदर्शन बेहतर रहा। उन्होंने कहा, वैश्विक बाजारों में रुख नकारात्मक रहा। इसका कारण यूरो क्षेत्र में मुद्रास्फीति के रिकॉर्ड पांच प्रतिशत के स्तर पर पहुंचने से निवेशकों में चिंता बढ़ी है। उन्हें अब इस सप्ताह जारी होने वाले अमेरिका की महंगाई दर के आंकड़ों का इंतजार है। ऐसी आशंका है कि अमेरिका में भी महंगाई दर ऊंची रहेगी। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा कि बैंकों में फंसे कर्ज के एवज में प्रावधान का आंकड़ा बेहतर होने के साथ कर्ज की स्थिति अच्छी रहने की उम्मीद में वित्तीय कंपनियों के शेयरों में तेजी रही।

# पेज एक का शेष

## महामारी के...

उपकरण जैसे बुनियादी ढांचे की परिचालन स्थिति पोर्टल पर भरी जाए। मांडविया ने राज्यों को आवश्यक दवाओं के अतिरिक्त भंडार की समीक्षा करने और यह सुनिश्चित करने की भी सलाह दी कि यदि कोई कमी है, तो उसे पूरा किया जाए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 7,23,619 हो गयी है जो करीब 204 दिनों में सबसे अधिक संख्या है जबकि 146 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 4,83,936 हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, ओमीक्रोन के 4,033 मरीजों में से 1,552 स्वस्थ हो गए हैं या देश छोड़कर चले गए हैं। महाराष्ट्र में ओमीक्रोन के सबसे अधिक 1,216 मामले आए। इसके बाद राजस्थान में 529, दिल्ली में 513, कर्नाटक में 441, केरल में 333 और गुजरात में 236 मामले आए। देश में एक दिन में संक्रमण के कुल 1,79,723 नए मामले आए, जो 227 दिनों में सबसे अधिक हैं। पिछले साल 27 मई को 1,86,364 नए मामले आए थे। मंत्रालय के अनुसार, देश में जिन 146 मरीजों की मौत हुई है उनमें से 44 की केरल, 18 की पश्चिम बंगाल और 17 लोगों की मौत दिल्ली में हुई है। देश में इस महामारी से अब तक 4,83,936 लोगों की मौत हो चुकी है।

## नौ लाख...

संदेश भेजे गए है। हालांकि यह भी शर्त है कि तीसरा टीका ऐसे ही लोगों को लगेगा, जिसने दूसरा टीका 39 सप्ताह पहले लगवाया हो। एहतियात खुराक का जानकारी टीकाकरण प्रमाण पत्र में में होगी। मिली जानकारी के अनुसार करीब 1.05 करोड़ हेल्थकेयर और 19 करोड़ फ्रंटलाइन वर्कर्स और 60 से अधिक आयु वर्ग के 2.75 करोड़ को कोविड-19 वैक्सीन की तीसरी खुराक लगाई जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय अनुसार भारत में पिछले 24 घंटों में 1,79,723 नए कोविड-19 मामले दर्ज किए गए। वहीं 146 मौतें हुईं। इस साथ ही देश में कोरोना से कुल मरने वालों की संख्या 4,83,936 हो गई।

## उप्र में...

दिया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि सभी औद्योगिक इकाइयां क्रियाशील रखी जाएं। चीनी मिलें पूर्ववत चलती रहें। रात्रि में संचालित होने वाली औद्योगिक इकाइयों के कार्मिकों को आवागमन की छूट दी जाए। निगरानी समितियों ने कोरोना काल में अहम भूमिका निभाई है ऐसे में तीसरी लहर को लेकर प्रदेश के हर जिले में निगरानी समितियों को सक्रिय किया जा रहा है। सीएम ने गांवों में प्रधान के नेतृत्व में और शहरी वार्डो में पार्षदों के नेतृत्व में निगरानी समितियां क्रियाशील करने के आदेश अधिकारियों को दिए हैं। देश में 75 हजार से अधिक निगरानी समितियों ने मोर्चा संभाल लिया है। जो घर घर संपर्क कर बिना टीकाकरण वाले लोगों को चिन्हित कर रही हैं। ये निगरानी समितियां इन लोगों की सूची तैयार कर जिला प्रशासन को दे रही हैं। सभी जिलों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

## यूपी में...

के अधीन मामला दर्ज किया है। सहारनपुर के शहर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि आज इमरान मसूद ने अपने निवास पर अपने समर्थकों की भीड़ बिना पूर्व अनुमति के जुटाई थी, जिसमें हजारों लोग इकट्ठे हुए थे। उन्होंने बताया कि पूरे उतर प्रदेश में आचार सहिता लागू है। उन्होंने बताया कि इस दौरान कोविड दिशा निर्देशों का पालन नही किया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वहां मौजूद लोगों में से किसी के चेहरे पर मास्क नही था ओर न ही सामाजिक दूरी के नियम का पालन किया जा रहा था। कुमार ने बताया कि इसके आलोक में थाना कुतुबशेर में मसूद सहित 10 लोगों को नामजद करते हुए 300 अज्ञात के खिलाफ भारतीय दंड सहिता की धाराओं एवं महामारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि आज इमरान मसूद के निवास पर हजारों की सख्ंया में उनके समर्थक उपस्थित रहे लेकिन वहां कोविड-19 के नियमों का पालन नहीं किया गया और उनके समर्थको ने न तो मास्क का प्रयोग किया था और न ही सामाजिक दूरी के नियम का पालन किया था।

## अभिनेता सोनू...

को कांग्रेस में शामिल कराने का कार्यक्रम पंजाब के मोगा जिले में उनके आवास पर हुआ। अभिनेता सूद ने पिछले साल नवंबर में कहा था कि उनकी बहन राजनीति में शामिल होंगी। जब पूछा गया कि क्या मालविका सूद मोगा विधानसभा सीट से कांग्रेस की प्रत्याशी हो सकती हैं तो चन्नी ने संकेत दिया कि वह पार्टी की पसंद होंगी। कांग्रेस में मालविका का स्वागत करते हुए सिद्धू ने कहा, हमारे लिए बहुत खुशी की बात है कि एक युवा महिला जिन्होंने स्वयं गैर सरकारी संगठन चलाकर नाम कमाया है और लोगों की सेवा के लिए खुद को समर्पित कर दिया है , वह हमारी पार्टी में शामिल हुई हैं। इस मौके पर मालविका ने कहा कि उन्होंने खुद को लोगों की सेवा में समर्पित करने के लिए राजनीति में कदम रखा है।

## पीएम की...

ने पंजाब सरकार की चिंताओं पर भी ध्यान दिया कि उसके अधिकारियों की केंद्र सरकार के पैनल द्वारा बिना किसी कार्यवाही के निंदा की जा रही है और आदेश दिया कि सभी पूछताछ बंद होनी चाहिए। शुरुआत में पंजाब सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस पटवालिया ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि मामले में निष्पक्ष सुनवाई होगी, क्योंकि इसके पीछे भी कुछ राजनीति है। उनका डर सच हो गया है, क्योंकि केंद्र सरकार की कमेटी ने राज्य के अधिकारियों को सात कारण बताओ नोटिस भेजे हैं, जिनमें मुख्य सचिव से लेकर एसएसपी तक शामिल हैं। राज्य के कानून अधिकारी ने कहा कि यदि हम दोषी हैं तो कृपया मुझे और मेरे अधिकारियों को फांसी दे दें, लेकिन हमारी बात सुने बिना निंदा न करें। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा राज्य के अधिकारियों को नोटिस भेजने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पटवालिया ने कहा कि समिति की पूछताछ को रोक दिया गया है, ये कारण बताओ नोटिस कहां से आए हैं। पीठ ने राज्य सरकार के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का हवाला दते हुए पूछा कि जब समिति को 10 जनवरी तक रुकने के लिए कहा गया था तो अदालत के हस्तक्षेप का क्या उद्देश्य रह गया। आपका कारण बताओ नोटिस पूरी तरह से विरोधाभासी है। एक समिति का गठन करके आप जांच करना चाहते हैं कि क्या कोई उल्लंघन हुआ है और फिर आप राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी को दोषी मानते हैं। उन्हें दोषी किसने ठहराया। राज्य और याचिकाकर्ता चाहते हैं कि निष्पक्ष सुनवाई हो और आप इसके खिलाफ नहीं हो सकते। पीठ ने सख्त लहजे में पूछा फिर आपके द्वारा यह प्रशासनिक और तथ्य-खोज जांच क्यों की जा रही है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि अदालत के आदेश से पहले कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के पैनल को खामियों की जांच करने की अनुमति दी जा सकती है और एक रिपोर्ट पीठ को सौंपी जाएगी। इस पर पीठ ने कहा कि हमारे आदेश के बाद उनसे 24 घंटे के भीतर जवाब मांगना, आपसे इसकी उम्मीद नहीं की जा सकती।

## गृह मंत्रालय...

अनुरोध किया जाना चाहिए। चूंकि, गृह मंत्रालय सीएए कानून बनने के छह महीने के भीतर नियम नहीं बना सका, इसलिए उसने समितियों से और समय मांगा पहली बार जून 2020 में और फिर और चार बार। पांचवां विस्तार सोमवार को समाप्त हो गया। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने और समय के अनुरोध के लिए संसदीय समितियों से संपर्क किया है। उम्मीद है कि हमें सेवा विस्तार मिल जाएगा। केंद्र सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि सीएए के पात्र लाभार्थियों को भारतीय नागरिकता कानून के तहत नियम अधिसूचित होने के बाद ही दी जाएगी। सीएए का उद्देश्य पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के हिंदुओं, सिखों, जैनियों, बौद्धों, पारसियों और ईसाइयों जैसे प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है। इन समुदायों के जो लोग 31 दिसंबर, 2014 तक भारत आए थे, जो वहां धार्मिक उत्पीड़न का सामना कर रहे थे, उन्हें अवैध प्रवासी नहीं माना जाएगा और उन्हें भारतीय नागरिकता दी जाएगी। संसद द्वारा सीएए पारित होने के बाद, देश के विभिन्न हिस्सों में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे जिसमें पुलिस गोलीबारी और संबंधित हिंसा में लगभग 100 व्यक्तियों की मौत हो गई।

## सुप्रीम कोर्ट...

दिल्ली में दिए गए 'घृणा' भाषण का उल्लेख किया गया है और शीर्ष अदालत से ऐसे भाषणों से निपटने के लिए दिशानिर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया कि एक कार्यक्रम हरिद्वार में यति नरसिंहानंद द्वारा आयोजित किया गया, जबकि दूसरा दिल्ली में 'हिंदू युवा वाहिनी' द्वारा जिनमें कथित तौर पर एक समुदाय के सदस्यों के संहार का आह्वान किया गया है। उत्तराखंड पुलिस ने हरिद्वार की घटना को लेकर 23 दिसंबर को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत वसीम रिजवी, संत धर्मदास महाराज, साध्वी अन्नपूर्णा उर्फ पूजा शकुन पांडे, यति नरसिंहानंद और सागर सिंधु महाराज सहित कुछ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इसी तरह की शिकायत दिल्ली पुलिस से राष्ट्रीय राजधानी में हुए दूसरे कार्यक्रम के संदर्भ में की गई। याचिका में कहा गया है कि उत्तराखंड और दिल्ली पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।

## आतंकी साजिश...

था और जांच से बचने के लिए फर्जी तरीके से भारतीय पहचान पत्र हासिल कर लिए थे। मामले की जांच जारी है।

## सपा नेता...

जाता है कि जहीर की बेटी जेबा रिजवान आगामी विधानसभा चुनाव में तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्र से सपा के टिकट की उम्मीदवार थी और फिरोज खां भी तुलसीपुर से पार्टी का टिकट मांग रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस हत्याकांड में शामिल सभी अभियुक्तों पर गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इस मामले को फास्ट ट्रैक अदालत में ले जाया जाएगा।

## राजधानी में...

होगी। राज्य सरकार ने कहा कि 37,000 कोविड बिस्तर को तैयार रखने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा 10,594 आईसीयू बिस्तर और 2,328 पीडियाट्रिक बिस्तर की व्यवस्था की जाएगी। आंकड़ों के अनुसार, 10 जनवरी तक 31,695 कोविड बिस्तर, 9,844 आईसीयू बिस्तर और 2,328 पीडियाट्रिक तैयार हैं।

# द. अफ्रीका में सीरीज जीतने उतरेगा भारत

## तीसरा व अंतिम टेस्ट आज से

**भाषा**। केपटाउन

**भारत** को करिश्माई कप्तान विराट कोहली की मौजूदगी की जरूरत है जिससे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसकी सरजमीं पर पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतने के उसके अभियान को मजबूती मिलेगी लेकिन मंगलवार से शुरू हो रहे टेस्ट में मेजबान टीम भी दूसरा टेस्ट जीतने के बाद बढ़े हुए मनोबल के साथ उतरेगी।

कोहली पीठ के ऊपरी हिस्से में जकड़न के कारण पिछले हफ्ते जोहानिसबर्ग में दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे और अगर न्यूलैंड्स पर ट्रेनिंग सत्र से मिले संकेतों को देखें तो भारतीय कप्तान के तीसरे और अंतिम टेस्ट में खेलने की पूरी संभावना है।

तीन मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। मेजबान टीम भी निश्चित तौर पर दूसरे टेस्ट में अपने प्रदर्शन से प्रेरणा लेना चाहेगी। कोहली अपना 99वां टेस्ट अपनी बेटी के पहले जन्मदिन के मौके पर खेलेंगे। ऐसे में बल्लेबाज कोहली चाहेंगे कि वह पिछले कुछ समय से बेहद दबाव का सामना कर रहे कप्तान कोहली के लिए इस मैच को यादगार बनाएं। दक्षिण अफ्रीका में तीन दशक में पहली टेस्ट श्रृंखला जीतने से निश्चित तौर पर कोहली का नाम पारंपरिक प्रारूप में देश के महानतम कप्तान के रूप में स्थापित होगा।

इसके लिए हालांकि भारत को अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो पिछले कुछ समय से उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। पहली पारी में 300 से अधिक का स्कोर खड़ा करना महत्वपूर्ण होगा। जोहानिसबर्ग में दो संघर्षपूर्ण पारियों, विशेषकर दूसरी पारी में नाबाद 40 रन बनाने के बाद हनुमा विहारी को मायूसी हाथ लग सकती है और उन्हें टीम में कप्तान के लिए जगह बनानी पड़ सकती है।

काफी विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि कोहली को आफ ड्राइव खेलने से बचना होगा या फिर 2004 में सचिन तेंदुलकर की तरह की पारी खेली होगी जब सिडनी में ब्रेट ली एंड कंपनी के खिलाफ उन्होंने दोहरा शतक नहीं जड़ने तक आफ साइड में शॉट नहीं खेले थे, लेकिन कोहली का अपना अलग तरीका है। अगर रविवार के अभ्यास पर गौर करें तो वह अभी कवर ड्राइव खेलने से नहीं हिचक रहे हैं। ऋषभ पंत ने हाल के महीनों में तेज गेंदबाजों के खिलाफ आगे बढ़कर खेलते हुए आक्रामकता दिखाई है लेकिन इसका उन्हें अधिक फायदा नहीं मिला है।

न्यूलैंड्स की असमान उछाल वाली घसियाली पिच पर भारत को कागिसो रबाडा, डुआने ओलिवियर, लुंगी एनगिडी और मार्को जेनसन के खिलाफ बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी। भारत ने केपटाउट में कभी टेस्ट मैच नहीं जीता है और मध्यक्रम के तीन अनुभवी बल्लेबाजों को वांडरर्स से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पुजारा और रहाणे को दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में अर्धशतक जड़ने के बाद अंतिम एकादश में बरकरार रखा जा सकता है लेकिन अगर वे कोई महत्वपूर्ण योगदान नहीं देते हैं और उनका करियर बचाने के लिए ए नाकाफी हो सकता है।

अर्धशतक जड़ना सकारात्मक संकेत हैं लेकिन अच्छी शुरुआत को बड़े शतक में नहीं बदल पाना निराशाजनक है। इसी तरह लोकेश राहुल और मयंक अग्रवाल को भी दक्षिण अफ्रीका के तूफानी गेंदबाजों के खिलाफ टीम को अच्छी शुरुआत दिलानी होगी। तेज गेंदबाज इशांत शर्मा भी अपने करियर के अंतिम चरण में हैं और मोहम्मद सिराज के पैर की मांसपेशियों में चोट से उन्हें मौका मिल सकता है। पिछले छह महीने में वह खराब फॉर्म और चोट से जूझते रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका की पिचों की प्रकृति और इशांत की छह फीट से अधिक की लंबाई के साथ लगातार मेडन फेंकने की क्षमता उन्हें उमेश यादव से बेहतर विकल्प बनाती है।

टीम को हालांकि जसप्रीत बुमराह से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिनका स्ट्राइक रेट पीठ की चोट से वापसी करने के बाद गिरा है। डीन एल्गर, रेसी वान डेर डुसेन और तेंबा बावुमा को बुमराह अपनी शॉर्ट पिच गेंदों से परेशान नहीं कर पाए और वह अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे।



अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान कोहली और टीम के अन्य सदस्य

### टीमें

**भारत:** विराट कोहली (कप्तान), लोकेश राहुल, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, रविचंद्रन अश्विन, शारदुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, अजिंक्य रहाणे, रिद्धिमान साहा, जयंत यादव, प्रियांक पांचाल, उमेश यादव, हनुमा विहारी और इशांत शर्मा।

**दक्षिण अफ्रीका:** डीन एल्गर (कप्तान), तेम्बा बावुमा, कागिसो रबाडा, सरेल इरवी, ब्युरेन हेंड्रिक्स, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, कीगन पीटरसन, रासी वेन डेर डुसेन, काइल वेरेने, मार्को जेनसन, ग्लेनटन स्टुरमैन, प्रेनेलन सुब्राएन, सिसांडा मगाला, रेयान रिकेल्टन, डुआने ओलिवियर।



## मोहम्मद सिराज को लेकर जोखिम नहीं ले सकते: कोहली

**केपटाउन**। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने सोमवार को कहा कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और निर्णायक टेस्ट के लिए टीम में वापसी करेंगे क्योंकि वह बिलकुल फिट हैं। कप्तान ने हालांकि साफ किया कि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज मंगलवार से शुरू हो रहे टेस्ट का हिस्सा नहीं होंगे। पीठ के ऊपरी हिस्से में जकड़न के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर रहने वाले कोहली ने रविवार को न्यूलैंड्स में बाकी टीम के साथ अभ्यास किया। वह इस दौरान असहज नहीं दिखे और आगे झुककर ड्राइव खेल रहे थे। कोहली ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मैं बिलकुल फिट हूं। कोहली ने हालांकि कहा कि जोहानिसबर्ग में दूसरे टेस्ट में भारत की सात विकेट की हार के दौरान चोटिल हुए सिराज तीसरे और अंतिम टेस्ट में नहीं खेलेंगे। सिराज की पैर की मांसपेशियों में चोट है। उन्होंने कहा कि सिराज पैर की मांसेपेशियों की चोट से उबर रहा है जो उसे पिछले मैच में लगी थी और वर्तमान में मुझे नहीं लगता कि वह तीसरे टेस्ट में मैदान पर उतरने के लिए मैच फिट है। भारतीय कप्तान ने कहा कि आप बेशक ऐसे खिलाड़ी के साथ जोखिम नहीं ले सकते जो तेज गेंदबाज के रूप में 110 प्रतिशत फिट नहीं है और हमें पता है कि छोटी-मोटी चोट कितनी महत्वपूर्ण होती है क्योंकि यह बढ़कर बड़ी चोट बन सकती है। उन्होंने कहा, सिराज उम्मीद के मुताबिक फिट नहीं है। कप्तान ने हालांकि यह नहीं बताया कि तीसरे टेस्ट में इशांत शर्मा को उमेश यादव पर तरजीह मिलेगी या नहीं।

# अहमदाबाद आईपीएल टीम के कप्तान बनेंगे हार्दिक

## भारतीय क्रिकेट बोर्ड से मिली मंजूरी

**भाषा**। नई दिल्ली

**सीवीसी** के स्वामित्व वाली अहमदाबाद फ्रेंचाइजी अपने पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र में सीनियर भारतीय आल राउंडर हार्दिक पंड्या को कप्तान नियुक्त करेगी, जिसके लिए उसे बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) से मंजूरी मिल गई है।



अहमदाबाद आईपीएल टीम को 5625 करोड़ रुपए में खरीदने वाली कंपनी को लेटर ऑफ इंटेंट (आशय पत्र) के लिए बीसीसीआई से लंबा इंतजार करना पड़ा, क्योंकि इसके लिए कानूनी जांच की जरूरत थी। स्वीकृति हासिल करने में विलंब का कारण सीवीसी का यूरोप में सट्टेबाजी फर्म में निवेश करना था और हालांकि भारत में उसका इस तरह का कोई परिचालन नहीं होता जहां सट्टेबाजी अवैध है, इसलिए देश का क्रिकेट बोर्ड ऐसा करने से पहले कानूनी पेचीदगियों के बारे में सुनिश्चित होना चाहता था। आईपीएल के वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि हां, अहमदाबाद फ्रेंचाइजी को आशय पत्र मिल गया है। हालांकि वे पिछले कुछ समय से अपनी तैयारी कर रहे थे क्योंकि यह बड़ी प्रक्रिया है। जहां तक हम जानते हैं, हार्दिक को फ्रेंचाइजी के कप्तान पर चुना गया है।

दो नई फ्रेंचाइजी (लखनऊ अन्य फ्रेंचाइजी) के पास ड्राफ्ट पिक के अनुसार नीलामी से पहले उपलब्ध खिलाड़ियों के पूल में से तीन खिलाड़ी (दो भारतीय और एक विदेशी) चुनने का अधिकार है।

सूत्र ने कहा कि स्थानीय जुड़ाव और मुंबई इंडियंस के लिए इतने लंबे समय से आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के आधार पर कप्तान और प्रीमियर खिलाड़ी के तौर पर हार्दिक निश्चित विकल्प था। उन्होंने कहा कि फ्रेंचाइजी ने ड्राफ्ट से दूसरे और तीसरे पिक के तौर पर अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान और विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन के साथ भी करार को अंतिम रूप दे दिया है। अगर अंतिम क्षण में कोई बदलाव नहीं होता है तो अब तक इसी पर फैसला हुआ है। अहमदाबाद की फ्रेंचाइजी ने पहले ही आशीष नेहरा को अपना मुख्य कोच, विक्रम सोलंकी को क्रिकेट निदेशक और गैरी कर्स्टन को अपना टीम मेंटोर नियुक्त कर दिया है।

## बार्टी ने सिडनी टूर्नामेंट से नाम वापस लिया मेलबर्न रवाना

**एपी**। एडीलेड

**एडीलेड** इंटरनेशनल में एकल और युगल दोनों खिताब जीतने के बाद शीर्ष रैंकिंग वाली ऐश बार्टी ने सिडनी टेनिस क्लासिक से नाम वापिस ले लिया। अब वह आस्ट्रेलियाई ओपन के लिए सीधे मेलबर्न जाएंगी। एडीलेड से सीधे मेलबर्न जाना वैसे भी आसान है और 17 जनवरी से शुरू हो रहे साल के पहले ग्रैंडस्लैम में वह तरोताजा रहकर उतरना चाहती है।

उन्होंने सोमवार को कहा कि यह असाधारण सप्ताह रहा है। हमने कई एकल और युगल मैच खेले और कोर्ट पर काफी समय बिताया। आस्ट्रेलिया ओपन के लिए तैयारी अच्छी है।

## पिछले 10-15 वर्षों में हमारे लिए सबसे बड़ा मैच : डीन एल्गर

**भाषा**। केपटाउन

**दक्षिण** अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर ने भारत के खिलाफ तीसरे और निर्णायक टेस्ट को पिछले 10-15 वर्षों में अपनी टीम के लिए सबसे बड़ा मैच करार देते हुए सोमवार को कहा कि विराट कोहली की वापसी से मुकाबला अधिक कड़ा हो गया है।

जोहानिसबर्ग में दूसरे टेस्ट मैच में खिलाड़ियों के बीच कुछ अवसरों पर तीखी झड़प देखने को मिली थी और एल्गर को लगता है कि न्यूलैंड्स में भी ऐसा हो सकता है। एल्गर ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि विराट खेल में नए आयाम जोड़ता है। मुझे नहीं लगता कि मुझे उनकी कमी खली लेकिन मुझे लगता कि उनकी टीम को उनकी कमी खली, चाहे वह कप्तानी को लेकर हो या रणनीति की दृष्टि से। उन्होंने कहा कि वह विश्वस्तरीय खिलाड़ी है और अपनी टीम में बेहद अनुभवी है। उसका नाम ही काफी है और वह बेहद सम्मानित क्रिकेटरों में से एक है इसलिए मैं यह नहीं कहूंगा कि मुझे उनकी कमी खली। लेकिन यह मायने नहीं रखता कि हमारे खिलाफ कौन खेल रहा है। हमें अपने खेल पर ध्यान देने की जरूरत है। पिछले मैच की दूसरी पारी में नाबाद 96 रन बनाकर जीत में अहम भूमिका निभाने वाले एल्गर ने कहा कि भारत के खिलाफ श्रृंखला जीतने से उनकी टीम को बहुत फायदा होगा।

# बंद होंगे साइ के 67 अभ्यास केंद्र

## कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए लिया गया निर्णय

**भाषा**। नई दिल्ली



**भारतीय** खेल प्राधिकरण ने सोमवार को कहा कि कोरोना संक्रमण के बढते मामलों के कारण देश में 67 अभ्यास केंद्रों को बंद करने का फैसला किया गया है लेकिन एलीट खिलाड़ियों के राष्ट्रीय शिविर जारी रहेंगे। इस फैसले का पटियाला और बेंगलुरू जैसे राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों पर असर नहीं पड़ेगा जहां एलीट खिलाड़ियों के शिविर चल रहे हैं।

साइ ने एक बयान में कहा कि कोरोना संक्रमण के बढते मामलों के कारण भारतीय खेल प्राधिकरण ने देश भर में 67 साइ अभ्यास केंद्रों को बंद करने का फैसला किया है। इसने कहा कि यह फैसला विभिन्न राज्यों द्वारा खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए खेल गतिविधियां निलंबित करने के निर्देशों के मद्देनजर भी लिया गया। साइ के एक प्रवक्ता ने बताया कि एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारी कर रहे एलीट खिलाड़ियों के अभ्यास कार्यक्रम पर इस फैसले का असर नहीं पड़ेगा। वे राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों पर बायो बबल में अभ्यास कर रहे हैं और सारी एहतियात बरत रहे हैं।

आने वाले समय में हालात की समीक्षा करके केंद्र फिर खोलने के बारे में फैसला लिया जाएगा। भारत में सोमवार को कोरोना संक्रमण के 1,79,723 मामले आए। इससे कुल सक्रिय मामले 7,23,619 हो गए और इस सुबह तक 146 लोगों की मौत के साथ मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 4,83,936 हो गया। साइ ने पिछले सप्ताह ही कड़े कोरोना प्रोटोकॉल लागू करने का निर्देश दिया था जिसमें सभी केंद्रों पर खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की साप्ताहिक जांच शामिल है। साइ के भोपाल केंद्र पर 24 खिलाड़ियों और 12 स्टाफ सदस्यों के पॉजिटिव पाए जाने के बाद निर्देश जारी किए गए।

## पंकज आडवाणी कोविड-19 से संक्रमित

**मुंबई**। कई बार के विश स्नूकर एवं बिलियर्ड्स चैंपियन पंकज आडवाणी कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं। इस दिग्गज क्यू खिलाड़ी ने सोमवार को इस संदर्भ में जानकारी दी। आडवाणी ने कहा कि मैं सभी कोविड पाबंदियों का सामना कर रहा था लेकिन इसके बावजूद संक्रमित हो गया। कोविड की तीसरी लहर में हम सभी को अतिरिक्त सतर्क रहना होगा। मैंने दवाइयां ली हैं। मुझे उबरने में और नियमित कामकाज दोबारा शुरू करने में एक हफ्ते का समय लगेगा।

## कोविड के कारण महिला फुटबॉल लीग स्थगित

**भाषा**। मुंबई

**पश्चिम** भारत फुटबॉल संघ (डब्ल्यूआईएफए) ने कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए कूपरेज फुटबॉल मैदान पर चल रहे डब्ल्यूआईएफए महिला फुटबॉल लीग 2021-22 को स्थगित कर दिया है।

डब्ल्यूआईएफए ने सोमवार को मीडिया विज्ञप्ति में बताया कि महाराष्ट्र सरकार के कोविड-19 से जुड़े नए दिशानिर्देशों के लागू हाने के बाद यह फैसला किया गया। राज्य सरकार ने खेल प्रतियोगिताओं के लिए अपने दिशानिर्देशों में कहा है, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं को छोड़कर राज्य में चल रहे सभी खेल आयोजनों को स्थगित कर दिया जाना चाहिए।

यह निर्देश दिया गया है कि कोई भी जिला या शहर स्तर का खेल शिविर या प्रतियोगिताओं का आयोजन अगली सूचना तक नहीं होना चाहिए।

# लाथम और बोल्ट के कमाल से दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड ने शिकंजा कसा

## न्यूजीलैंड के 521 के जवाब में बांग्लादेश की पहली पारी 126 रन पर सिमटी

**एपी**। क्राइस्टचर्च

**टॉम** लाथन के 252 रन, डेवोन कोंवे के शतक और ट्रेंट बोल्ट की शानदार गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली।

लाथम और कोंवे की पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने पहली पारी छह विकेट पर 521 रन पर घोषित की। इसके बाद बोल्ट ने 43 रन देकर पांच विकेट लिए जिसकी वजह से बांग्लादेश टीम 126 रन पर आउट हो गई। बोल्ट के 300 टेस्ट विकेट पूरे हो गए हैं और यह कमाल करने वाले वह रिचर्ड हैडली, डेनियल विटोरी और टिम साउदी के बाद न्यूजीलैंड के चौथे गेंदबाज बन गए।

बांग्लादेश के चार बल्लेबाज सातवें ओवर में 11 रन पर आउट हो गए थे। इसके बाद यासिर अली ने पहला अर्धशतक जमाया। वह दूसरे दिन का खेल समाप्त होने से ठीक पहले 55 रन पर आउट हुए।

लाथम ने दोहरा शतक जमाने के साथ दूसरी स्लिप में दो कैच भी लपके। उन्होंने 552 मिनट क्रीज पर रहकर 305 गेंद में 252 रन की पारी खेली और कोंवे के साथ दूसरे विकेट के लिए 215 रन जोड़े। कोंवे ने कल 99 रन बना लिए थे।

उन्होंने इबादत हुसैन की पहली ही गेंद पर एक रन लेकर अपना तीसरा शतक पूरा किया। दक्षिण अफ्रीका में जन्में खब्बू बल्लेबाज कोंवे ने पांच टेस्ट में तीन शतक और दो अर्धशतक बनाए हैं। उनके अब नौ टेस्ट पारियों में 623 रन हो गए हैं। वह 109 के स्कोर पर रन आउट हुए। उनके बाद रोस टेलर क्रीज पर आए जिनके कैरियर की यह आखिरी टेस्ट पारी होगी। न्यूजीलैंड ने जिस तरह से रनों का पहाड़ लगाया है, उससे लगता नहीं कि दूसरी पारी में उन्हें बल्लेबाजी करनी पड़े।

उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए रिकॉर्ड 112 टेस्ट खेलने के डेनियन विटोरी के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। टेलर 28 रन बनाकर आउट हुए और दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। अगर वह फिर बल्लेबाजी के लिए नहीं आते हैं तो उनके नाम 7683 टेस्ट रन होंगे।

हेनरी निकोल्स (0) और डेरिल मिशेल (3) के विकेट भी न्यूजीलैंड ने गंवाए।

## महिला जूनियर विश्व कप दक्षिण अफ्रीका में खेला जाएगा

**लुसाने**। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने सोमवार को कहा कि एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप दक्षिण अफ्रीका के पोचेफस्ट्रूम में दो से 13 अप्रैल के बीच आयोजित किया जाएगा। हालांकि एफआईएच और हॉकी बेल्जियम को इंडोर हॉकी विश्व कप 2022 को रद्द करना पड़ा। इंडोर विश्व कप बेल्जियम के लीग में दो से छह फरवरी के बीच खेला जाना था।

फैसले एफआईएच की वर्चुअल बैठक में किए गए। महिला जूनियर विश्व कप का आयोजन पिछले साल दिसंबर में होना था लेकिन कोविड के ओमीक्रोन स्वरूप का प्रकोप बढ़ने के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। एफआईएच के सीईओ थियरी वेइल ने बयान में कहा, प्रतियोगिता स्थगित किए जाने के बाद से ही हम दक्षिण अफ्रीकी हॉकी संघ के साथ संपर्क में हैं। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के मैच, जिनमें चीन और भारत की महिला टीम हिस्सा लेंगी।

# सिंधू व श्रीकांत की नजरें इंडिया ओपन में खिताब पर

## टूर्नामेंट आज से

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारत** के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत पिछले सत्र की लय को जारी रखते हुए नए साल में इंडिया ओपन का खिताब जीतकर अपने अभियान की विजयी शुरुआत करना चाहेंगे। कोविड-19 महामारी के कारण दो बार रद्द होने के बाद टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है। इस चार लाख डॉलर सुपर 500 टूर्नामेंट में काफी रैंकिंग अंक दांव पर लगे होंगे लेकिन इसका आयोजन देश में कोविड की तीसरी लहर की आशंका के बीच हो रहा है। शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी बी साई प्रणीत और युगल खिलाड़ी ध्रुव रावत टूर्नामेंट के लिए रवाना होने से पहले कोविड परीक्षण में पॉजिटिव पाए जाने के कारण टूर्नामेंट से हट गए हैं। कुछ और भारतीय खिलाड़ियों को पहली बार में पॉजिटिव आने के बाद अपने आरटी-पीसीआर परीक्षण की रिपोर्ट का इंतजार है और दोबारा पॉजिटिव नतीजा आने पर उन्हें भी बाहर होना पड़ सकता है।



कड़े अभ्यास में जुटीं पीवी सिंधु

सिंधू और श्रीकांत के अलावा नए विश्व चैंपियन लोह कीन यु, तीन बार की चैंपियन मोहम्मद अहसन और हेंद्रा सेतियावान की इंडोनेशिया की पुरुष युगल जोड़ी, मलेशिया के शीर्ष खिलाड़ी ओंग यु सिन और तियो ई ई यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में दर्शकों की गैरमौजूदगी में होने वाले टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे। देश के इस शीर्ष बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों में सभी की नजरें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू और विश्व चैंपियनशिप के रजत और कांस्य पदक विजेता क्रमश: श्रीकांत और लक्ष्य सेन पर टिकी होंगी। सिंधू ने पिछले सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और कांस्य पदक के रूप में अपना दूसरा ओलंपिक पदक जीता। उन्होंने विश्व टूर फाइनल में रजत पदक के अलावा स्विस ओपन के फाइनल और कुछ टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई लेकिन खिताब नहीं जीत सकीं।



अभ्यास सत्र भाग लेते में विश्व चैंपियन लोह कीन यू

## तमिल थलाइवाज ने हरियाणा स्टीलर्स को रौंदा

**बेंगलुरू**। तमिल थलाइवाज ने आल राउंड प्रदर्शन के बूते सोमवार को यहां प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मैच में हरियाणा स्टीलर्स को 45 - 26 से रौंद दिया। पहले हाफ में तमिल थलाइवाज ने दबदबे भरा प्रदर्शन किया जिसमें कप्तान सुरजीत सिंह और सागर ने हरियाणा के रेडर्स को जरा भी राहत नहीं लेने दी।

पहले हाफ में आठ मिनट बचे थे कि चेन्नई की टीम ने 14 अंक की बढ़त बना ली थी। लेकिन विकास कंडोला ने तेजी से लय हरियाणा स्टीलर्स की ओर मोड़ दी और तमिल थलाइवाज के डिफेंस की चूक से टीम को वापसी कराई।

चेन्नई की टीम के सागर ने हाई 5 से स्कोर 24 - 18 कर दिया और पहले हाफ तक उसकी बढ़त पांच अंक की रही। इसके बाद उसने दूसरे हाफ में अच्छी फॉर्म जारी रखते हुए मुकाबला जीत लिया।

वहीं दूसरे मैच में जयपुर पिंक पैंथर्स ने दबंग दिल्ली को 30 - 28 से पराजित किया।

# नोवाक जोकोविच ने कानूनी लड़ाई जीती

## सरकार ने दूसरी बार वीजा रद्द करने और निर्वासित करने की धमकी दी

**एपी**। मेलबर्न

**टेनिस** स्टार नोवाक जोकोविच कोरोना का टीका नहीं लगवाने के बावजूद आस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेने के लिए कानूनी लड़ाई जीत गए हैं लेकिन सरकार ने उनका वीजा दूसरी बार रद्द करने और उन्हें निर्वासित करने की धमकी दी है।

इस फैसले के घंटों बाद यह स्टार टेनिस खिलाड़ी कोर्ट पर उतरा और अभ्यास किया। उनके भाई ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। जोकोविच ने स्वयं ट्वीट किया कि वह प्रतिस्पर्धा पेश करने की योजना बना रहे हैं। फेडरल सर्किट कोर्ट के जज एंथोनी केली ने जोकोविच का वीजा बहाल कर दिया जो बुधवार को यहां पहुंचने के बाद कोरोना टीकाकरण के कड़े नियमों के तहत मेडिकल छूट के लिए जरूरी शर्तें पूरी नहीं करने के कारण रद्द कर दिया गया था। जज ने सरकार को यह भी आदेश दिया कि फैसले के 30 मिनट के भीतर जोकोविच को मेलबर्न के पृथकवास होटल से बाहर किया जाए। सरकारी वकील क्रिस्टोफर ट्रान ने जज को बताया कि आव्रजन, नागरिकता, आप्रवास सेवा और बहुसांस्कृतिक विभाग के मंत्री एलेक्स हॉके तय करेंगे कि वीजा रद्द करने के लिए उन्हें निजी अधिकार का इस्तेमाल करना है या नहीं। इसके मायने हैं कि नौ बार के आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जोकोविच को फिर निर्वासन झेलना पड़ सकता है और वह 17 जनवरी से शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर हो सकते हैं। इसके कारण उन्हें देश में प्रवेश से तीन साल के प्रतिबंध का सामना भी करना पड़ सकता है। केली ने कहा कि अगर वीजा रद्द करने के अधिकार का प्रयोग करके इस व्यक्ति को देश से निकाला जाता है तो वह तीन साल तक आस्ट्रेलिया नहीं आ सकेगा।



नोवाक जोकोविक के समर्थन में प्रदर्शन करते सर्बियाई नागरिक

# न्यूयॉर्क के एक अपार्टमेंट में भीषण आग लगने से नौ बच्चों सहित 19 की मौत

**एपी**। न्यूयॉर्क ( **अमेरिका** )

**न्यूयॉर्क** सिटी के ब्रोंक्स में एक अपार्टमेंट में कथित तौर पर इलेक्ट्रिक स्पेस हीटर के खराब होने के कारण भीषण आग लगने से नौ बच्चों सहित 19 लोगों की मौत हो गई। न्यूयॉर्क सिटी दमकल विभाग (एफडीएनवाय) ने बताया कि रविवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे ब्रोंक्स में 19 मंजिला इमारत में घटनास्थल पर करीब 200 दमकल कर्मियों को भेजा गया।

फिलाडेल्फिया में कुछ दिन पहले एक घर में आग लगने से आठ बच्चों सहित 12 लोगों की मौत हो गई थी। न्यूयॉर्क सिटी के मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि यह ऐसी भयावह दुर्घटना है, जिससे हुए नुकसान को आकलन नहीं किया जा सकता। इस हादसे में 30 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। एडम्स ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह न्यूयॉर्क शहर के लिए बेहद भयावह, दुखद पल है। यह हादसा वास्तव में हमारे शहर में दर्द और निराशा लाएगा। यह आधुनिक समय में हमारे द्वारा देखी गई सबसे भीषण आग की घटनाओं में से एक होने जा रही है। एडम्स ने कहा कि इमारत में काफी हद तक मुस्लिम आबादी रहती थी, जिसमें अफ्रीका के गाम्बिया के कई प्रवासी थे। एडम्स के साथ मौजूद न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि शहर स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि उन परिवारों को देख पाना बुहत मुश्किल है, जिन्होंने बहुत कुछ खो दिया है। गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि हरेक प्रभावित परिवार को मदद के लिए पीड़ित मुआवजा कोष स्थापित करेंगी और नए मकान मुहैया कराने में भी मदद की जाएगी।

मेयर एडम्स ने कहा कि 32 लोग बुरी तरह झुलस गए और उनकी जान को खतरा है, नौ लोगों की हालत गंभीर है और 22 अन्य खतरे से बाहर हैं। न्यूयॉर्क सिटी दमकल विभाग के आयुक्त डेनियल निग्रो ने घटना को बेहद दुखद बताया और कहा कि आग लगने की सूचना मिलने के तीन मिनट के भीतर की दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए थे।

उन्होंने कहा कि हॉलवे में ही उन्हें आग मिल गई, बेहद घना धुआं और भीषण आग लगी थी। दमकल कर्मी किसी तरह अंदर दाखिल हुए। धुआं पूरी इमारत में फैल गया था, ऐसा दुर्लभ ही होता है। दमकल कर्मियों को हर मंजिल पर पीड़ित मिले, जिन्हें दिल का दौरा पड़ा गया था या सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। उन्होंने बताया कि 32 लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जिनकी जान को खतरा है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक स्पेस हीटर के खराब होने के कारण आग लगी। हीटर एक अपार्टमेंट के कमरे में था। आग पहले एक कमरे में फैली और फिर पूरे अपार्टमेंट को खाक कर दिया।

अपार्टमेंट का दरवाजा खुला था, इसलिए आग और धुआं हर जगह फैल गया। उन्होंने बताया कि एयर टैंक खत्म होने के बावजूद दमकलकर्मी इमारत से लोगों को बचाने की कोशिश करते रहे। कई निवासी इसलिए इमारत से नहीं निकल पाए क्योंकि हर जगह घना धुआं फैल गया था। दमकल विभाग ने सोशल मीडिया पर कई संदेश जारी कर नागरिकों से आग से बचने के लिए दरवाजे बंद रखने का आग्रह किया है। विभाग ने एक संदेश में कहा, दरवाजे बंद रखने से ही आपकी जान बच पाएगी। इस बीच, सीएनएन ने अपनी एक खबर में इमारत से जुड़े दस्तावेज के हवाले से बताया कि आवासीय इमारत 50 साल पुरानी थी और इसमें 120 इकाई थी। इमारत के खिलाफ किसी भी बड़े उल्लंघन का कोई मामला दर्ज नहीं है। पिछले मामूली उल्लंघनों को ठीक कर दिया गया था और कोई संरचनात्मक उल्लंघन का मामला भी सामने नहीं आया है। न्यूयॉर्क सिटी के मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि एक प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना होगा कि सम्मानपूर्वक तरीके से अंतिम संस्कार किए जाएं और दूसरी यह कि स्थानीय लोगों का सम्पर्क मुसलमान नेताओं से कराया जाए। सरकारी सहायता का अनुरोध करने वाले लोगों के नाम आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन को नहीं सौंपे जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि लोग सहज रूप से सामने आए। यह जरूरी है कि हम जमीन पर मौजूद लोगों से जुड़ें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें सभी संदेश मिल पाएं।

न्यूयॉर्क आपात सेवा के प्रथम आयुक्त क्रिस्टीना फैरेल ने रविवार को सीएनएन के फिल मैट्टिंगली से कहा था कि इमारत में रहने वाले लोगों को पास ही के एक माध्यमिक स्कूल में ठहराया गया है। रेड क्रास की मदद हमारे पास अब होटल के कमरे और अन्य संसाधन उपलब्ध हैं, जहां लोग रात आराम से गुजार पाएंगे।

## वेनेजुएला के बरिनास में गवर्नर चुनाव में विपक्षी उम्मीदवार की जीत

बरिनास ( **वेनेजुएला** )। वेनेजुएला के दिवंगत राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज के गृह राज्य बरिनास में मतदाताओं ने रविवार को एक विशेष चुनाव में गवर्नर के लिए विपक्षी उम्मीदवार सर्जियो गैरिडो को चुना। अमेरिका समर्थित विपक्ष के उम्मीदवार गैरिडो ने पूर्व विदेश मंत्री जॉर्ज एंज़ा को मात दी, जिनके अभियान से चाविस्मो (वाम विचारधारा) के गढ़ को अपने नियंत्रण में रखने के सत्तारूढ़ दल के प्रयासों को काफी नुकसान झटका लगा है। इससे पहले नवंबर के नियमित चुनाव में देश के सर्वोच्च न्यायालय ने विपक्षी उम्मीदवार फ्रेडी सुपरलानो को अयोग्य घोषित कर दिया था। विशेष चुनाव का ऐलान होने के बाद उम्मीदवारों ने लगभग पांच सप्ताह तक प्रचार किया। सर्जियो गैरिडो ने कहा, बरिनास ने चुनौती को लोकतांत्रिक तरीके से स्वीकार किया। आज बरिनास के लोगों ने एकता एवं ताकत से इसे हासिल किया।

# म्यांमा की अदालत ने सू ची को और चार साल की सजा सुनाई

**एपी**। बैंकॉक

**म्यांमा** की एक अदालत ने अपदस्थ नेता आंग सान सू ची को अवैध रूप से वॉकी-टॉकी आयात करने, रखने और कोरोना वायरस संबंधी पाबंदियों का उल्लंघन करने के लिए दोषी पाए जाने के बाद सोमवार को चार और साल कैद की सजा सुनाई। एक विधि अधिकारी ने यह जानकारी दी।

सू ची को पिछले महीने दो अन्य मामलों में दोषी ठहराया गया था और चार साल की जेल की सजा दी गई थी, जिसे बाद में देश की सैन्य सरकार के प्रमुख ने आधा कर दिया था। सेना द्वारा पिछले साल फरवरी में म्यांमा में सू ची की सरकार को बेदखल करने और सत्ता की कमान अपने हाथ में लेने के बाद से 76 वर्षीय नोबेल शांति पुरस्कार विजेता के खिलाफ दायर किए गए लगभग एक दर्जन मामलों में मामले भी शामिल हैं। सभी मामलों में दोषी पाए जाने पर सूची को 100 साल से अधिक की कैद हो सकती है। सू ची के समर्थकों का कहना है कि उनके खिलाफ आरोप सेना के कार्यों को वैध बनाने और उन्हें राजनीति में लौटने से रोकने के लिए लगाए गए हैं। एक विधि अधिकारी ने नाम उजागर ना करने की शर्त पर बताया कि म्यांमा की राजधानी ने पी ता की एक अदालत ने सोमवार को यह फैसला सुनाया।

उन्होंने बताया कि उन्हें वॉकी-टॉकी आयात करने के लिए निर्यात-आयात कानून के तहत दो साल और उसे अपने पास रखने के लिए दूरसंचार कानून के तहत एक साल की सजा सुनाई गई। सजा एक साथ काटी जाएगी। चुनाव प्रचार के दौरान कथित तौर पर कोरोना वायरस संबंधी पाबंदियों का उल्लंघन करने के लिए उन्हें प्राकृतिक आपदा प्रबंधन कानून के तहत दो साल की सजा भी दी गई।

सू ची को पिछले महीने भी कोविड-19 पाबंदियों का उल्लंघन करने और लोगों को इसका उल्लंघन करने के लिए उकसाने के दो अन्य आरोपों में दोषी ठहराया गया था और चार साल कैद की सजा सुनाई गई थी। सजा सुनाए जाने के कुछ घंटे बाद ही म्यांमा की सैन्य सरकार के प्रमुख ने मिन आंग लाइंग ने उनकी सजा को आधा कर दिया था। सू ची की पार्टी ने पिछले आम चुनाव में भारी जीत हासिल की थी, लेकिन सेना का कहना है कि चुनाव में व्यापक पैमाने पर धांधली हुई। हालांकि, स्वतंत्र चुनाव निगरानी संस्थाओं को इस दावे पर संदेह है।



हेग में डच राजा विलेम अलेक्जेंडर (बीच में) और प्रधानमंत्री मार्क रूट शपथ लेने के बाद रॉयल पैलेस नूर्डिंडे में नई सरकार के अन्य मंत्रियों के साथ

## पाकिस्तान में आईएसआईएस के छह आतंकी मारे गए

**कराची**। पाकिस्तान के दक्षिणपश्चिमी क्वेटा शहर में आतंकवादियों के एक ठिकाने पर आतंकवाद रोधी पुलिस की छापेमारी में प्रतिबंधित इस्लामिक स्टेट समूह के पांच सदस्य मारे गए। आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने एक बयान में बताया कि शनिवार रात को ईस्टर्न बाइपास इलाके में छापा मारा गया था। उसने बताया कि आईएसआईएस समूह क्वेटा में एक बड़े हमले का षड्यंत्र रच रहा था। सीटीडी के अधिकारी ने कहाकि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद यह अभियान चलाया गया और इस दौरान मुठभेड़ हो गई।

# जिनेवा वार्ता शुरू करने के लिए अमेरिका और रूस के अधिकारियों ने साथ रात्रिभोज किया

**एपी**। जिनेवा

**रूस** और अमेरिका के शीर्ष अधिकारियों ने इस सप्ताह तीन यूरोपीय देशों में बैठकों की शुरुआत से पहले रविवार को जिनेवा में साथ रात्रिभोज किया और इस विषय पर चर्चा की। बैठकें ऐसे समय में होनी है, जब यूक्रेन की सीमा के निकट रूसी सेना की बढ़ती मौजूदगी के कारण अमेरिका और रूस के संबंधों में तनाव बढ़ गया है।

राजनयिक अधिकारियों ने बताया कि रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव और अन्य रूसी अधिकारी निरस्त्रीकरण सम्मेलन के लिए अमेरिकी राजदूत के लेक जिनेवा के सामने स्थित आवास पर बैठक के लिए रविवार शाम पहुंचे। रयाबकोव ने अमेरिका की उप विदेश मंत्री वेंडी शेर्मन और उनके दल के साथ बैठक की। संवाद समिति तास के अनुसार, इससे पहले रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने रविवार को बताया था कि दिन में सुरक्षा पर सीमित प्रारूप वाली वार्ता का पहला दौर शुरू होगा।

रविवार को अपेक्षाकृत कम औपचारिक वार्ता के बाद दोनों देशों के राजनयिकों और उनके दलों की जिनेवा स्थित अमेरिकी मिशन में सोमवार से वार्ता आरंभ होगी। यह यूक्रेन की सीमा के पास करीब एक लाख रूसी बलों की तैनाती के कारण संबंधों में तनाव उत्पन्न होने के बाद वार्ता शुरू करने की दिशा में पहला कदम है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सरकार ने मांगों की एक सूची तैयार की है। रूस इस बात की गारंटी मांगेगा कि यूक्रेन या जॉर्जिया जैसे देशों को नाटो सैन्य गठबंधन में शामिल नहीं किया जाएगा। हालांकि दोनों देशों के बीच वार्ता में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण का खतरा मुख्य मुद्दा रहेगा, लेकिन दोनों देशों को यदि संबंधों में तनाव कम करना है, तो उन्हें हथियार नियंत्रण से लेकर साइबर अपराध और अन्य राजनयिक मामलों संबंधी विवादों से भी पार पाना होगा। कजाकिस्तान में रूसी बलों की हालिया तैनाती भी इस वार्ता पर असर डाल सकती है।

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने रविवार को स्पष्ट रूप से कहा था कि उन्हें आगामी सप्ताह में कोई बड़ी सफलता मिलने की उम्मीद नहीं है।

उन्होंने कहा कि लघुकाल में तनाव को कम करने और भविष्य में उचित समय पर वार्ता के लिए फिर से लौटने पर सहमत होना सकारात्मक परिणाम माना जाएगा।

## नॉर्थ कैरोलाइना स्की रिजॉर्ट में हाइड्रेट फटने से कई लोग घायल

**एपी**। नॉर्थ कैरोलाइना ( **अमेरिका** )

**अमेरिका** के नॉर्थ कैरोलाइना स्की रिजॉर्ट में क्षतिग्रस्त नलिका के फटने से उससे अचानक तेजी से ऊपर की ओर पानी निकलने से कई लोग घायल हो गए। सभी घायल लोग हादसे के समय एक चेयर लिफ्ट में सवार थे।

बीच माउंटेन रिजॉर्ट के प्रबंधन ने बताया कि एक व्यक्ति शुक्रवार को एयर हाइड्रेंट से निकले तेज रफ्तार पानी की चपेट में आने से हवा में काफी ऊपर तक उड़ गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में चेयर लिफ्ट पर सवार लोग अचानक हाइड्रेंट फट कर निकले पानी की चपेट में आते नजर आ रहे हैं।

रिजॉर्ट ने एक बयान में कहा कि दो लोगों को एवरी काउंटी आपात सेवा चिकित्सा कर्मचारी एक स्थानीय अस्पताल में ले गए। उनकी जान को कोई खतरा नहीं है।

## सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के विदेश मंत्री बैठकों के लिए चीन आएंगे

**भाषा**। बीजिंग

**सऊदी** अरब और अन्य खाड़ी देशों के विदेश मंत्री चीन के अधिकारियों के साथ बैठकों के लिए बीजिंग आ रहे हैं। चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तेल का बड़ा उपभोक्ता है।

चीन के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बैठकों के एजेंडे के बारे में कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन कहा कि इनसे दोनों पक्षों के बीच संबंध गहरे हो सकते हैं। शुक्रवार तक चलने वाली बैठकों में सऊदी अरब, कुवैत, ओमान और बहरीन के विदेश मंत्रियों के साथ खाड़ी सहयोग परिषद के महासचिव शामिल होंगे।



मास्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन की सामूहिक सुरक्षा परिषद के एक असाधारण सत्र में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लेते हुए

# कजाकिस्तान में अशांति के बीच 8,000 प्रदर्शनकारी हिरासत में

**एपी**। मॉस्को

**कजाकिस्तान** के अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि पिछले सप्ताह हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस ने करीब 8,000 लोगों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने यह भी कहा कि 30 साल पहले स्वतंत्रता हासिल करने के बाद से पूर्व-सोवियत राष्ट्र ने सबसे खराब अशांति की स्थिति का सामना किया है।

कजाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने बताया कि देश भर में कुल 7,939 लोगों को हिरासत में लिया गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा समिति, कजाकिस्तान की खुफिया और आतंकवाद-निरोधक एजेंसी, ने सोमवार को कहा कि देश में स्थिति स्थिर हो गई है और नियंत्रण में है। अधिकारियों ने अभूतपूर्व हिंसक अशांति के दर्जनों पीड़ितों के लिए सोमवार को शोक दिवस घोषित किया है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा था कि अशांति में तीन बच्चों समेत 164 लोगों की मौत हो गई। प्रदर्शन गत दो जनवरी को एक प्रकार के वाहन ईंधन की कीमतों के लगभग दोगुने हो जाने पर शुरू हुए थे और देखते ही देखते तेजी से पूरे देश में फैल गए, जो जाहिर तौर पर सत्तारूढ सरकार के प्रति व्यापक असंतोष को दर्शाता है। सरकार ने उसके बाद वाहन ईंधन पर 180-दिवसीय मूल्य सीमा निर्धारित की और उपयोगिता दर में वृद्धि पर रोक लगाने की घोषणा की। जैसे ही अशांति बढ़ी, मंत्रिपरिषद ने इस्तीफा दे दिया और राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकाएव ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख के पद से कजाकिस्तान के पूर्व नेता नूरसुल्तान नजरबाएव को हटा दिया। रियायतों के बावजूद, विरोध प्रदर्शन बेहद हिंसक हो गया और कई दिनों तक चलता रहा। सरकारी भवनों में आग लगा दी गई और दर्जनों लोग मारे गए। कजाकिस्तान के सबसे बड़े शहर अल्माटी में, प्रदर्शनकारियों ने हवाई अड्डे पर धावा बोल दिया और कुछ देर के लिए हवाई अड्डे पर कब्जा कर लिया। कई दिनों से शहर की सड़कों पर छिटपुट गोलीबारी की खबरें आ रही थीं।

अधिकारियों ने अशांति के कारण आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी और तोकाएव ने सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन से मदद का अनुरोध किया। समूह ने लगभग 2,500 ज्यादातर रूसी सैनिकों को कजाकिस्तान में शांति सैनिकों के रूप में भेजने के लिए अधिकृत किया है। रूस के नेतृत्व में छह पूर्व-सोवियत गणराज्यों का सैन्य गठबंधन है। तोकाएव ने हालांकि कहा था कि विरोध प्रदर्शन के लिए लोगों को उकसाने में विदेशी आतंकवादियों का हाथ है, लेकिन प्रदर्शनों में किसी नेता या संगठन की संलिप्तता नजर नहीं आई है।

# पावर ऑफ द डॉग, सक्सेशन को गोल्डन ग्लोब्स में सर्वश्रेष्ठ सम्मान

**भाषा**। लॉस एंजिलिस

**गोल्डन** ग्लोब पुरस्कारों के 79वें संस्करण में जेन कैंपियन की फिल्म द पावर ऑफ द डॉग , सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर ड्रामा और व्यंग्यात्मक हास्य फिल्म सक्सेशन सर्वश्रेष्ठ ड्रामा श्रृंखला के रूप में उभरी।

हॉलीवुड के बहिष्कार के बीच, इस बार के पुरस्कारों का आयोजन बिना किसी चकाचौंध के साधारण तरीके से किया गया। द पावर ऑफ द डॉग के लिए कैंपियन को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक मोशन पिक्चर और उभरते सितारे कोडी स्मिट-मैक्फी को मोशन पिक्चर में सहायक भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की ट्रॉफी मिली।

जेसी आर्मस्ट्रांग के निर्देशन में बनी एचबीओ की सीरीज सक्सेशन बहुत पसंद की गई। इसने टीवी श्रृंखला में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (टीवी) के लिए दो और पुरस्कार जीते। सारा स्नूक और जेरेमी स्ट्रॉन्ग ने क्रमश: ए पुरस्कार अपने नाम किए।

लॉस एंजिल्स के बेवर्ली हिल्टन होटल में एक छोटे एवं मामूली समारोह के तौर पर इसे एक निजी, बिना प्रसारण या लाइवस्ट्रीम वाले कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया था, जिसमें दर्शक और रेड कार्पेट दोनों नदारद थे। हॉलीवुड फॉरेन प्रेस एसोसिएशन (एचएफपीए) के विविधता की कमी और भ्रष्टाचार के आरोपों के लिए तीखी आलोचना झेलने के बाद, टीवी प्रसारक एनबीसी ने पिछले साल मई में घोषणा की कि वह वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम को प्रसारित नहीं करेगा। इन पुरस्कारों को अकादमी पुरस्कारों की झलक माना जाता है।

केनेथ ब्रानघ ने अपनी श्वेत-श्याम और कुछ हद तक जीवनी पर आधारित फिल्म 'बेलफास्ट' के लिए मोशन पिक्चर ग्लोब में सर्वश्रेष्ठ पटकथा का पुरस्कार जीता। विल स्मिथ ने किंग रिचर्ड में टेनिस खिलाड़ी वीनस और सेरेना विलियम्स के पिता और कोच की अपनी मुख्य भूमिका के लिए मोशन पिक्चर ड्रामा में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए ट्रॉफी हासिल की, जबकि निकोल किडमैन को बीइंग द रिकार्डोस' में अमेरिकी कॉमेडी आइकन ल्यूसिल बॉल की भूमिका निभाने के लिए मोशन पिक्चर - ड्रामा में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। स्टीवन स्पीलबर्ग की द वेस्ट साइड स्टोरी' ने सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर म्यूजिकल- कॉमेडी के लिए गोल्डन ग्लोब जीता।

ऑस्कर की दौड़ में सबसे आगे चल रही एवं जापानी फिल्म ड्राइव माय कार को सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर - गैर अंग्रेजी और डिज्नी की 'एनकैंटो' को सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर- एनिमेटेड श्रेणी में चुना गया।

# महारानी एलिजाबेथ के सिंहासन पर बैठने के 70 साल पूरे होने पर छुट्टियां मनाएगा ब्रिटेन

**एपी**। लंदन

**महारानी** एलिजाबेथ द्वितीय के सिंहासन पर बैठने के 70 वर्ष पूरे होने के अवसर पर ब्रिटेन में सैन्य परेड, जश्न समारोहों और प्लैटिनम जुबली के लिए नई मिठाई बनाने संबंधी एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बकिंघम पैलेस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एलिजाबेथ छह फरवरी को सात दशकों तक शासन करने वाली ब्रिटेन की पहली महारानी बन जाएंगी। वर्षगांठ को चिह्नित करने वाले उत्सव 2 से 5 जून के कार्यक्रमों के साथ समाप्त होंगे। चिकित्सकों ने महारानी (95) को हाल में और आराम करने की सलाह दी थी, इसलिए यह स्पष्ट नहीं है कि वह किस-किस कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस सप्ताह महारानी



के सम्मान में एक अतिरिक्त दिन का सार्वजनिक अवकाश दिया जाएगा। सप्ताहांत वार्षिक सैन्य परेड के साथ दो जून से आरंभ होगा। इसके बाद तीन जून को ब्रिटेन, उसके अन्य क्षेत्रों और राष्ट्रमंडल में महारानी की सेवाओं के सम्मान में कार्यकम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महारानी के महल में प्लैटिनम पुडिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। विजेता व्यंजन को सप्ताहांत कार्यक्रमों में शामिल किया जाएगा।

## पाकिस्तान में सामूहिक विवाह समारोह में 70 हिंदू जोड़े शादी के बंधन में बंधे

**भाषा**। कराची

पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में एक सामूहिक विवाह समारोह में 70 से ज्यादा हिंदू जोड़ों ने शादी की। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, सामूहिक विवाह का आयोजन पाकिस्तान हिंदू परिषद (पीएचसी) ने किया था और यह रविवार को दूसरे चुंद्रीगर रोड स्थित रेलवे ग्राउंड में आयोजित किया गया था। पिछले 14 वर्षों से नेशनल(कौमी) असेंबली के सदस्य रमेश कुमार वंकवानी हर साल ऐसे गरीब हिंदू परिवारों के लिए सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन करते हैं, जो अपने बच्चों की शादी करने का खर्च नहीं उठा सकते है। वह पीएचसी के संरक्षक भी हैं। 2008 में पहली बार सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें 35 हिंदू जोड़ों ने शादी की थी। यह आंकड़ा पिछले कुछ वर्षों में बढ़ा है।

# इंडोनेशिया में बूस्टर खुराक के लिए पांच कोविड टीकों को मंजूरी

**एपी**। जकार्ता

**इंडोनेशिया** ने कोविड रोधी टीके की बूस्टर खुराक देने के लिए सोमवार को पांच टीकों के आपात स्थिति में इस्तेमाल करने की मंजूरी दे दी। बूस्टर खुराक देने के चरण में संवेदनशील समूहों को तरजीह दी जाएगी। इंडोनेशिया के खाद्य एवं औषधि निगरानी एजेंसी के प्रमुख पेन्नी लुकितो ने बताया कि सिनोवैक, फाइज़र, एस्ट्राजेनेका, मॉडर्ना और जीफाइवैक्स टीकों का इस्तेमाल बूस्टर खुराक के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ और टीके भी हैं जिनका क्लीनिकल परीक्षण किया जा रहा है।

लुकितो ने सोमवार को प्रेस वार्ता में बताया कि कोरोना वायरस के संक्रमण के खिलाफ टीके के प्रभाव को बनाए रखने के लिए तीसरी खुराक देने की जरूरत पड़ी है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संचालित बूस्टर खुराक कार्यक्रम बुधवार से शुरू होगा। मंत्रालय ने एक बयान में बताया है कि 18 साल या इससे ज्यादा उम्र के संवेदनशील लोगों को टीके की तीसरी खुराक लगाई जाएगी, जिनमें बुजुर्ग तथा वे लोग शामिल हैं जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है। सरकार पिछले साल जुलाई से स्वास्थ्य कर्मियों को बूस्टर खुराक दे रही है। इंडोनेशिया में रविवार तक कोरोना वायरस के कुल मामले 42 लाख थे और 1.44 लाख से ज्यादा लोगों की बीमारी से मौत हो चुकी है।

## कोविड टीके पर पोप ने कहा, स्वास्थ्य देखभाल नैतिक दायित्व

**रोम**। कैथोलिक ईसाई धर्म के सर्वोच्च नेता पोप फ्रांसिस ने सोमवार को सुझाव दिया कि कोरोना वायरस से बचाव के लिए टीका लेना नैतिक दायित्व है। इसके साथ ही उन्होंने जीवन बचाने के सबसे प्रभावी उपायो में से एक को लोगों द्वारा आधारहीन सूचना के आधार पर अपनाने से इनकार करने की निंदा की। फ्रांसिस ने वेटिकन द्वारा मान्यता प्राप्त राजदूतों को संबोधित करने के दौरान लोगों से टीकाकरण का आह्वान करते हुए अब तक के सबसे कड़े शब्दों का इस्तेमाल किया। उल्लेखनीय है कि राजदूतों की यह वार्षिक बैठक थी जिसमें विश्व के मुद्दों पर मंथन होता है और वेटिकन के लिए विदेश नीति के मामले में वार्षिक लक्ष्य तय किया जाता है।

पोप फ्रांसिस (85) सामान्य रूप से टीकाकरण को नैतिक दायित्व बताने से कतराते रहे हैं। हालांकि, कोविड-19 पर उनके सलाहकार निकाय ने इसे नैतिक जिम्मेदारी के तौर पर उल्लेख किया है। उन्होंने टीकाकरण को प्रेम कृत्य करार दिया जबकि टीकाकरण से इनकार को आत्मघाती करार दिया।

पोप सोमवार को एक कदम आगे बढ़ते हुए कहा कि व्यक्तियों की जिम्मेदारी है कि वे अपनी देखभाल करें और इसका अभिप्राय हमारे आसपास के लोगों की सेहत के प्रति सम्मान होता है।

## 2021 में जान गंवाने वालों में 30 फीसदी का पूर्ण टीकाकरण हो चुका था

**सिंगापुर**। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्री ओंग ए कुंग ने सोमवार को संसद में बताया कि पिछले साल कोविड की वजह से हुई कुल मौतों में 30 फीसदी वे लोग थे जिनका पूर्ण टीकाकरण हो चुका था। मंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस की वजह से पिछले साल सिंगापुर में 802 लोगों की जान गई है जिनमें से 247 व्यक्ति पूर्ण टीकाकरण करा चुके थे।

कुंग की से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, पूर्ण टीकाकरण करा चुके जिन लोगों की मौत कोविड-19 संबंधित जटिलताओं के कारण मृत्यु हुई है, उन्होंने नॉन-एमआरएनए टीका लगवाया था। मंत्री की ओर से बताई गई दर के मुताबिक, सिनोवैक टीका लगवाने वालों में प्रति एक लाख में से 11 मौतें हुई हैं, जबकि सिनोफार्म का टीका लगवाने वालों में प्रति एक लाख में से 7.8, फाइजर-बायोएनटेक का टीका लगवाने वालों में प्रति एक लाख में से 6.2 और मॉडर्ना का टीक लगवाने वालों में प्रति एक लाख में से एक की मौत हुई है। चैनल न्यूज़ एशिया की खबर के मुताबिक, कुंग ने संसद में बताया, ध्यान रहे कि हम 247 मौतों के छोटे नमूने के आधार पर इसकी गणना कर रहे हैं।

दरें केवल सांकेतिक हैं क्योंकि वे अन्य कारकों के लिए जिम्मेदार नहीं हैं जो मृत्यु दर को प्रभावित कर सकती हैं जैसे कि उम्र और टीकाकरण का समय। पिछले साल कोविड की वजह से जान गंवाने वाले शेष 555 लोगों का पूर्ण टीकाकरण नहीं हुआ था। मंत्री ने बताया कि सिंगापुर में ऐसे लोग कम लोग हैं जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है।

## टॉक टाइम

### हर्ष बेनीवाल

*एमएक्स प्लेयर के शो कैंपस डायरीज में सुधीर की भूमिका निभा रहे अभिनेता ने शो के बारे में सुप्रिया रमेश के साथ बात की कि कैसे उन्होंने अन्य चीजों के साथ कॉमेडी के लिए अपनी सहजता हासिल की*

# अनोखी सामग्री बनाएं और उसमें अपना दिल लगाएं



**■ कैंपस डायरीज किस बारे में है?**

यह एक कॉलेज शो है जो हमारे छात्रों के जीवन को दर्शाता है जहां वे कक्षाएं बंक करते हैं और रैगिंग में भाग लेते हैं। उनके विषाक्त संबंधों, प्रेम, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, जातिगत भेदभाव के साथ अपने खास अनुभव हैं जिन्हें विस्तृत रूप से प्रदर्शित किया गया है।

**■ आपकी भूमिका क्या है?**

मैं एक हरियाणवी लड़के का किरदार निभा रहा हूं जिसका नाम सुधीर है। वह एक ऐसा चरित्र है जिसके लिए दोस्त पहले आते हैं और वह सभी क्षेत्रों का कामचलाऊ ज्ञाता है। उसका दिमाग हमेशा कैसे भी करके काम करने में लगा रहता है क्योंकि वह हर किसी से वादे करता है और फिर उन्हें पूरा करने का प्रयास करता है। वह लोगों की भलाई में मान्यता पाता है।

**■ आपके हिसाब से कोई कॉलेज स्टूडेंट शो से कितना रिलेट कर सकता है?**

कॉलेज के छात्र निश्चित रूप से इससे संबंधित हो सकते हैं क्योंकि इसमें वह सब कुछ है जो कॉलेज के दौर में हर किसी व्यक्ति के जीवन में हुआ होता है या होता है। मसलन, प्यार, पढ़ाई, दोस्त, कैंटीन आदि। बहुत सारे लोग इससे संबंधित होंगे।

**■ इसे शूट करते समय आपके लिए यह कितना रूमानी रहा?**

इसका एक उदाहरण यह है कि जब आप कैंटीन में बैठे होते हैं और आप अपने दोस्तों के नाम से चीजें मंगवाते हैं और उन्हें मोटा बिल चुकाने देते हैं। पुराने जमाने में हम ऐसा करते थे, लैक्चर बंक करना और एक तरफा प्यार करने वाली खूबसूरत महिला से प्यार करने के साथ-साथ। इस प्रोजेक्ट को करते हुए मैं काफी रूमानी था।

**■ कॉमेडी के लिए आपको अपनी सहजता कैसे मिली?**

जब मैं शुरुआत कर रहा था, मैं अभिनय करना चाहता था लेकिन अहसास ने मुझे ट्रक की तरह टक्कर मारी। अभिनय एक विशाल विभाग है जिसमें कई विषयों जैसे थ्रिलर, ड्रामा, कॉमेडी आदि शामिल होते हैं। जब मैंने अपना पहला वीडियो बनाया तो मुझे सामान्य रूप से हास्य सामग्री पसंद थी क्योंकि मैं अपने दोस्तों के साथ होता था, चुटकुले सुनाता था। मुझे इसमें काफी दिलचस्पी हुई और मैंने सोचा कि कॉमेडी एक ऐसी चीज है जिसे ज्यादातर लोग पसंद करते हैं और आनंद लेते हैं। तो, मैंने सोचा कि मुझे यह करना होगा और फिर मैं नहीं रुका। सौभाग्य से, मेरे काम के साथ-साथ मेरे दर्शक भी बढ़ने लगे, इसलिए मैंने इसमें कदम रखा और कॉमेडी की शैली तलाशनी शुरू की। इसलिए मैंने नए पात्रों का निर्माण किया और फिर छोटे-छोटे नपेतुले कदमों से आगे बढ़ता रहा।

जब मैं शुरुआत कर रहा था, मैं अभिनय करना चाहता था लेकिन अहसास ने मुझे ट्रक की तरह टक्कर मारी। अभिनय एक विशाल विभाग है जिसमें कई विषयों जैसे थ्रिलर, ड्रामा, कॉमेडी आदि शामिल होते हैं। जब मैंने अपना पहला वीडियो बनाया तो मुझे सामान्य रूप से हास्य सामग्री पसंद थी क्योंकि मैं अपने दोस्तों के साथ होता था, चुटकुले सुनाता था। मुझे इसमें काफी दिलचस्पी हुई और मैंने सोचा कि कॉमेडी एक ऐसी चीज है जिसे ज्यादातर लोग पसंद करते हैं और आनंद लेते हैं।

**■ कोई ऐसी बात जो आप आकांक्षी यूट्यूबर्स या कॉमेडी करने के इच्छुक किसी व्यक्ति को बताना चाहेंगे?**

मैं यह बताना चाहता हूं कि यदि आप मेरे जैसा अभिनेता बनना चाहते हैं और इसको लेकर जुनूनी हैं, तो अपनी सामग्री को उन लोगों के लिए विशिष्ट बनाएं जो इसे पसंद करते हैं। सुनिश्चित करें कि आपके काम की व्यापक पहुंच है और लोगों को इसको लेकर चर्चा होती है। मेरे मामले में यही हुआ, जहां मैंने एक अभिनेता के रूप में खुद को चित्रित किया वहीं उसी तरह के प्रस्ताव पाने की कामना की। इसलिए, अनोखी सामग्री बनाएं और पूर्णता के स्पर्श के साथ उसमें अपना दिल लगाएं। यदि आपमें प्रतिभा और क्षमता है, तो चीजें निश्चित रूप से सही दिशा में आगे बढ़ने लगेंगी।

**■ शो करते समय क्या चुनौतियां थीं?**

एक चुनौती यह थी कि इस शो में मुझे हरियाणा के लड़के का किरदार निभाना था। मैं हरियाणवी बोलना जानता हूं लेकिन मैं इसे इतना शुद्ध नहीं बोलना चाहता था कि लोग इसे पूरी तरह से न समझें। उत्तर भारतीय इससे संबंधित हो सकते हैं लेकिन अन्यत्र के नागरिक इसे नहीं समझेंगे। चुनौती थी उस लहजे को बनाए रखने की, लेकिन हिंदी भाषी दर्शकों को ध्यान में रखने की। इसलिए दर्शक मेरी हरियाणवी से रिलेट कर सकते हैं लेकिन पूरी तरह से भ्रम में नहीं फंसते हैं। मैंने कुछ विशिष्ट हरियाणवी शब्द इसलिए कहे हैं ताकि वे नए कठबोली शब्दों को समझ सकें लेकिन यह सुनिश्चित कर लें कि बोली के साथ अति न करें।

**■ मुझे यकीन है कि आपने पूरी शूटिंग के दौरान अपने सह-कलाकारों का मनोरंजन किया होगा। उनके साथ अपने अनुभव के बारे में बताएं?**


जब मैं इस प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रहा था, तब मैंने इसका आनंद लिया और बहुत सारी यादें बनाईं। मैं तहे दिल से कह सकता हूं कि अब मेरे पांच नए दोस्त व और बहुत कुछ हैं। कलाकारों में कुछ अभूतपूर्व अभिनेता हैं और ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए देखने और सीखने के लिए बहुत कुछ था क्योंकि उनके पास उद्योग में अपने उपक्रमों के साथ काफी अनुभव है। जब वे आपके साथ होते हैं, तो आपको नई तकनीक सीखने और घटनाओं को चित्रित करने के नए तरीकों का एहसास होता है। जब भी मैं मुंबई जाता हूं, मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि मैं उनसे मिलूं और उन्होंने दिल्ली आने पर भी ऐसा ही करने का वादा किया है।

**■ आपके आने वाले प्रोजेक्ट क्या हैं?**

कई प्रोजेक्ट हैं जिन पर काम चल रहा है। दुर्भाग्य से, प्रतिबंध के कारण मैं उनके बारे में नहीं बता सकता। लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ कदम आगे रखूंगा और हर किसी का मनोरंजन करूंगा जैसे मैं आमतौर पर करता हूं।

---

# महामारी के लिए तैयार



**तीसरी लहर की शुरुआत में अनुभवी निर्माता आनंद पंडित कहते हैं, फिल्म उद्योग अब नए संस्करण से निपटने के लिए बेहतर रूप से तैयार है। टीम विवा रिपोर्ट**

जिस तरह उद्योग बड़ी-बड़ी फिल्मों को देखने के लिए सिनेमाघरों में दर्शकों की वापसी का जश्न मना रहा था और विदेशी क्षेत्रों में तेज कारोबार की संभावना पर खुशी मना रहा था, उसी तरह ओमिक्रोन संस्करण ने सबसे अच्छी योजनाओं को बिगाड़ दिया है।

अनुभवी निर्माता, आनंद पंडित, कहते हैं, ''हम मामलों में वृद्धि को देखते हुए तीसरी लहर का सामना कर रहे हैं और यह न केवल व्यवसाय के लिए बल्कि पूरे देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है। प्रदर्शनी क्षेत्र में एक बार फिर से झटके लग सकते हैं लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि उद्योग ने एक लंबे लॉकडाउन, राजस्व की भारी हानि, उत्पादन में बाधा और रिलीज में बिलंब का मुकाबला करते हुए खुद को बचाए रखा है। हम कहानी कहने के लिए बच गए हैं और कोई कारण नहीं है कि हम नवीनतम चुनौती से नहीं निपट सकते। मुझे लगता है कि हम आज उस समय की तुलना में बेहतर तैयार हैं जब महामारी ने हमें पहली बार आश्चर्यचकित किया था। यह न जानने से कि आगे क्या करना है, अब हम बायो-बबल्स में फिल्मों की शूटिंग कर रहे हैं, प्री और पोस्ट-प्रोडक्शन का प्रबंधन कर रहे हैं, यहां तक कि यात्रा भी कर रहे हैं। निश्चित तौर पर यह शो बेहद सावधानी के साथ चलेगा।''

उनका मानना है कि विदेशी बाजार भी प्रभावित हो सकते हैं और एसएस राजामौली की आरआरआर, प्रभास-स्टारर राधे श्याम जैसी आगामी रिलीज को इस चरण का इंतजार करना पड़ सकता है। पंडित कहते हैं, ''महामारी में कुछ क्षेत्र दूसरों की तुलना में अधिक प्रभावित हुए हैं और विदेशी वितरक संकट में हैं लेकिन यह समय भी बीत जाएगा। हमें स्क्रीन की कम संख्या से संतुष्ट होना पड़ सकता है, लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि दो साल पहले हम जहां थे, उसकी तुलना में, हर छोटा कदम यह दर्शाता है कि हमने प्रगति की है। अभी के लिए, सबसे बड़ी प्राथमिकता सुरक्षित रहना और जितना संभव हो उतना जिम्मेदार होना है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वायरस निहित है।''

---

# सुंदर शैली

**वर्ष 2022** अंतत: आ गया है और हम यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते कि नए साल में कौन से रुझान बुलंद होंगे। ऐसे बहुत से रुझान हैं जो 2021 में देखे गए थे जो केवल छोटे समूहों के बीच फलफूल रहे थे, हालांकि इन प्रवृत्तियों के 2022 में फैलने और बाजार पर कब्जा करने की संभावना है।

बहुत सारे सूक्ष्म रुझान जो पिछले दो वर्षों से झांक रहे हैं, इस साल एक भव्य प्रवेश करेंगे और यहां बने रहेंगे। साल 2022 एक ऐसा साल होने जा रहा है जहां लोग नए स्टाइल को आजमाना चाहते हैं क्योंकि पिछले दो सालों में उन्होंने बहुत कुछ गंवाया है।

**कोर्सेट टॉप्स**

हमने 2021 में बहुत सारे क्रॉप्ड रिब टॉप देखे। यह 2021 क्रॉप रिब टॉप ट्रेंड को कॉर्सेट टॉप्स में बदल रहा है। इन्हें कैजुअली वाइड लेग्ड डेनिम्स या फिटेड पैंट्स के साथ भी पहना जा सकता है। कॉर्सेट टॉप ट्रेंड ऑफ ड्यूटी मॉडल लुक से एक बड़ी प्रेरणा है जो कुछ समय से नजर आ रहा है।

**मिनी**

कपड़े, स्कर्ट और शॉर्ट्स में मिनी लंबाई 2022 में वापस आ जाएगी। हम सभी ने 2021 में मिनी स्कर्ट का एक स्निपेट देखा, विशेष रूप से स्ट्रीट स्टाइल में। मिनी लेंथ इस साल सभी बॉटम वियर कैटेगरी में लोकप्रिय होगी। हम स्टारगेट क्लब एंड अर्बनिक जैसे कई फैशन प्लेटफॉर्म पर पहले से ही मिनी की एक सूची देख सकते हैं।



**कटआउट**

हम सभी के लिए वर्ष 2010 में कट आउट का किशोर रुझान 2022 में वापस आ गया है। इस बार यह एक ग्लैमर ट्रेंड है और इसलिए हम अवसर/पार्टी वियर श्रेणी में कट-आउट देखेंगे। केंडल जेनर और दुआ लीपा जैसे बहुत सारे आइकन इस प्रवृत्ति को दिखाते हुए देखे गए और यह 2022 में वाणिज्यिक बाजार में आने के लिए पूरी तरह तैयार है।



**ब्रैलेट्स**

2021 में ब्रेलेट्स सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चलन था, लेकिन यहे कई वार्डरोब का हिस्सा नहीं बना। साल 2022 इस प्रवृत्ति को व्यापक रूप से कई प्रवृत्ति केंद्रित ई-कॉमर्स साइटों व अन्य लोकप्रिय खुदरा विक्रेताओं पर उपलब्ध कराएगा। लोगों ने पिछले साल इस चलन को देखा और अब सभी इसे खुद दिखाने के लिए तैयार हैं।

**वॉल्यूम स्लीव्स**

वॉल्यूम स्लीव्स एक उभरता हुआ चलन रहा है। शुरुआत में वॉल्यूम स्लीव्स को केवल अवसर पर पहनने वाले आउटफिट के हिस्से के रूप में देखा जाता था, हालांकि लोग अब इस ट्रेंड को कैजुअल ड्रेसिंग के लिए तैयार करने हेतु तैयार हैं। वॉल्यूम स्लीव्स को कैजुअल डेनिम्स, शॉर्ट्स या स्कर्ट्स के साथ स्टेटमेंट पीस के रूप में पहना जा सकता है जो इस ट्रेंड को हर रोज पहनने के लिए पहनने योग्य बनाते हैं।

साल 2022 एक ऐसा साल होने जा रहा है जहां लोग नए स्टाइल को आजमाना चाहते हैं क्योंकि पिछले दो सालों में उन्होंने बहुत कुछ गंवाया है।

**- साभार : मिताली जोशी, मार्केटिंग मैनेजर, स्टारगेट क्लब**

---

# यह सब आत्म-विश्वास और कड़ी मेहनत ही है

सफलता के लिए बलिदान और धैर्य की आवश्यकता होती है, जो वास्तव में सफल लोगों की कई कहानियों के जरिए साबित होता है। हालांकि, कुछ लोगों ने अपनी महाशक्ति विश्वास प्रणाली के साथ दुनिया को समृद्ध किया है जिसे उन्होंने अपनी आंतरिक आत्मा में जलाया है। शर्मिष्ठा घोष कई महिलाओं के लिए एक ऐसी रोल मॉडल हैं जो अपनी सीमाओं से परे जाने का सपना देखती हैं।

19 साल की उम्र में ग्लैमर की दुनिया में अपनी उत्सुकता से मां बनकर उन्होंने मॉडलिंग लुक्स से अपने व्यक्तित्व को निखारा। फैशन की दुनिया के प्रति अपने समर्पण के साथ, उन्होंने 2011 में किंगफिशर कैलेंडर मॉडल सामग्री में भाग लिया और शीर्ष पांच किंगफिशर मॉडल में से एक बनीं।



मॉडलिंग में अपने शानदार काम के बावजूद उन्होंने अपने करियर को उद्यमिता की ओर मोड़ने का फैसला किया और गोवा में अपना खुद का रेस्तरां शुरू किया, जिसे उत्तरी गोवा में आवर शैक कहा जाता है, जिसे 2011 में लॉन्च किया गया था। तत्काल उनके अभिनव विचारों ने पर्यटकों का ध्यान उनके रेस्तरां की ओर खींच लिया और वह शहर में लोकप्रिय हो गयीं। इन्हें गोवा पर्यटन द्वारा सर्वश्रेष्ठ माहौल और सेवा के लिए भी सम्मानित किया गया था।

हालांकि, कोई भी सफलता कांटों के बिना नहीं होती। उन्हें अपने रेस्टोरेंट बंद करने पड़ रहे हैं। लेकिन उन्होंने कभी उम्मीद नहीं खोई, वह मुंबई चली गई और 2015 और 2018 तक मार्केटिंग मैनेजर के रूप में काम किया। इसके अलावा, टोरंटो, कनाडा में अपनी प्रगति को देखते हुए, वह वहां चली गई और एक रेस्तरां पर्यवेक्षक के रूप में काम किया। अपने अजेय उद्यमी रवैये को महसूस करते हुए, वह टोरंटो में अपना खुद का रेस्तरां शुरू करने, अपनी व्यावसायिक योजना पर काम करने और फंडिंग के स्वीकृत होने की प्रतीक्षा करने के लिए उत्सुक हैं।

वह जोश, दृढ़ संकल्प और साहस की मूर्ति है। एक मां की भूमिका के साथ, वह कई अन्य संघर्षरत महिलाओं के लिए प्रेरणा के रूप में उभर रही हैं। वह अपनी बेटी के सपनों को पूरा करने के लिए कई रेस्तरां स्थापित करना चाहती हैं। वह एक फाऊंडेशन भी खोलना चाहती है जहां वह अनाथ बच्चों को गोद ले सकें।

---

# अद्भुत लिटिल मास्टर

**डांस इंडिया डांस के ओजी जज रेमो डिसूजा ने डीआईडी लिटिल मास्टर्स सीजन 5 में वापसी की। टीम वीवा की रिपोर्ट**

पिछले चार सीजन में जबर्दस्त प्रतिक्रिया प्राप्त करने के बाद, कुछ असाधारण युवा नर्तकियों के लिए दर्शकों को पेश करने के बाद, चैनल डीआईडी लिटिल मास्टर्स सीजन 5 के लॉन्च के साथ शो को एक नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार है।

डांस इंडिया डांस के ओजी जज, प्रसिद्ध कोरियोग्राफर, रेमो डिसूजा, के शो में वापसी करने से दर्शकों के लिए इस सीजन में उत्साह बुलंदी पर पहुंच गया है। वह जजों के पैनल में शामिल होने वाले पहले व्यक्ति हैं और देश की कच्ची प्रतिभाओं को निखारने के लिए तैयार हैं। डिसूजा ने जहां पहली सीट पर कब्जा कर लिया है, वहीं सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि इस सीजन में अन्य जज कौन होंगे।

इस बीच, डिसूजा एक बार फिर शो को जज करने को लेकर उत्साहित हैं, क्योंकि उन्होंने कहा, ''डीआईडी लिटिल मास्टर्स न केवल हमारे देश में सबसे कम उम्र की प्रतिभाओं को अपने नृत्य कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है, बल्कि उनके कौशल को और भी निखारता है। और उन्हें प्रदर्शन करने वाले कलाकारों के रूप में विकसित होने में मदद करता है। इस शो का हिस्सा बनना सम्मान और परम खुशी की बात है क्योंकि ये छोटे बच्चे वास्तव में मुझे अंदर से प्रेरित करते हैं। मुझे याद है कि मैंने डांस इंडिया डांस सीजन 1 के साथ अपनी शुरुआत की और कई वर्षों तक इस प्रतिष्ठित शो की प्रतिभा का मेंटर रहा। अब, पांचवें सीजन के लिए वापस आना सपने जैसा है और मैं शूटिंग शुरू करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता। मैं चाहता हूं कि सभी प्रतियोगी दिल खोलकर डांस करें क्योंकि डांस के प्रति उनका जुनून ही उन्हें इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने में मदद करेगा।

डीआईडी लिटिल मास्टर्स सीजन 5 के लिए ऑडिशन जनवरी में शुरू होगा और दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चंडीगढ़, लखनऊ, जयपुर, इंदौर, गुवाहाटी, वडोदरा और पुणे में होगा। तीन से 13 वर्ष के आयु वर्ग के प्रतिभागी अद्भुत लिटिल मास्टर बनने के लिए एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करेंगे। अपनी यात्रा में, प्रत्येक प्रतियोगी को चार कप्तानों द्वारा निर्देशित किया जाएगा, जो इन युवा नृत्य सनसनी को सीखने, विकसित होने और दर्शकों को प्रभावित करने में मदद करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करेंगे।

**( अधिक जानने के लिए, जी टीवी पर डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स सीजन 5 के साथ जुड़ें रहें )**

---

# नाटक आप सभी की जरूरत

जी टीवी ने हाल ही में एक रोमांटिक ड्रामा - अगर तुम ना होते लॉन्च किया, जो नियति मिश्रा (सिमरन कौर द्वारा अभिनीत), जोकि एक युवा, मेहनती नर्स है, और अभिमन्यु पांडे (हिमांशु सोनी द्वारा अभिनीत) की प्रेम कहानी को समेटे हुए है, जो मानसिक अस्थिरता से जूझ रहा एक आकर्षक, अमीर लेकिन सामान्य रूप से साधारण व आकर्षक युवक है। एक नर्स अपने मरीज का इलाज करने के लिए किस हद तक जाती है, यह दिखाते हुए, अगर तुम ना होते दर्शकों को सीमाओं से परे प्यार करने के लिए प्रेरित करने में कामयाब रही है। जहां ऐसा लगता है कि शो ने पहले ही दर्शकों का दिल जीत लिया है, वहीं प्रशंसक अब हिमांशु को शो में एक खतरनाक स्टंट करते हुए देखेंगे।



आने वाले ट्रैक में अभिमन्यु व्यस्त बाजार में हंगामा करते हुए, नियति को सबके सामने अपमानित और शर्मिन्दा करते नजर आएंगे। दर्शकों को और अधिक आकर्षित करेगा हिमांशु द्वारा किया गया रौंगटे खड़े करने वाला स्टंट जहां वह, केवल नियति के प्रति अपना गुस्सा व्यक्त करने के लिए, अपने नंगे हाथों से एक गिलास तोड़ता हुआ दिखाई देगा। वास्तव में, पूरी कार्रवाई स्वत:स्फूर्त थी, और सिमरन को भी नहीं पता था कि हिमांशु वास्तव में कांच तोड़ने के लिए अपने हाथों का उपयोग करेगा।

नियति ने कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो मुझे यह भी नहीं पता था कि हिमांशु सचमुच जाकर अपने नंगे हाथों से शीशा तोड़ देगा। मैं उसे ऐसा करते हुए देखकर दंग रह गयी क्योंकि आमतौर पर एक प्रशिक्षित स्टंटमैन इन हरकतों को करता है न कि अभिनेता।''

---

# समझाना एक कार्य सा लगता है

इस हफ्ते, सोनी सब का जिद्दी दिल माने ना एक दिल को छू लेने वाले पल में आ गया है, जहां सिड (कुणाल करण कपूर) संजना (दिलजोत छाबड़ा) को अब तक के सबसे रोमांटिक अंदाज में डेट पर जाने के लिए कहता है। जहां संजना खुश है और डेट का इंतजार कर रही है, वहीं उसका मंगेतर कुंदन (अंगद हसीजा) गुस्से में है क्योंकि उसने उससे शादी करने से इनकार कर दिया है। उत्तेजित और आहत, वह संजना के माता-पिता को बुलाता है और उन्हें बताता है कि कैसे उनकी बेटी ने उसे और उसकी मां के विश्वास को धोखा दिया है और अंतत: उन्हें देवलाली आने के लिए मना लिया है।



संजना ने फैसला किया कि वह अपने माता-पिता को सच बताएगी और इस सगाई को तोड़ देगी। मोनामी कुंदन को संजना के बारे में पूछते हुए देखती है, वह यह जानकर चौंक जाती है कि कुंदन उसका मंगेतर है। अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर, संजना अपने माता-पिता को अकादमी के बाहर देखकर चौंक जाती है। कई बहसों के बीच, संजना के पिता उसकी और कुंदन की शादी पर अड़े हैं।

संजना मुश्किल में है। क्या वह अपने पिता की इच्छाओं के आगे झुकेगी या शादी से बाहर निकलने का साहसिक कदम उठाएगी? इस पर सिड की क्या प्रतिक्रिया होगी? जानने के लिए शो के साथ जुड़े रहें।